सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 26.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-256 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 25 फरवरी 2024
14 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# जुलाई से लागू होंगे तीन नए कानून

## मॉब लिंचिंग, नाबालिग से गैंगरेप पर मिलेगी फांसी : गृह मंत्रालय

**बदलाव**

- अंग्रेजों के कानूनों से मिलेगा छुटकारा
- तीनों नए आपराधिक न्याय विधेयकों को राष्ट्रपति ने दी थी मंजूरी

**आतंकवादी गतिविधियों से सख्ती से निपटने का कानून**

नए कानून में आतंकवादी कृत्य, जो पहले गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम जैसे खास कानूनों का हिस्सा थे, इसे अब भारतीय न्याय संहिता में शामिल किया गया है। वहीं, पॉकेटमारी जैसे छोटे संगठित अपराधों पर भी नकेल कसने का प्रावधान नए कानूनों में किया गया है। इस तरह के अपराधों के साथ-साथ संगठित अपराध से निपटने के लिए प्रावधान भी नए कानून में किए हैं।



**नई दिल्ली।** देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए एक जुलाई से तीन नए कानून लागू होंगे। ये तीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम हैं। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 सितंबर को संसद से मंजूरी मिली थी। उसके बाद 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी उन्हें मंजूरी दी थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) की ओर से तीन अधिसूचनाएं जारी की गई हैं। इनके मुताबिक नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक काल की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह लेंगे। तीनों कानूनों का मकसद विभिन्न अपराधों और उनकी सजाओं को परिभाषा देकर देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है।

**हिट एंड रन में बदलाव अभी लागू नहीं होगा**



### योगी सरकार का पुलिस भर्ती को लेकर बड़ा फैसला

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द

**आदेश**

- छह माह के अंदर होगी दोबारा परीक्षा
- सोशल मीडिया पर छायी खुशी की लहर



**लखनऊ।** यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर योगी सरकार ने शनिवार को बड़ा फैसला लिया है। बीते 17 और 18 फरवरी को आयोजित पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 को रद्द कर दिया गया है। पेपर लीक होने के बाद परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों ने विरोध प्रदर्शन किया था। वो सिपाही भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दोबारा कराए जाने की मांग उठा रहे थे। इसे लेकर बरेली मंडल के चारों जिलों में भी अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन कर अफसरों को ज्ञापन सौंपे थे। हाल में आयोजित हुए यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा को पेपर लीक होने की खबरों के बाद रद्द कर दी गई है। मुख्यमंत्री योगी के अनुसार, छह माह के अंदर ही पूर्ण शुचिता के साथ परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं की मेहनत और परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।



### तीन साल से डटे अफसर एक ही लोकसभा क्षेत्र के दूसरे जिलों में न तैनात किए जाएं

**नई दिल्ली।** चुनाव के दौरान अधिकारियों के स्थानांतरण से जुड़ी नीति में बदलाव करते हुए चुनाव आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है, कि तीन साल से डटे अफसरों का स्थानांतरण एक ही लोकसभा क्षेत्र में आने वाले दूसरे जिलों में कतई न करें। इससे न सिर्फ आयोग की भावना प्रभावित होती है, बल्कि चुनावी निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े होते है। आयोग ने इस दौरान राज्यों को हिदायत भी दी और कहा कि उनकी अधिकारियों के स्थानांतरण पर पैनी नजर है। ऐसे में इसका ठीक तरह से पालन हो। आयोग ने यह कदम तब उठाया है, जब एक ही जिले में तीन साल से जमे अधिकारियों के स्थानांतरण नीति में बड़े स्तर पर गड़बड़ियों की शिकायतें मिल रही थीं।

### राजनीतिक दलों को अपने चुनावी घोषणापत्र में वादे करने का अधिकार : राजीव कुमार

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने 24 फरवरी कहा कि मतदाताओं को राजनीतिक दलों द्वारा किए गए चुनावी आश्वासनों को पूरा करने की व्यवहार्यता के बारे में जानने का पूरा अधिकार है और यह स्पष्ट किया कि मामला हालांकि, विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को अपने चुनाव घोषणापत्रों में वादे करने का अधिकार है और मतदाताओं को यह जानने का अधिकार है कि क्या ये वास्तविक हैं और इन कार्यक्रमों को कैसे वित्त पोषित किया जा सकता है।

# मातम में बदलीं खुशियां

## श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलटी, 24 की मौत

**हादसा**

- गंगा स्नान करने जा रहे थे लोग, 30 घायल
- तालाब में ट्रैक्टर ट्रॉली गिरने के बाद कोहराम
- जेसीबी की मदद से पुलिस ने बाहर निकाले शव



**कासगंज।** मैनपुरी बदायूं हाइवे पर पटियाली क्षेत्र में दरियावगंज के पास गड़ैया की पुलिया पर शनिवार को सुबह श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली सड़क किनारे तालाब मे पलट गई। वीभत्स दुर्घटना में 24 लोगों की मौत हो गई। 30 लोग घायल हुए हैं। सभी श्रद्धालु एटा के जैथरा क्षेत्र के गांव कसा और उसके आसपास के हैं। गांव के एक बच्चे के मुंडन संस्कार के साथ ही सभी गंगा स्नान को कादरगंज जा रहे थे। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई।

**मृतक आश्रितों को मिलेंगे 6-6 लाख रुपये**

कासगंज के पटियाली में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटकर तालाब में गिरने से हुई जनहानि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने मामले में संज्ञान लेते हुए दुर्घटना में जान गंवाने वाले 24 लोगों के आश्रितों को 6-6 लाख रुपये की सहायता देने के निर्देश दिए हैं। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली में 53 लोग सवार थे। इनमें से 24 लोगों की मौत हुई है और 8 लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज चल रहा है।

### नफरत को मोहब्बत से जीतना है : राहुल

**मुरादाबाद।** कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव से पहले खुद को पुनर्जीवित करने के प्रयासों के बीच राहुल गांधी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिर से शुरू की। पदयात्रा मुरादाबाद के जामा मस्जिद चौराहे से संभल चौराहे तक शुरू हुई। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि हमें मोहब्बत से देश को जीतना है। उन्होंने कहा कि हर कोशिश ध्यान भटकाने की हो रही है। राहुल ने कहा के देश में ध्यान भटकने की साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि बहुसंख्यक की भागीदारी देश में सबसे कम है। हर बड़ी कंपनी में ओबीसी की संख्या कम है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि देश सबका, भागीदारी भी सबकी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नफरत को नफरत से नहीं मिटाया जा सकता। कांग्रेस प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि 28 लाख छात्रों ने यूपी पुलिस के लिए परीक्षा दी, लेकिन पेपर लीक हो गया।

## हल्द्वानी हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक गिरफ्तार

**मामला**

- उत्तराखंड पुलिस ने दिल्ली से पकड़ा
- आठ फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में हुआ था हिंसा



**हल्द्वानी।** हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को उत्तराखंड पुलिस ने शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। आईजी नीलेश आनंद भरणे ने अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। आठ फरवरी को बनभूलपुरा हिंसा के बाद से अब्दुल मलिक फरार चल रहा था। हल्द्वानी हिंसा के बाद पुलिस ने अब्दुल मलिक और उसकी पत्नी सहित छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला भी दर्ज किया गया था। हिंसा के बाद से पुलिस ने उसकी संपत्ति को भी कुर्क किया था। आठ फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक के बगीचे में अवैध मदरसा और धर्मस्थल ढहाने गई पुलिस और प्रशासन की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया था। पथराव में सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, रामनगर कोतवाल समेत 300 से अधिक पुलिसकर्मी और निगमकर्मी घायल हो गए। उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाना भी फूंक दिया।

# चार फीसदी बढ़ सकता है केंद्रीय कर्मियों का डीए


**तोहफा**

- महंगाई भत्ता बढ़ाने की तैयारी में सरकार
- डीए मूल वेतन का 50 प्रतिशत पहुंच जाएगा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के कर्मियों और पेंशनर को बहुत जल्द खुशखबरी मिलने वाली है। मार्च के पहले सप्ताह में सरकारी कर्मियों के महंगाई भत्ते डीए और रिटायर्ड लोगों के लिए महंगाई राहत डीआर भत्ते में चार फीसदी की बढ़ोतरी हो जाएगी।

मौजूदा समय में डीए/डीआर 46 फीसदी की दर से मिल रहा है। अगले माह तक इस भत्ते में 4 फीसदी की वृद्धि होगी। नियम है कि महंगाई भत्ते की दर, पचास फीसदी के पार होते ही सरकार को 8वें वेतन आयोग के गठन पर गंभीरता से विचार करना होगा। स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) के सदस्य और अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव सी. श्रीकुमार का कहना है, कर्मियों के डीए की मौजूदा दर 46 फीसदी है। यह दर 50 फीसदी होते ही केंद्र सरकार के समक्ष आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग रखी जाएगी। संभव है कि सरकार, लोकसभा चुनाव से पहले आठवां वेतन आयोग गठित करने की घोषणा कर दे। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के श्रम ब्यूरो द्वारा 31 जनवरी 2024 को दिसंबर 2023 के लिए अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू की रिपोर्ट जारी की गई थी।



# जिलाधिकारी ने ली सैनिक बंधु की बैठक





*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में सैनिक बंधु की बैठक आयोजित हुई। सैनिक बंधु की बैठक में भूतपूर्व सैनिकों ने समस्याएं उठाई। डीएम ने सभी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने बैठक का संचालन किया। बैठक को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मौजूद भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सभी भूतपूर्व सैनिकों का राष्ट्र सेवा में अतुलनीय एवं सम्मानजनक स्थान है। सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सैनिक हमेशा अनुशासित रहता है और सैनिक सदैव सैनिक ही रहता है। पूर्व सैनिकों उनके परिवारों व वीर नारियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाएगा। बैठक में सभी पूर्व सैनिक संतुष्ट एवं प्रसन्न नजर आए।

## डीएम ने कारगिल योद्धा कर्नल आलोक सक्सेना को किया सम्मानित

सैनिक बंधु की बैठक के दौरान कर्नल आलोक सक्सेना (सेवानिवृत) जो बांकेगंज निवासी है और कारगिल के योद्धा हैं, उन्हें डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर शॉल के साथ सम्मानित किया। मौके पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह एडीएम संजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे। अन्य कारगिल योद्धाओं को कारगिल विजय दिवस पर सम्मानित किया गया था। पर कर्नल सक्सेना तब निजी कारणों से उपस्थित नहीं हो सके।

## जनप्रतिनिधियों ने वन स्टाफ सेंटर का किया भ्रमण



**लखीमपुर खीरी।** महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद मुख्यालय पर संचालित वन स्टाप सेन्टर पर शुक्रवार को नपाप अध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव, शनिवार को लखीमपुर क्षेत्र पंचायत की प्रमुख श्रीमती दिव्या सिंह वन स्टाफ सेंटर पहुंची, जहां उन्होंने वन स्टाफ केंद्र परिसर का भ्रमण कर वर्किंग एवं कार्यप्रणाली जानी।इस दौरान डीपीओ संजय कुमार निगम ने जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत, अभिनंदन किया। उन्होंने अधीनस्थ स्टाफ संग दोनो जनप्रतिनिधियों को वन स्टाप सेन्टर पर आने वाली पीड़ित महिलाओं, बालिकाओं को आवश्यकतानुसार वन स्टाप सेन्टर द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं, सुविधाओं की जानकारी देते हुए इसकी पूरी वर्किंग और कार्य प्रणाली समझाई। उन्होंने बताया कि वन स्टाफ सेंटर में घरेलू हिंसा, दहेज से पीड़ित, बाल विवाह आदि समस्याओं से पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा, सहायता एवं परामर्श विधिक सहायता, पुलिस सहायता आदि 24 घंटे उपलब्ध रहती है। पांच दिवस का अस्थाई रहने की व्यवस्था है।डीपीओ ने बताया कि अधिक से अधिक जन सामान्य को वन स्टाप सेन्टर की जानकारी सुलभ कराने, अधिक संख्या में संकटग्रस्त महिलाओं को वन स्टाप सेन्टर से प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का लाभ प्रदान किए जाने के उद्देश्य से जिले में संचालित वन स्टाफ केंद्र संचालित है। इस दौरान उन्होंने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित विभिन्न महिला परक योजनाओं की जानकारी दी।

## निगम ने सवा करोड़ की भूमि कब्जा मुक्त करायी

**सहारनपुर।** नगर निगम की टीम ने आज मानकमऊ क्षेत्र में कब्जा की गयी एक जोहड़ की जमीन को कब्जा मुक्त कराकर उस भूमि पर निगम सम्पत्ति होने का बोर्ड लगा दिया है। कब्जा मुक्त करायी गयी भूमि का बाजार मूल्य सवा करोड़ रुपये से अधिक बताया जा रहा है।

अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम मानकमऊ में जोहड़ की जमीन खसरा संख्या 295/2 रकबई 0.143 है. के 668.43 वर्ग मीटर पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर तालाब की भूमि में भराव कर नींव भरवा दी गयी थी। इसकी शिकायत मिलने पर जांच में पाया गया कि तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि नगरायुक्त के आदेश पर आज नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता उक्त स्थल पर पहुंचा और अवैध कब्जा कर बनायी गयी दीवार को जेसीबी से ध्वस्त कर भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया।

कब्जामुक्त करायी गयी भूमि पर नगर निगम की सम्पत्ति होने का बोर्ड भी लगा दिया गया है।

## 12 घरों के छप्पर जलकर हुए खाक



**लखीमपुर खीरी।** ग्राम खरवैया में छप्पर के मकानों में आग लगी थी जिसमें 12 घरों के छप्पर जलकर खाक हुए ,एफ एस यूनिट द्वारा पंपिंग करके आग को पूर्ण रूप से बुझाया और पानी समाप्त होने पर खुले डीजल पंप से पानी को भरकर लगातार पंपिंग करके अथक प्रयास से आग को बुझाया गया।

## वाँछित 05 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना मैगलगंज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 43/2024 धारा 2(बी) 17/3 गैंगेस्टर एक्ट थाना मैगलगंज खीरी मे वाँछित 05 नफर अभियुक्तों एहसान कुरैशी पुत्र समीम कुरैशी उम्र 22 वर्ष नि0ग्राम औरंगाबाद थाना मैगलगंज .गुफरान पुत्र नन्हे उम्र 28 वर्ष नि0ग्राम औरंगाबाद थाना मैगलगंज मो0यासीन उर्फ अल्लू पुत्र हमीद उम्र 36 वर्ष नि0ग्राम औरंगाबद थाना मैगलगंज इरशाद पुत्र सफी उम्र 38 वर्ष नि0 कस्बा बरबर थाना पसगंवा सबील पुत्र बसीर उम्र 32 वर्ष नि0 कस्बा बरबर थाना पसगंवा गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया।

## देर रात ससुराल से अपने घर वापस लौट रहे मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के इन्हौना रोड पर महर्षि बाबा ओरीदास मंदिर के सामने बीती देर रात ससुराल से अपने घर वापस लौट रहे एक मोटरसाइकिल सवार की बाइक अनियंत्रित होकर सामने जा रहे दो साइकिल सवारों से टकरा गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी महराजगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बाइक सवार की स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रमोद कुमार मौर्या (32) निवासी कैड़ावा गुरुवार को अपनी ससुराल बावन बुजुर्ग बल्ला गया हुआ था। शुक्रवार की देर रात वह अपने घर कैड़ावा वापस लौट रहा था। बताते हैं कि, जैसे ही वह महर्षि बाबा ओरीदास मंदिर के सामने से निकला उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सामने जा रहे दो साइकिल सवारों से टकरा गई। जिससे दोनों साइकिल सवारों समेत बाइक सवार सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों चोटहिलो को सीएचसी महराजगंज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मोटरसाइकिल सवार प्रमोद कुमार मौर्य की स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि अन्य दो साइकिल सवारों की स्थिति को संतोषजनक देखते हुए इलाज के बाद उन्हें घर जाने दिया।

# सड़क से बुग्गी हटाने को लेकर चले लाठी, डंडे, एक घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी क्षेत्रान्तर्गत सड़क दुधली मे बुग्गी हटाने को लेकर कुछ दबंग लोगों ने लाठी, डंडों से मारपीट कर एक युवक को घायल कर दिया, जिसका वीडियो वायरल होने पर पुलिस हरकत में आयी और घायल युवक को जिला अस्पताल भर्ती कराया तथा आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।

थाना जनकपुरी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सड़क दूधली में गोबर से भरी बुग्गी हटाने को लेकर कहासुनी हो गयी, जिसमें दबंग प्रवृत्ति के एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर बुग्गी हटाने की बात कहने वाले युवक के साथ जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। जिसका ग्रामीणों द्वारा वीडियो बना लिया गया और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर थाना जनकपुरी पुलिस हरकत में आयी और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। युवक के भाई ने मीडिया से बताया कि मौहल्ले के युवक अहमद पुत्र अलताफ निवासी ग्राम सडक दूधली रास्ते में अपनी गोबर की बुग्गी खड़ी करता है, जिससे आने जाने में राहगीरों को परेशानी होती है, जिस पर उसके भाई शहजाद ने अहमद बासित को रास्ते से बुग्गी हटाने को कहा, जिससे वह उत्तेजित हेकर अहमद बासित ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके भाई शहजाद पर घर में घुसकर लाठी, डंडों से हमला कर जमकर हंगामा काटा और उसके साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायलल कर दिया। घायल के परिजनों ने घटना की जानकारी थाना जनकपुरी पुलिस को दी और वीडियो को भी सोशल मीडिया पर वायरल किया।

## गृह क्लेश के चलते व्यक्ति ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

**सरसावा।** अम्बाला रोड़ स्थित वीर सेवा मन्दिर निवासी 45 वर्षीय दीपक जैन पुत्र सुनील जैन का शनिवार को सुबह कमरे में छत से लटका शव मिला। जिसकी खबर लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतर कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

वीर सेवा मंदिर निवासी दीपक जैन का अपनी पत्नी से काफी लंबे समय से विवाद चल रहा था। जिसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। शुक्रवार की बीती रात उसने गृह क्लेश के चलते वीर सेवा मंदिर में बने कमरे में रस्सी का फंदा बनाकर लटक कर आत्महत्या कर ली। शनिवार की सुबह 10 बजे करीब वहां लोगों को जब वह अपने कमरे में दिखाई नहीं दिया तो उन्होंने वीर सेवा मंदिर के कमरे को खोलकर देखा जहां उसका शव लटका मिला। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# धूमधाम से मनायी गयी संत शिरोमणि गुरू रविदास की जयंती

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** संत शिरोमणि गुरू रविदास महाराज की जयंती आज हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया और भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गयी। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन कैमरे से जगह-जगह निकाली गयी शोभा यात्राओं की पुलिस द्वारा निगरानी की गयी। आज कोरी माजरा से संत रविदास मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पार्षद राजेन्द्र, मण्डल अध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ने फीता काट हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर संत रविदास के जीवन से जुड़ी झांकियां प्रस्तुत की गयी। शोभा यात्रा कोरी माजरा से आरंभ हुयी, जो विभिन्न मार्गो से होती हुयी पुनः मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में रविदास के रूप में सचिन, राणा के रूप मे जितेन्द्र, रानी के रूप मे खुशी, पंडित के रूप में गौरव शामिल रहे। शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया और प्रसाद का वितरण भी किया गया। इससे पूर्व मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद राजेन्द्र व मण्डल अध्यक्ष जोगेन्द्र कुमार ने कहा कि हमें संत रविदास के आदर्शो व उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। छूआछूत और भेदभाव को समाप्त कर समाज में एक समानता लानी चाहिए। शोभा यात्रा के दृष्टिगत कड़े सुरक्षा बन्दोबस्त किए गए थे। इसके अलावा गढ़ी मलूक नं. 1 से भी संत रविदास जयंती के उपलक्ष में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा के मद्देनजर कड़े सुरक्षा बन्दोबस्त किए गए थे। शोभा यात्रा गढ़ी मलूक नं. 1 से आरंभ हुयी, जो विभिन्न मार्गो से होती पुनः गढ़ी मलूक पहुंची। शोभा यात्रा में संत रविदास के जीवन पर आधारित झाकियां दर्शायी गयी थी, जो सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी हुयी थी। इस दौरान नगर के प्रमुख बैण्ड धार्मिक धुने बजाकर वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। उधर, ग्राम फतेहपुर ब्लॉक सढौली कदीम में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय नारी शक्ति फाउंडेशन के संस्थापक एवं संरक्षक अरविंद मौर्य, विशिष्ट अतिथि प्रबंधक संत शिरोमणि सतगुरु रविदास अमर ज्योति आश्रम हथिनी कुंड बैराज के महात्मा श्रद्धा दास, ग्राम प्रधान पारस कुमार राणा, पूर्व प्रधान चौधरी नौशाद, एसएचओ ज्ञानेश्वर बौद्ध, यशपाल सिंह, सत्येंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, सोम सिंह, रणबीर कुमार, श्यामलाल, सोनपाल, मोनू कुमार प्रवेश कुमार, रमेश कश्यप, रोहित कुमार, कमरपाल, सुशील कुमार, मोनू कुमार, सतपाल समेत मंदिर कमेटी फतेहपुर ग्रामवासी आदि मौजूद रहे।

# मण्डल के प्रत्येक केन्द्र पर आयोजित होगी युवा चौपालः पुनीत

**सहारनपुर।** भाजपा महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने कहा कि युवा शक्ति को प्रोत्साहित किए जाने के लिए युवा चौपाल का आयोजन किया जायेगा और मण्डल के प्रत्येक शक्ति केन्द्र पर युवा चौपाल होगी।

आज दिल्ली रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए युवा शक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार युवा चौपाल आयोजित की जायेगी, जिससे युवा वर्ग को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व सरकार द्वारा कराये जा रहे जनहित के कार्यो की जानकारी दी जा सकें और वह आम जनता तक इस जानकारी को पहुंचा सकें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यो पर लड़ा जायेगा, जिसके लिए रूपरेखा तैयार की गयी है।

## व्यापारियों ने संत रविदास महाराज की शोभा यात्रा का किया स्वागत

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल महानगर इकाई व सोहराब व्यापार मण्डल द्वारा संयुक्त रूप से भगत सिंह मार्ग पर संत शिरोमणी रविदास महाराज के 645 वां जन्मोत्सव के उपलक्ष में निकली शोभायात्रा में स्टाल लगाकर प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष विवेक मनोचा ने कहा कि संत शिरोमणी रविदास महाराज ने समाज में जातपात का घोर खंडन किया और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया व उनके जीवन मूल्यों से आज की युवा पीढ़ी का अपने निजी जीवन में भी अपनाना चाहिए। इस अवसर पर सूरज प्रकाश ठक्कर, मदन लाम्बा, त्रिषिराज ढिंगरा, सुधीर मिगलानी, पुरुषोत्तम सिंह दुआ, अनुभव शर्मा, मनोज बर्मन, रमीज सिद्दकी, श्याम सुन्दर प्रधान, सुरेश कुमार, अभिमन्यु, नरेश, प्रदीप, राजकुमार, राकेश, महेन्द्र, मुकेश, अमन, दीपक, सत्यपाल, केशव, रवि, इन्द्र, आदि व्यापारी ने प्रसाद का वितरण किया।

## रायवाला स्थित निगम के उपवन का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने शनिवार दोपहर निगम परिसर स्थित जोनल ऑफिस, मातागढ़ स्थित एमआरएफ सेंटर, म्युनिसिपिल कॉलोनी स्थित स्मार्ट पार्क व निगम के रायवाला उपवन का निरीक्षण किया और उनके सम्बंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

नगरायुक्त संजय चौहान ने आज दोपहर अपर नगरायुक्त राजेश यादव व स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ निगम परिसर स्थित जोनल ऑफिस का निरीक्षण किया। उन्होंने नक्शे पर ले आऊट प्लान देखा और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए एक माह में कार्य पूरा करने को कहा। कार पार्किंग शेड के स्थान पर उन्होंने मल्टीलेवल कार पार्किंग का भी सुझाव दिया। इस दौरान स्मार्ट सिटी के अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम, डीजीएम सिविल दिनेश सिंघल, परियोजना प्रबंधक जितेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

इसके बाद नगरायुक्त ने मातागढ़ स्थित एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कचरा पृथक्करण की जानकारी लेते हुए उन क्षेत्रों में भी डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन पर जोर दिया जिन क्षेत्रों में अभी पूरी तरह डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन नहीं हो रहा है। नगरायुक्त ने निर्देश दिए कि एमआरएफ सेंटर पर पृथक्करण के लिए सूखा कचरा ही लाया जाए।

## प्रज्ञान स्थली स्कूल की आरनया छाबड़ा ने किया नाम रोशन

**सहारनपुर।** प्रज्ञान स्थली स्कूल की आरनया छाबड़ा ने अपनी प्रतिभा के बल पर स्कूल समेत जनपद का नाम रोशन किया। प्रज्ञान स्थली स्कूल की कक्षा चार की छात्रा आरनया छाबड़ा ने तीव्र बुद्धि प्रशिक्षण में सुपर टेलेंटेड गर्ल का खिताब जीता। इंटरनेशनल बुक ऑफ़ रिकॉर्ड के माध्यम से कुछ मापदंड जैसे बच्चा कितनी बातों को याद रख सकता है, जिसमें आरनया छाबड़ा ने व्यक्तियों के नाम, पते व मोबाइल नंबर को सीधे क्रम व उल्टे क्रम में याद रख तुरंत ही उसकी प्रस्तुति दी। जिसमें आरनया छाबड़ा को सुपर टैलेंटेड गर्ल का खिताब मिला। प्रज्ञानस्थली के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य परितोष कालड़ा के माध्यम से आरनया छाबड़ा को मेडल व सर्टिफिक्रेट के माध्यम से सम्मानित किया गया। ब्रेन पावर जोन के डायरेक्टर अमित छाबड़ा ने बताया कि हमने प्रज्ञानस्थली स्कूल में उत्तर प्रदेश की पहली ब्रेन साइंस लैब को लगाया।

# रायबरेली एम्स का वर्चुअल लोकार्पण प्रधानमंत्री के द्वारा आज

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** देश के जिन पांच एम्स का पीएम मोदी 25 फरवरी को लोकार्पण करेंगे उनमें से एक रायबरेली एम्स भी है। रायबरेली एम्स की नींव रखी गई थी कांग्रेस सरकार में और परवान चढ़ा मोदी सरकार में। वर्ष 2007 में इसे केंद्र की यूपीए सरकार से मंजूरी मिली थी लेकिन राज्य की सरकार कई साल तक ज़मीन ही नहीं उपलब्ध करा पाई। वर्ष 2012 में शहर की सीमा पर स्थित मुंशीगंज चीनी मिल की ज़मीन एम्स के लिए उपलब्ध कराई गई जिस पर आठ अक्टूबर 2013 को यहाँ की सांसद सोनिया गाँधी ने भूमि पूजन किया था। वर्ष 2009 में केंद्र से नौ सौ करोड़ की मंजूरी भी मिल चुकी थी जिसकी पहली किस्त से बिल्डिंग का काम चल रहा था तभी 2014 में मोदी सरकार आ गई। मोदी सरकार आने के बाद यहाँ एक बार फिर काम ने गति पकड़ी और 13 अगस्त 2018 से ओपीडी शुरू हो गई। काम लगातार जारी रहा और नौ जुलाई 2021 से यहाँ तीन सौ बेड का अस्पताल शुरू हो गया। इसी साल से यहाँ एमबीबीएस के लिए सौ सीटों का भी आवंटन हो गया। वर्तमान समय में एम्स रायबरेली 710 बेड के अस्पताल, अपातकालीन सेवा, एनआईसीयू एमआरयू से लैस है। बीते जनवरी माह से यहाँ नौ ऑपरेशन थिएटर के साथ ही इमरजेन्सी बेड बढ़ाई गई हैं। मौजूदा समय में यहाँ कैंसर, हृदय रोग, न्यूरो सर्जरी व किडनी का इलाज विशेषज्ञता के साथ आम लोगों को मिल रहा है। माना जा रहा है पीएम मोदी इस संस्थान का जब आगामी 25 फरवरी को लोकार्पण कर देंगे उसके बाद इसके और अधिक विकसित होने की उम्मीद बढ़ जायेगी। आगामी पच्चीस फरवरी को इसके लोकार्पण के दौरान ही 100 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक भी शुरू हो जायेगा। इसके शुरू होने से गंभीर बीमारी वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। फिलहाल यहाँ 24 घंटे इमरजेन्सी के साथ ही 29 विभागों की ओपीडी मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है।




## संत रविदास के विचार प्रेरणादायक : सुनील कुमार

**महाराजगंज रायबरेली।** अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज में समाज सुधारक संत रविदास जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।इस अवसर पर अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज के कार्यकारी प्रबंधन सुनील कुमार ने संत रविदास जी के गुणों पर प्रकाश डालते हुए उनकी सामाजिक एवं निश्छल विचारधारा (मन चंगा तो कठौती में गंगा) से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय में आयोजित हुए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं माता जी के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें समस्त विजेता प्रतिभागियों एवं टीमों को पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाकर उत्साह वर्धन किया गया इस अवसर पर डॉ बी आर अंबेडकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एस0डी0 कनौजिया, राधे श्याम मौर्य तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रामकुमार गौड़, असिस्टेंट प्रोफेसर हरगोविंद पटेल, डॉ0 सहदेव प्रसाद, असिस्टेंट प्रोफेसर दीपक कुमार निर्मल, पूजा यादव, अमरेश मौर्य, एवं सर्वेश कुमार मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# संत रविदास का जीवन कर्मयोग का आदर्श उदाहरणः कीर्तिवर्धन

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** गोंडा भाजपा सांसद कीर्तीवर्धन सिंह ने नवाबगंज के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया।संतसुंदर दास तिराहे पास कटरा




कुटी धाम पर माघी पूर्णिमा के पावन अवसर आयोजित संत रविदास की 647वीं जंयती समारोह धूमधाम से मनाई गई ! कार्यक्रम का शुभारंभ संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह विशिष्ट अतिथि मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री ने संयुक्त रूप से किया। गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास सदैव अंधविश्वास ,पाखंड ,छुआछूत सामाजिक कुरीतियों नशाखोरी तथा मांसाहारी का विरोध किया, संत रविदास का जीवन कर्म योग का आदर्श उदाहरण है मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री ने कहा कि संत रविदास का मानना था कि मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है यह बात रविदास ने अपने कार्य एवं व्यवहार से प्रमाणित भी की थी। श्री शास्त्री ने कहा कि सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध रविदास का जीवन हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है !कटरा कुटी धाम के महंत स्वामी चिन्मयानंद महाराज ने कहा कि संत रविदास सामाजिक क्रांति के सच्चे अग्रदूत थे सामाजिक समरसता व लोक जीवन के लिए संत रविदास हमारे लिए आदर्श है। वही उमारिया गांव में गोंडा भाजपा सांसद कीर्तीवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने पीएचसी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता अंकित सिंह ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम मे गांव प्रधान व स्थानीय जिला पंचायत सदस्य को बुलावा नही दिया गया है जबकि प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक सिंह ने बताया कि गांव मे पीएचसी बनने के पहले बेशकीमती जमीन उपलब्ध कराया गया था पर उद्घाटन पर कोई बुलावा नही है और स्थानीय लोगों को भी नही बुलाया गया था। इन कार्यक्रमों मे मनकापुर भाजपा विधायक रमापति शास्त्री के प्रतिनिधि वेदप्रकाश, जनार्दन प्रसाद तिवारी , विनोद कुमार गुप्ता, दिवाकर मौर्य ,डॉ अरुण सिंह, दीपा तिवारी,बाबूलाल शास्त्री, कमलेश पांडेय सौरभ दुबे आनंद पांडेय डॉक्टर कुमार, राम गोपाल सिंह, पं परशुराम शर्मा, संदीप गुप्ता, प्रधानाचार्य संतोष पांडे, विनोद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पिकप चालक समेत चार लोग घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**वजीरगंज गोंडा।** शनिवार सुबह कस्बे के निकट अयोध्या-गोण्डा राजमार्ग पर एक स्विफ्ट डिजायर पिकप से भिड़ कर पलट गई जिसमें पिकप चालक समेत चार लोग घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सभी लोगों को सीएसी भेज दिया।जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह समय लगभग 8 बजे वजीरगंज कस्बे से सटे श्री दयानंद आर्य वैदिक इंटर कॉलेज के पास गोंडा-अयोध्या हाईवे पर एक मैजिक पिकप व स्विफ्ट डिजायर कार में टक्कर हो गई,जिससे कार पलट गई। इस हादसे में अयोध्या के अशर्फी भवन चौराहा निवासी मैजिक चालक प्रमोद कुमार पुत्र रामशरण मांझी व कंधरापुर राजघाट निवासी महेश कुमार पुत्र लाल चंद्र मांझी तथा स्विफ्ट डिजायर चालक नवाबगंज के पंडित पुरवा निवासी मनोज यादव पुत्र फूलचंद व सूरज यादव पुत्र हरिश्चंद्र यादव घायल हो गये।जिन्हें प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है।

# बंडे को हराकर क्वाटरफाइनल में पहुंची कृष्णपुर ताला

## शिवम के 98 की विस्फोटक बल्लेबाजी के आगे नतमस्तक दिखे बंडे के खिलाड़ी




*अवधनामा संवाददाता*

**सतांव, रायबरेली।** कोंसा ग्राम सभा के कालीबक्स का पुरवा मठापार्क मैदान में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को लीग मैच खेला गया इसमें कृष्णपुर ताला ने बंडे को हराकर क्वाटर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया।इससे पहले कृष्णपुर ताला की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।पहले बल्लेबाजी करते हुए बंडे ने निर्धारित 12ओवर में सात विकेट खोकर 135 रन का लक्ष्य कृष्णपुर ताला टीम को दिया।बंडे की तरफ से महेंद्र ने 25 गेंदों में 56 रनो की विस्फोटक पारी खेली।लक्ष्य का पीछा करने उतरी कृष्णपुर ताला की टीम की शुरुवात अच्छी रही।शुरुवात तीन ओवर में 33 रन के स्कोर पर कृष्णपुर ताला के दो बल्लेबाज ब्रजेश,और मो.सुहैल पवेलियन लौट गए,लेकिन तीसरे विकेट के लिए शिवम और नरेंद्र सिंह ने 126 रनो की साझेदारी कर कृष्णपुर ताला को जीत का स्वाद चखा दिया।कृष्णपुर ताला की तरफ से शिवम ने 46 गेंदों में 98और नरेंद्र ने 22गेंदों में 28रनो की विस्फोटक पारी खेली और 136 रन का पहाड़ सा स्कोर चेस कर कृष्णपुर ताला को मैच जिता दिया।शिवम के बेहतरीन प्रदर्शन से टीम कैप्टन कृष्णपुर ताला सोनू मिश्रा ने 500 रूपए का पुरस्कार प्रदान किया। शिवम और नरेंद्र सिंह की विस्फोटक बल्लेबाजी से टीम में काफी उत्साह देखने को मिला कृष्णपुर ताला कैप्टन सोनू मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और आगे आने वाले मैच में अच्छा प्रदर्शन करने को कहा।

## समाजवादी पीडीए जन पंचायत चौपाल का आयोजन



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर क्षेत्र के नरकटहा निराला नगर में समाजवादी पीडीए जन पंचायत चौपाल का आयोजन शनिवार को पूर्व नपा अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश पटवारी के नेतृत्व में संपन्न हुई। जन पंचायत को संबोधित करते हुए मोहम्मद इदरीश पटवारी ने कहा की 2024 का लोकसभा चुनाव सरकार बनाने का नहीं बल्कि देश और संविधान को बचाने का चुनाव है और इंडिया गठबंधन समाजवादी पी डी ए ही इस जन विरोधी भाजपा को उखाड़ फेंकने का काम करेगा। कार्यक्रम को वरिष्ठ सपा नेता कृष्ण कुमार तिवारी, समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य अनुराग श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष कपिल देव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन असद खान ने किया। इस अवसर पर रिजवान खान शब्बू, बुधीराम, अरुण कुमार गुप्ता, गणेश दत्त, मनोज कुमार, ध्रुव चंद्र, करीम राईनी, के0सी0 त्रिपाठी, मुन्ना पांडे, सन्नू, गुड्डू, छोटे मास्टर, शफीकुर्रहमान छोटू, दिल्लू, आलिम खान, अभिषेक आदि उपस्थित थे।

## नगर पालिका परिषद जालौन का डीएम ने किया निरीक्षण



**जालौन अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा राजेश पाण्डेय ने नगर पालिका परिषद का वार्षिक निरीक्षण किया और खामियां मिलने पर शीघ्र दुरस्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी डॉ राजेश कुमार पांडे ने नगर पालिका में आकर वार्षिक निरीक्षण किया जहां पर उन्होंने सभी पटलों का बिंदुवार निरीक्षण किया ।जिसमें उन्होंने निर्माण कार्य, जन्म मृत्यु, हाउस टैक्स, समेत सभी पटल देखें जहां पर कुछ खामियां मिलने पर शीघ्र ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी पालिका में जनता की शिकायत आये, उसका एक सप्ताह के अंदर निस्तारण किया जाए। साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए जिसमें लोगों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो सके। वार्षिक निरीक्षण से वह संतुष्ट हैं और जो भी कमियां हैं उनको शीघ्र पूरी करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा मित्तल, प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, ईओ सीमा सिंह, सफाई निरीक्षक देवेंद्र सिंह, अनिल कुमार, कमलेश कुमार समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## दो दर्जन लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सामाजिक सम्मेलन में आज दो दर्जन लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी गरीबों के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं युवाओं के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, इसी कारण देश निरंतर विकास कर रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि रामराजा निरंजन ने कहा भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा है द्य भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरज बाथम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के मान सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाएगा द्य कार्यकर्ता के दुख में पूरी पार्टी सदैव साथ खड़ी है। प्रमुख रूप से शिव शंकर प्रजापति मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा जालौन, पुनीत मित्तल संजय राठौर, संदीप साहू, आयुष श्रीवास्तव, अजितेश बाथम, मलखान, ललित सभासद ,रवि कुशवाहा सभासद, भाजपा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मोहम्मद तबरेज, सत्येंद्र गुर्जर, लव पाल, सोहेल अख्तर, शिवांग गुप्ता ,आर्यन गुर्जर ,उदय गुर्जर इमरान खान नीरज पाल शिवम, दीपक, वैभव गुर्जर, सोनू पाराशर, सौरव शाहरुख, अनुज शुक्ला, सागर कुशवाहा, ताहिर अख्तर, राजू खान ,दीपक सहित लगभग दो दर्जन लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरज बाथम एवं मंडल अध्यक्ष शिव शंकर प्रजापति की अगुवाई में ग्रहण की।

## नि:शुल्क हृदय चिकित्सा शिविर का आयोजन आज



**लखनऊ। अवधनामा संवाददाता।** निःशुल्क हृदय चिकित्सा शिविर का आयोजन विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में 25 फ़रवरी, 2024 को प्रातः 09:30 बजे से अपराह्न 03 बजे तक लखनऊ व आस-पास के जरूरतमंद आम जनता के लिए निःशुल्क हृदय चिकित्सा शिविर का आयोजन ओ0पी0डी0 कक्ष संख्या 02 में विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में किया जा रहा हैं। शिविर में जाने माने हृदय चिकित्सक डॉ0 सैयद इमरान हुसैन, डी.एन.बी. (जनरल मेडिसिन), डी.एम. (कार्डियोलॉजी), हृदय शल्य चिकित्सक डॉ0 अरविनद कुमार वर्मा, एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. कर्डियो वेसकुलर थोरेसिक सर्जन एवं पैरामेडिकल कर्मियों द्वारा शिविर में भाग लेने वाले सम्भावित रोगियों का निःशुल्क परीक्षण व परामर्श प्रदान करेंगे। शिविर के दौरान लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए निःशुल्क हृदय परामर्श के साथ-साथ निःशुल्क जाँच जैसे ई.सी.जी., रेन्डम ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल, टी.एम.टी. और 2डी इको इत्यादि (जरूरत के अनुसार) निःशुल्क प्रदान की जाएगी। यह जानकारी संस्थान के सचिव स्वामी मुक्ति नाथद्यनंद ने आज यहां दी।

## खाई में युवक का शव मिलने से सनसनी, छानबीन में जुटी पुलिस

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के बहेरिया गांव के पास खाई में पानी डूबा एक व्यक्ति का लाश मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान गोंडा जिले के मनकापुर थानांतर्गत अंगनीपुरवा गांव निवासी दिनेश यादव (20) पुत्र रामनाथ के रूप में हुई है।

बहेरिया गांव में राजकीय नलकूप का निर्माण के दौरान ट्रायल किया जा रहा। पिछले दो दिनों से मशीन के साथ दिनेश निर्माणाधीन नलकूप के पास अकेले रह रहा था। शुक्रवार की शाम संबंधित ठेकेदार व एक अन्य मजदूर भी वहां आये। ठेकेदार ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब नौ बजे वह बहेरिया पहुंचा, जहां नलकूप का काम चल रहा था। सामान व कपड़े आदि सब थे लेकिन दिनेश मौजूद नही था। संपर्क करने की कोशिश किया, लेकिन मोबाइल बंद बता रहा था। अंदाजा लगा कि शायद घर चला गया। सुबह जब बगल में कुछ दूरी पर लाश मिलने की सूचना मिली। देखा गया तो वह दिनेश की थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। जिस पर थानाध्यक्ष मुकेश राय मय हमराही घटना स्थल पर पहुंचे।

### गुमशुदा की तलाश



शैलेंद्र कुमार कल रात 8:00 बजे से प्रीति नगर से गायब हो गए है, शैलेंद्र कुमार बोल नहीं पाता है। आप सभी को कही भी दिखे प्लीज 8090851861, 9044536747 नंबर पर संपर्क करें।

# स्वयं सहायता समूहो से महिलाओं को मिली नई पहचानः भानु प्रताप वर्मा

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** स्वयं सहायता समूहों ने न सिर्फ महिलाओं को एक अलग पहचान दी है, बल्कि उन्हें आर्थिक स्वावलंबी बनाकर परिवार में

**अनुरागिनी संस्था द्वारा आयोजित नाबार्ड बसंत मेले का समापन**

भी सहभागिता करने का अवसर प्रदान किया। यह बात टाउन हॉल उरई परिसर में नाबार्ड व अनुरागिनी संस्था के सहयोग से चल रहे तीन दिवसीय मेले के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं की मेहनत का ही फल है कि महिला समूह के उत्पादो को लोग अब धीरे-धीरे पसंद कर रहे हैं। अनुरागिनी संस्था द्वारा लगातार महिला समूह के उत्पादों के लिए विभिन्न मंचों पर मार्केट उपलब्ध कराने का लगातार प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे पुलिस अधीक्षक ईराज राजा ने कहा कि पुलिस लाइन में स्वयं सहायता समूह की बहनें सामान की आपूर्ति करेंगी। यह स्वयं सहायता समूहों की ही देन है कि महिलाएं घर पर रहकर उत्पादों को बेहतर तरीके से निर्मित कर रही है। समापन समारोह में मुख्य विकास अधिकारी जालौन भीम उपाध्याय ने कहा कि केंद्र एवम् प्रदेश सरकार स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण के लिए बहुत प्रयास कर रही है। अभी हाल ही में नए बजट में समूह के उत्थान के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि के निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि नाबार्ड बसंत मेले में स्थानीय लोगो ने बढ़ चढ़कर स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीददारी की। जिससे महिलाओ में उत्साह है। उप जिलाधिकारी आरती साहू, उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन दिनेश कुमार यादव ने स्वय सहायता समूहों के सदस्यो को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिला विकास प्रबधक नाबार्ड पारितोष कुमार ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए नाबार्ड द्वारा संचालित योजाओ की जानकारी दी। इस अवसर पर नगर पंचायत कोटरा के अध्यक्ष सियाशरण व्यास, जिला सहकारी विकास फैडरेशन लि जालौन के निदेशक अवध किशोर शर्मा, नगर पालिका परिषद उरई के पूर्व अध्यक्ष अनिल बहुगुणा, जिला सहकारी बैंक लि जालौन के निदेशक अभिमन्यु सिंह जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान, प्रेरणा झा जी उपस्थित रहे।

## बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी और जेवरात किए पार

**लखनऊ।** दुबग्गा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंद घरों को अपना निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर चोरों ने हजारों की नगदी और कीमती जेवरात ले कर रफू चक्कर हो गए। पीड़ित संतोष कुमार मौर्य के अनुसार बीते शुक्रवार को अपने रिस्ते दार के घर शादी मे गए हुए थे। जहाँ चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए ताला काट कर घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़ कर घर मे रखे हुए लगभग पचास हज़ार रुपए। और घर मे रखे कीमती गहने लेकर फरार हो गए। वहीं इसी गांव के बगल में रहने वाले रंजीत के घर में भी चोरों मकान का ताला तोड़ा कुछ न मिलने से चोर मौके से भाग निकले। वहीं शनिवार सुबह पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे परिजनों देखा कि घर में सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा हुआ है घर में रखे नकदी सहित जेवरात गायब थी जिसकी सूचना मैंने पुलिस को दी।

## भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान चला

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क और संवाद करने का कार्यक्रम व्यापक रूप से चलाया जा रहा है।

अभियान के इस क्रम में भाटपार के भिंगारी बाजार के जय बहादुर शाही महाविद्यालय के प्रांगण में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने लाभार्थी संपर्क अभियान के दौरान छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन और टैबलेट वितरित किया तथा उपस्थित लाभार्थियों से संवाद भी किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन और टैबलेट वितरित कर उनकी प्रतिभा का सम्मान करने का कार्य किया जा रहा है । देश और प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के लिए घर बैठे ही सारी सामग्री इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त हो सके इसके लिए सरकार हर प्रतिभाशाली छात्रों को स्मार्ट फोन उपलब्ध करा रही है । सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाओं से देश और प्रदेश की जनता लाभान्वित हो रही है । विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं को पहुंचाया जा सके। इस दौरान कार्यक्रम को भाजपा नेता राजकुमार शाही, अमित सिंह बबलू ने भी संबोधित किया। इसी क्रम में क्षेत्र के भलुअनी के ब्लाक सभागार में लाभार्थी संपर्क अभियान प्रशिक्षण कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता प्रत्येक घरों के लाभार्थियों से संपर्क करे।

## आईटीएस डेन्टल कॉलेज में राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजी दिवस मनाया गया



**मुरादनगर रामकिशोर अवस्थी।** आईटीएस डेन्टल कॉलेज, मुरादनगर, गाजियाबाद के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजी एंड माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा दिनांक 24 फरवरी, 2024 को राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान की डेन्टल ओपीडी में आने वाले सभी मरीजों को मौखिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया जिससे उन्हें अपने दांतों को स्वस्थ रखने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से मरीज अपने मुँह की देखभाल करने के तरीकों के बारे में अधिक जान सकें। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के बीडीएस एवं एमडीएस के विद्यार्थियों के लिये विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी जिसमे हेमटोक्सिलिन और इओसिन पेंसिल, रंगोली प्रतियोगिता, सोप कार्विंग प्रतियोगिता, व क्विज प्रतियोगिता शामिल थी। इसके साथ ही एमडीएस छात्रों के लिए ''मौखिक रोग संबंधी घावों की पहचान'' पर आधारित एक प्रश्नावली आयोजित की गयी। जहां छात्रों ने सिर और गर्दन पर सामान्य रूप से सामने आने वाले विकृति के विभिन्न निदान को अलग करने की कला सीखी। इसके अलावा बीडीएस तृतीय वर्ष के छात्रों के लिये एक ''सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विभिन्न मौखिक घावों के रोगजनन को प्रदर्शित करना था। अंत मे विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कार में बंदकर भागा हिस्ट्रीशीटर

अवधनामा संवाददाता



**पुलिस ने बचाई बच्चीं की जान**

**गाजीपुर।** पुलिस को पीछे आते देखकर स्थानीय थाने का एक हिस्ट्रीशीटर अपनी कार को लॉक करके फरार हो गया। थोड़ी देर बाद पीछे खड़ी गाड़ी से उतरकर कार के पास पहुंचे पुलिसकर्मियों ने कार के अंदर बंद बच्ची को रोते देख कार का शीशा तोड़कर उसे बाहर निकाला। बाद में बच्ची के परिजनों को बुलाकर उसे सौंप दिया गया। वहीं लावारिस हालत में पड़ी कार को पुलिस थाने लाकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

मुख्य बाजार की तरफ से एक स्विफ्ट कार पुराना सिनेमा हाल होते हुए थाने की तरफ जाने वाली सड़क पर आगे बढ़ी। इसी बीच सामने से बालू लदा ट्रैक्टर आने से रास्ता अवरुद्ध हो गया। कुछ ही मिनट बाद पीछे से पुलिस की गाड़ी को आते देखकर कार चालक गाड़ी लॉक करके यह कहते हुए गली की तरफ भाग निकला कि पुलिस आ गई। उधर कार आगे नहीं बढ़ने पर कुछ देर बाद गाड़ी से उतरकर पुलिसकर्मी जब कार के पास पहुंचे तो अंदर करीब ढाई साल की बच्ची को बंद देखा। वह अंदर रो रही थी। काफी खोजबीन के बाद जब कार चालक नहीं मिला तो पुलिस ने आसपास के लोगों के सहयोग से कार का शीशा तोड़कर बच्ची को बाहर निकाला। कार के अंदर दारू और गिलास के साथ ही मोबाइल फोन भी मिला। पूछताछ में पता चला कि बच्ची का नाम अनन्या उर्फ परी है, जो पूना में मेहनत मजदूरी करने वाले कटयां चट्टी निवासी अनिल राम की पुत्री है। दूसरी तरफ बच्ची के बारे में जानकारी पाकर दादी शारदा देवी, मां ज्योति और परिवार के अन्य सदस्य थाने पहुंचे। उन्होंने संभावना जताया कि घर के बाहर खेलने के दौरान बच्ची को बगल का ही एक युवक ले गया होगा।

## नए नाम से खुल गए सील अस्पताल, नर्सिंग होम और पैथोलॉजी, स्वास्थ्य विभाग बना मूकदर्शक

### ठगे जा रहे मरीज

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत से कप्तानगंज कस्बा समेत क्षेत्र में सील किए गए दर्जनों अस्पताल व पैथोलॉजी इन दिनों अपना नाम बदलकर संचालित हो रहे हैं जिस पर विभाग मौन साधा हुआ है। जिससे मरीज ठगी के शिकार हो रहे हैं साथ ही आए दिन घटनाएं भी हो रही हैं मगर पैसे की खेल में सब कुछ मैनेज हो जा रहा है।

विदित हो कि कुछ माह पुर्व स्वास्थ्य विभाग और तहसील प्रशासन की संयुक्त जांच के दौरान अवैध अस्पताल पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंट्रो के विरुद्ध कार्यवाही की गई थी जिसमें लगभग आधा दर्जन अस्पताल पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटर सील किए गए थे मगर वे सेंटर अभी सील तो है ही लेकिन उनके जगह पर संचालकों द्वारा नाम बदलकर दूसरे स्थान पर अस्पताल पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटर खोल दिया गया है जिससे मरीज ठगी के शिकार हो रहे हैं। कस्बे के आजाद चौक से बंदेलीगंज को जाने वाली सड़क पर स्थित एक निजी अस्पताल को जांच के दौरान सील किया गया था मगर इस अस्पताल के संचालकों द्वारा अब इंदरपुर के समीप नाम बदलकर दूसरा अस्पताल संचालित किया जा रहा है। शिव चौक पर एक अस्पताल को पूर्व में सील किया गया था मगर वह नाम बदलकर डीसीएफ चौक पर संचालित किया जाने लगा इस दौरान एक मरीज की मौत हो जाने के बाद डीसीएफ चौक पर भी इस अस्पताल को सील कर दिया गया। फिर भी ये लोग बगल में अस्पताल संचालित कर रहे है। कप्तानगंज इंदरपुर मार्ग पर स्थित गणेश चौक पर एक अवैध अस्पताल संचालित हो रहा था जिसमें ऑपरेशन के दौरान मरीज की मौत हो जाने के बाद अस्पताल को सील कर दिया गया था साथ ही अस्पताल संचालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया था फिर भी इन संचालकों द्वारा कप्तानगंज कस्बे के काशीराम आवास के बगल में नाम बदलकर अस्पताल संचालित किया जा रहा है। वहीं कप्तान नगर में लगभग आधा दर्जन पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड सेन्टर भी सेल हुए थे जो इन दिनों अवैध रूप से फल फूल रहे हैं। जिससे इन अस्पतालों में जाने वाले सैकड़ो मरीज ठगी के शिकार हो रहे हैं। इतना ही नहीं इन संचालकों द्वारा बाहरी डॉक्टर के नाम पर रजिस्ट्रेशन करा कर अपने स्वयं मरीजों का इलाज और ऑपरेशन किया जाता है जिससे रोज घटनाएं हो रही हैं। इस संबंध में एसडीएम कप्तानगंज योगेश्वर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। अवैध अस्पताल संचालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## कांग्रेस सरकार में योजनाएं सिर्फ कागजों तक थी

**देवरिया।** रामपुर कारखाना मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं की लाभार्थी सम्पर्क अभियान हेतु कार्यशाला कोटवा मोड़ स्थित प्रिंस हाल में हुयी।जिसमें 1 से 3 मार्च तक चलने वाले लाभार्थी से सम्पर्क अभियान के लिये जिम्मेदारी दी गयी। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि विधानसभा रामपुर कारखाना प्रभारी निशिरंजन तिवारी ने कहा कि हर लाभार्थी से मिलकर संवाद करना है और उनके साथ फोटो लेकर सरल ऐप पर डालना है।तीन दिनों में कोई भी लाभार्थी न बचे,सबके पास तक पहुचने का काम आप सभी को करना है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग को सशक्त करने की योजनाओं को चलाया गया है। जन धन योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, उजाला योजना, मुद्रा ऋण योजना, मुफ्त राशन, मुफ्त कोविड वैक्सिनेशन जैसे अनेक कार्यो से मोदी सरकार ने लोगो तक लाभ पहुचाया है।

## द मदद सहयोग गाइडेंस (एमएसजी) फाउंडेशन की तरफ से हेल्थ कैंप कार्यक्रम का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** द एमएसजी फाउंडेशन ने नियर डी आर वी इंटर कॉलेज, बादशाह नगर में गरीब जुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए मुफ्त हेल्थ कैम्प का आयोजन किया। फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य है कोई भी जरूरतमंद बीमार ना रहे। आज का यह कार्यक्रम इसी उद्देश्य के साथ किया गया। आज के इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मोहिब मेंहदी रिज़वी (सीनियार प्रोजेक्ट मैनेजर) बतौर अतिथि आस्था (सॉफ्टवेयर इंजिनियर), तरन्नुम असगर (सामाजिक कार्यक्ता) मौजूद रहीं। इस कार्यक्रम मैं आए सभी लोगों ने कार्यक्रम को सराहा और अख्तर ज़ोहरा की बेटी कहा कि जिस तरह से यह कार्यक्रम जरूरतमंदों के लिए किया जा रहे हैं इस तरह के कार्यक्रम हर क्षेत्र में होने की जरूरत है क्योंकि सबसे बड़ी जरूरत सेहत है सेहत के लिए इस तरह के मेडिकल कैंपों का आयोजन तरन्नुम हसन ने कहा इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना बहुत ही जरूरी है और यह द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा कार्य काबिले तारीफ है। इस मौके पर मेडिकल टीम में डॉ. शर्मा, डॉ. अशरफ, डॉ. नाहिदा, डॉ. शेख सबीला, डॉ. खानसा खान मौजूद रहीं। वही द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से वली अब्बास, हुर अब्बास नक़वी, साक्षी चंद्रा, ज़हरा नक़वी, शुजा अब्बास, मक़सूद आलम और फाउंडेशन के संस्थापक मोहम्मद सादिक, मौजूद रहे।

## दो बाइक की टक्कर से चार घायल एक की मौत

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज थाना अंतर्गत बेवां उतरौला मार्ग पर ग्राम बेवां मुस्तफा के निकट दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में चार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए तो वहीं एक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घायलों को आसपास के लोगों ने निजी संसाधन से निकट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवां ले गए। वहीं मृतक को मौके पर पहुंची पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। शनिवार को सुबह लगभग 10 बजे डुमरियागंज थाना अंतर्गत बेवां मुस्तफा के पास दो मोटरसाइकिलों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें चार गंभीर रूप से घायल व एक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गंभीर रूप से घायलों में सरफराज पुत्र इसराईल(22), मसूद पुत्र रोजन(21), अजीजुर्रहमान पुत्र सलीम (25) ग्राम कूड़उ बौड़ीहार थाना उतरौला, दोस्त मोहम्मद पुत्र अली हसन(58) ग्राम महुआ धानी आदि को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बस्ती के लिए रेफर कर दिया।

## न्यायालय सूचना

**न्यायालय मा.प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सहारनपुर**

प्रकीर्ण वाद संख्या 67 सन 2023 श्रीमती सोनिया उम्र करीब 31 वर्ष पत्नि सचिन कुमार पुत्री होशियार सिंह निवासी ग्राम ज्ञयानागढ परगना, तहसील व जिला सहारनपुर (प्रार्थीया)। बनाम .... 1. सचिन कुमार पुत्र पाल निवासी ग्राम छज्जपुरा ठोकरपुर, थाना गागलहेडी ,तह0व जिला सहारनपुर 2... आम जनता (विप0) प्रा0 पत्र अंन्तर्गत धारा 10 व 25 गार्जन एण्ड वार्डस एक्ट 1890 हरगाह वादी ने इस न्यायालय में आपके विरुद्ध एक नालिश बाबत धारा 10 व 25 गार्जन एण्ड वार्डस एक्ट 1890 के दायर की है लिहाज़ा आपको हुकम होता है कि आप दि029.2.24 को सुबह दस बजे मेरे न्याया0 में हाज़िर हो कर जवाब देही दावा कि करें आप यदि उक्त तारीख पर हाज़िर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाज़िरी आपके समात और फ़ैसला होगा।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी**
**प्र. परिवार न्यायधीश, सहारनपुर**

## न्यायालय सूचना

न्याय. मा प्रधान न्यायधीश वैवाहिक वाद सं0 990 सन 2023 श्रीमती भावना आयु 28 वर्ष, धर्मपत्नी श्री काला उर्फ अमरपाल पुत्री श्री राकेश हाल निवासी ग्राम जटोल, दामोदरपुर डा0 गंगदासपुर,तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर(वादिया) बनाम.... काला उर्फ अमरपाल पुत्र स्व0 श्री सुखबीर आयु 35 वर्ष निवासी ग्राम व पोस्ट डंघेडा,पुराने रविदास मंदिर के सामने, तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर (प्रतिवादी) प्र.पत्र अन्तर्गत धारा-13 हिन्दू विवाह अधिनियम हरगाह वादिया श्रीमती भावना ने आपके नाम एक नालिश बाबत तलाक के दायर की है कि लिहाजा हुक्म होता है कि आप दि0 07.03.2024 ई0 बवक्त 10.00 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे अगर आप तारीख मज्कूर पर हाज़िर ना होंगें तो मुकदमा बगैर हाज़िरी आपके समात और फ़ैसला होगा।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी**
**प्र. न्याय. परिवार, सहारनपुर**

## न्यायालय सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है खेड़ा मॉ शाकुम्बरी देवी जहारवीर गोगा म्हाडी मन्दिर समिति, कस्बा व परगना सुल्तानपुर तहसील व जिला-सहारनपुर के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य है:-1. श्री लोकेश त्यागी संरक्षक 2. श्री प्रकाश चन्द अध्यक्ष 3. श्री गौरव गुप्ता उपाध्यक्ष 4. श्री ऋषिपाल सैनी प्रबन्धक 5. श्री आशु सैनी उपप्रबन्धक 6. श्री शिव नंदन शर्मा कोषाध्यक्ष 7. श्री अमरीश कुमार त्यागी उपकोषाध्यक्ष 8. श्री मोहन लाल ऑडिटर 9. श्री सुलेख सदस्य 10. श्री अजब सिंह सदस्य 11. श्री मुकेश सदस्य 12. श्री संदीप कुमार सदस्य 13. श्री हरी सिंह सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मन्दिर के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मन्दिर के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**आज्ञा से (विजय शुक्ला) सहायक रजिस्ट्रार,**
**फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, सहारनपुर।**

## न्यायालय सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रगतिशील किसान एसोसिएशन, ग्राम मैसरहेडी, जिला-मुजफ्फरनगर के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी / सदस्य है-1. मौ. गुलबहार अध्यक्ष 2. मंजू छिब्बर उपाध्यक्ष 3. मौ0 बिलाल महासचिव 4. मौहम्मद जीशन सहसचिव 5. मौ0 शाहबाज कोषाध्यक्ष 6. श्री इरशाद सदस्य 7. मौ. उबेदुल्ला सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत एसोसिएशन के पंजीकरण के विरुद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर आप आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर एसोसिएशन के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**आज्ञा से (विजब शुक्ला) सहायक रजिस्ट्रार,**
**फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स,सहारनपुर।**

## नेपाल की विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सउद परिवार के साथ पहुंचे अयोध्या

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या पहुंचे नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद ने कहा जनकपुर से अयोध्या और पशुपतिनाथ से काशी के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। नेपाल विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद परिवार के साथ दिल्ली से महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे जहां उनका प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत किया। दो दिवसीय प्रवास के दौरान वह रविवार को हनुमान गढ़ी और रामलला का दर्शन पूजन करेंगे। रविवार को ही सड़क मार्ग से वापस नेपाल की रवाना होंगे। विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बहुत ही महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। जनकपुर अयोध्या के साथ-साथ नेपाल के पशुपतिनाथ व बनारस के बाबा विश्वनाथ के साथ भी हम सांस्कृतिक संबंध बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल के बीच बहुत ही गहरा सांस्कृतिक संबंध रहा है, दोनों सरकार के बीच में ही नहीं जनता के बीच में भी उतना ही गहरा संबंध रहा है।



कहा भगवान राम की शादी माता जानकी से जनकपुर के राम जानकी मंदिर में हुई थी, इसलिए हमारे बीच जो गहरा संबंध है वह सांस्कृतिक रूप से भी बहुत महत्वपूर्ण है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति व जिला पोषण समिति की बैठक हुई संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत जिला स्वास्थ्य समिति एवम् जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा प्रस्तुत एजेंडों पर समीक्षा किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत पहले जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जनपद के राजकीय चिकित्सालयों में कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दी जा रही सेवाओं/सर्जरी की समीक्षा में और भी गुणवत्तापरक सेवाओं सहित सर्जरी को बढ़ाने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव में और भी प्रगति लाने के निर्देश के साथ साथ लाभार्थियों का भुगतान शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में शून्य प्रसव कराने वाली आशाओं को चेतावनी पत्र जारी करने जनपद को क्षय रोग से मुक्त करने के लिए और भी सघन प्रयास करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने जनपद के राजकीय चिकित्सालयों में कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दी जा रही सेवाओं/सर्जरी की समीक्षा में और भी गुणवत्तापरक सेवाओं सहित सर्जरी को बढ़ाने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव में और भी प्रगति लाने के निर्देश दिये। ई शुश्रत एवम टेली कंसल्टेंसी सेवाओं में और भी विस्तार किए जाने के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत प्री ओथ प्रति सीएचसी पर 30 एवम जनपदीय चिकित्सालयों पर 75 सुनिस्चित कराने हेतु निर्देशित किया।




## समारोह पूर्वक मनाया गया संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती

**अयोध्या।** संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती भारतीय जनता पार्टी द्वारा समारोह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान संत रविदास वार्ड में स्थित कुष्ठ सेवा आश्रम में भजन कीर्तन, पुर्ष्पाचन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर भण्डारा प्रसाद वितरण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि संत गुरु रविदास भारत के महान संतों में से एक हैं। जिन्होंने अपना जीवन समाज सुधार कार्य के लिए समर्पित कर दिया। समाज से जाति विभेद को दूर करने में रविदास जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समाजिक असमानता के खिलाफ होकर समाज को समानता और न्याय के प्रति प्रेरित किया। वो ईश्वर को पाने का एक ही मार्ग जानते थे और वो है 'भक्ति', इसलिए तो उनका एक मुहावरा आज भी बहुत प्रसिद्ध है कि, 'मन चंगा तो कठौती में गंगा'। प्रसिद्ध कृष्ण भक्त मीराबाई भी संत रविदास को अपना आध्यात्मिक गुरू मानती थी। 15 वीं शताब्दी में रविदास जी द्वारा चलाया गया भक्ति आंदोलन उस समय का एक बड़ा आध्यात्मिक आंदोलन था। महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, पार्षद दीप कुमार गुप्ता, राम मगन पाल, अवनीश कुमार, संजय सोनकर, सुभाष पंडित सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शहरी गरीब आवास योजना के चयनित लाभार्थियों को सार्वजनिक लाटरी की गयी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में अपर उपजिलाधिकारी मदन मोहन वर्मा की अध्यक्षता में कांशीराम शहरी गरीब आवास योजना के चयनित लाभार्थियों को सार्वजनिक लाटरी के माध्यम से जिला स्तरीय समिति के समक्ष आवंटन किया गया।

अपर उपजिलाधिकारी सदर की अध्यक्षता में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद महराजगंज, तहसीलदार सदर एवं परियोजना अधिकारी, डूडा की उपस्थिति में सार्वजनिक लाटरी की गयी। लाटरी में ग्राम बरवाविद्यापति में 38 लाभार्थियों को एवं कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना अन्तर्गत पाकेट बैकुण्ठपुर में 39 लाभार्थियों को आवास आवंटन किया गया है। लॉटरी का आयोजन का सभी लाभार्थियों के समक्ष पारदर्शी तरीके से किया गया। परियोजना अधिकारी, डूडा ने बताया कि लाभार्थियों को आवंटन पत्र जारी किया गया है और सभी लाभार्थी आवंटित आवास में आवासित हो सकते हैं।

## चौपाल के जरिये 20 लाख युवाओं को जोड़ेगी भाजपा: डा. विवेक सिंह मोनू

**अयोध्या।** भाजयुमो के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रवासी डा. विवेक सिंह मोनू ने बताया कि भाजयुमो द्वारा पूरे प्रदेश में 25 फरवरी से 2 मार्च तक प्रत्येक जिले में ग्राम पंचायत व वार्ड स्तर पर 35000 स्थान पर युवा चौपाल के कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिसमें 18 से 35 वर्ष के 20 लाख युवाओं को जोड़ा जायेगा। अयोध्या जिले में भाजयुमो द्वारा प्रत्येक मण्डल में 20-20 चौपाल का आयोजन किया जायेगा। जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव सिंह ने बताया की ज्यादातर युवाओं का झुकाव मोदी जी एवं योगी जी की तरफ है।

## एसएसपी ने किया थाना दातागंज का औचक निरीक्षक

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा शनिवार को थाना दातागंज का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बारी-बारी से थाने पर स्थित सभी पटलों का गहनता से निरीक्षण किया। कप्तान के निरीक्षण के दौरान निरीक्षक अपराध राजीव कुमार वर्मा थाने पर मौजूद मिले।एसएसपी द्वारा थाने पर बन रहे नए आवासों का भी निरीक्षण किया गया,तथा उनके द्वारा थाने पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु थाना पुलिस को निर्देशित किया गया।उन्होंने थाना पुलिस को क्षेत्र में जनता से अच्छा व्यवहार करने हेतु तथा सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को कायम रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



## पुण्यतिथि पर याद किए गए प्रदीप चौधरी

**महराजगंज।** महराजगंज के पहले जिला पंचायत अध्यक्ष स्व.प्रदीप चौधरी की इग्याहरवीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा पूर्वक याद किया गया। धनेवा स्थित आवास,जिला पंचायत कार्यालय महराजगंज और गोरखपुर स्थित आवास पर बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा सहित अन्य दलों के लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि स्व. प्रदीप चौधरी महराजगंज के विकास पुरूष थे। जिन्होंने सामाजिक व व्यवसायिक क्षेत्र में सफलता पायी।



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, सोहावल, अयोध्या।

पत्रांक : 1592/15वां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग योजना/अल्पकालीन-निविदा/2023-24 दिनांक- 14.02.2024

**अल्पकालीन निविदा**

विकास खण्ड सोहावल में 15वों वित्त/पंचम वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से विकास खण्ड सोहावल में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्य निर्माण निविदा दिनोंक 14.02.2024 से दिनाँक 07.03.2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा पपत्र कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सोहावल से कार्य दिवस में पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक मु0 500.00 नगद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। प्राप्त निविदाये दिनांक 07.03.2024 को अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित ठेकेदार / प्रतिनिधि/निविदा समिति के समक्ष कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सोहावल के कक्ष में खोली जायेंगी।

निविदाओं की स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की माप | कार्य की अनु. लागत (मय GST सहित) (लाख रू.) | धरोहर धनराशि (हजार में) | निविदा प्रपत्र का मूल | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | |
| 1 | ब्लाक मुख्यालय पर स्व0मुन्ना सिंह चौहान पू0 ब्लाक प्रमुख/पूर्व मंत्री उ0प्र0सरकार की प्रतिमा की स्थापना कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 5.00 | 10000 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | डेलुआ भारी में जयराम के मकान से अमर बहादुर एवं अशोक के मकान होते हुए पश्चिम तालाब तक इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 2.00 | 4000 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 3 | धौरहरा पश्चिम पुरवा में प्राथमिक विद्यालय के पीछे से केशवराम यादव के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 19960 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 4 | ग्राम पंचायत सारंगापुर के ग्राम गोसाई कुटी में पक्की सड़क से राम सजीवन गोस्वामी के घर होते हुए शिव मंदिर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 5.75 | 11500 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 5 | पिलखांवा में पक्की सड़क से रंग बहादुर के दरवाजे होते हुए काली माई के स्थान तक इण्टर लाकिंग कार्य एवं नाली मरम्मत कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 19960 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 6 | ग्राम पंचायत कलाफरपुर के दुर्गा मिश्र का पुरवा में राम बक्श रावत के घर से सरकारी नल तक इण्टर लाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.99 | 19980 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 7 | ग्राम पंचायत मंगलसी में पक्की सड़क से कृष्ण देव तिवारी के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.99 | 19980 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 8 | अलीगंज में सूर्य नरायण वर्मा के घर से घाघरा नदी घाट तक नाला एवं इण्टर लाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.99 | 19980 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 9 | बरई खुर्द में गौरइया देव सम्पर्क मार्ग से सरदार सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 9.99 | 19980 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 10 | इण्टर लाकिंग कार्य ग्राम पंचायत गौरा ब्रम्हनान में ओम प्रकाश तिवारी के घर से सामुदायिक भवन तक | प्राक्कलन के अनुसार | 9.25 | 18500 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 11 | मोहम्मदपुर बाजार में पक्की सड़क से महादेव मंदिर तक नाला व इण्टर लांकिग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 6.52 | 13040 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 12 | ग्राम पंचायत महोली कांग्रेस यादव के घर से कल्लू सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 19960 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 13 | ग्राम पंचायत महोली के मुरदहिया पर राजू मास्टर के घर से जोखू पासी के खेत तक नाली एवं इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 9.50 | 19000 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 14 | ग्राम पंचायत सुरवारी में तेज बली सिंह के घर होते हुए हनुमान गुप्ता के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य एवं नाली मरम्मत कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 6.20 | 12400 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 15 | ग्राम पंचायत सरायनामू में हरदेव बाबा के स्थान से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 19960 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 16 | ग्राम पंचायत हरिबन्धनपुर के थरेरू में हौसिला प्रसाद के घर से अवधेश पाण्डेय के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.72 | 19440 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 17 | ग्राम पंचायत अगेथुआ के झामदास का पुरवा में राम चन्दर के दरवाजे से राम सुख चौरसिया के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 19960 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 18 | ग्राम पंचायत सारंगापुर में पक्की सड़क से जय प्रकाश सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 3.30 | 6600 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 19 | ग्राम पंचायत रामनगर में शिवशंकर सिंह के घर से प्रा0विद्या0 रामनगर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.99 | 19980 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 20 | ग्राम पंचायत बरईकला में सी0सी0 रोड से अनिल मिश्रा के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 8.01 | 16020 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 21 | ग्राम पंचायत रामनगर में पक्की सड़क से मुन्नू सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 7.26 | 14520 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 22 | ग्राम पंचायत सीवार के बेगमगंज में साही मार्ग से बजरंगी लोध के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 5.42 | 10840 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 23 | ग्राम पंचायत मोइयाकपूरपुर के बद्री का पुरवा में कही रोड से लल्लू मिश्र के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 8.33 | 16660 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 24 | ग्राम पंचायत गोड़वा में जयप्रकाश पाण्डेय के घर से महामाया मंदिर तक इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 9.99 | 19980 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 25 | ग्राम पंचायत लखौरी में अनु0जाति आबादी सटे खेल मैदान के मुख्य द्वार से शिवचरन के घर तक नाली एवं इण्टर लाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 19960 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 26 | ग्राम पंचायत सिहैता लोहानी के गंगापुर में दुर्गा प्रसाद के घर से आशाराम के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 8.31 | 16620 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 27 | सरदार का पुरवा में प्रभात सिंह के दरवाजे से राम भवन के दरवाजे के सामने तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 19960 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 28 | ग्राम बसहा में पक्की सड़क से ओनप्रकारश सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 8.22 | 16440 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 29 | महोली में सामुदायिक भवन में अवशेष इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 3.20 | 6400 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 30 | महोली में राजकुमार के घर के पास अवशेष इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 2.62 | 5240 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 31 | महोली में समयदीन के घर के पास अवशेष इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 2.48 | 4960 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 32 | विकास खण्ड मुख्यालय पर मीटिंग हाल में खिडकी, पंखे, बिजली सम्बन्धित कार्य एवं कार्यालय के अन्य कक्षों में बिजली सम्बन्धित कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 7.85 | 15700 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 33 | ग्राम पंचायत बरई खुर्द में अजय सिंह के ट्यूबेल से सहजौरा सम्पर्क मार्ग तक खडंजा कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 19960 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 34 | ग्राम पंचायत मीरपुर कांटा पाठक का पुरवा संजयगंज बाजार से बिनोद पाठक के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 5.75 | 11500 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 35 | विकास खण्ड मुख्यालय की बाउंड्रीवाल मरम्मत एवं पेंटिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 7.60 | 15200 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 36 | मोहम्मदपुर में सामुदायिक शौचालय पुरूष का निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 8.70 | 17400 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 37 | मोहम्मदपुर में सामुदायिक शौचालय महिला का निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 8.70 | 17400 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 38 | ग्राम पंचायत धौरहरा में भोले सिंह के घर के पास नाली मरम्मत एवं उसके आगे नाला निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.80 | 19600 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 39 | ग्राम अरकुना में जगदीश प्रसाद चौरसिया के घर से धर्मेन्द्र साहू के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 4.63 | 9260 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 40 | ग्रामपंचायत पिरखौली के भवनियापुर में पक्की सड़क से वासुदेव के घर होते हुये काली माता स्थान तक इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 9.80 | 19600 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 41 | ग्राम पंचायत करेरू के विद्यावनपुर में ओंमकारनाथ के घर से प्रदीप के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 19960 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 42 | ग्राम पंचायत पिलखांवा में एन0एच 027 से गोदाम तक इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 6.00 | 12000 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 43 | ग्राम पंचायत कोटडीह सरैया में महंत सिंह के दरवाजे से कृष्ण कुमार के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 5.95 | 11900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 44 | ग्राम पंचायत लहरापुर के तिवारी के पुरवा में प्रभाकर तिवारी के घर से देवकी नन्दन तिवारी के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 8.85 | 17700 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 45 | ग्राम पंचायत लखौरी के मठिया गाव में काली रोड से राम केवल के घर तक नाली एवं इण्टर लाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 4.10 | 8200 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 46 | ग्राम पंचायत तहसीनपुर में कबीर के घर से करिया के घर तक नाली एवं इण्टर लाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 7.10 | 14200 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 47 | ग्राम पंचायत मजनांवा में शिवप्रसाद के घर से गिरजेश मिश्रा घर होते हुए दीनानाथ शर्मा के घर तक इण्टर लाकिंग एवं नाली कार्य । | प्राक्कलन के अनुसार | 7.15 | 14300 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 48 | ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद में राम प्रताप गुप्ता के दुकान से हुसैनपुरा कब्रिस्तान के पास ट्रांसफारमर तक इण्टर लाकिंग एवं नाली कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 9.90 | 19800 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 49 | ग्राम पंचायत कपासी में जगन्नाथ के घर से राम नरेश के घर तक इण्टर लाकिंग एवं नाली कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 9.95 | 19900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 50 | ग्राम पंचायत मीरपुर कांटा में छोटी गालीपुर पक्की सड़क से राम प्रताप के घर तक नाली एवं इण्टर लाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 7.62 | 15240 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 51 | ग्राम पंचायत रामपुर ग्रान्ट में पक्की सड़क से डेहवा गांव तक इण्टर लाकिंग एवं नाली कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 19960 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 52 | ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर कन्दई छबीलाल के घर से पिनावा पुलिया तक इण्टर लाकिंग एवं नाली कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.99 | 19980 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 53 | ग्राम पंचायत देवई में मुबारकगंज ड्योढी मार्ग से मिश्रीलाल के घर तक इण्टर लाकिंग एवं नाली कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 9.99 | 19980 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |

1. उपरोक्तानुसार क्रमांक 01 से क्रमांक 53 तक की परियोजनाओं के प्रत्येक अलग-अलग निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग मान्य नहीं होगी।
3. बिना कारण निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी अथवा निविदा समिति विकास खण्ड सोहावल, अयोध्या का होगा।
4. कार्य गुणवत्ता पूर्वक न होने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
5. भुगतान में जी0एस0टी0 एवं अन्य करो की नियमानुसार कटौती की जायेगी।
6. निविदा फार्म पर समस्त उल्लेख स्पष्ट होना चाहिए।

**खण्ड विकास अधिकारी,
सोहावल-अयोध्या।**

## युवाओं के द्वारा अबकी बार 400 पार करेगी भाजपा : आनंद मिश्रा



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिला मुख्यालय स्थित निरीक्षण भवन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य / जिला प्रवासी आनंद मिश्रा ने प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद सिद्धार्थनगर के प्रत्येक मंडलों में 24 फरवरी से आगामी 5 मार्च तक 20-20 युवा चौपाल का आयोजन शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर किया जाना सुनिश्चित किया गया है।


मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में युवाओं द्वारा बूथ स्तर पर उतरकर प्रचार -प्रसार किया जाएगा, जिससे 2024 में फिर से लोकसभा चुनाव में मोदी की सरकार बने। इस अवसर पर उपस्थिति कार्यक्रम संयोजक विकास पाण्डेय ने बताया कि भाजपा के रीढ़ के रूप में कार्य करने वाली युवा मोर्चा ऊर्जा से लबरेज होकर प्रत्येक मंडलों में 20-20 युवा चौपाल को सुनिश्चित कराएगी और युवाओं के माध्यम से एक सशक्त सरकार नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में फिर से बनेगी जिससे देश विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसरित हो और 2047 तक विकसित भारत का स्वप्न पूरा हो। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी मिथिलेश अग्रहरि ने आभार व्यक्त किया।

# पढ़ाई एवं सामाजिक जीवन में तालमेल विषय पर हुआ वेबिनार का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** रतन सेन डिग्री कॉलेज, बाँसी, सिद्धार्थ नगर द्वारा शुक्रवार को बैलेंसिंग सोशल लाइफ विद स्टडीज विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. विजय कुमार वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, दयाल सिंह कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली एवं विशेष वक्ता डॉ. विजय कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, राजकीय डिग्री कॉलेज, पचवस, बस्ती गूगल मीट के माध्यम से वेबिनार कार्यक्रम में जुड़े।

मुख्य वक्ता एवं विशेष वक्ताओं का स्वागत एवं संक्षिप्त परिचय वेबिनार कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. हंसराज कुशवाहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. विजय कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेहनत का फल तभी मीठा होता है जब समय पर मेहनत की जाए और उन्होंने कहा कि यदि आप वास्तव में समाज की सेवा करना चाहते हैं तो पहले पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई पर फोकस करें और बड़ा आदमी बनें, उसके बाद आप बेहतर समाज सेवा कर सकते हैं। उन्होंने तकनीक के



सही प्रयोग पर बल दिया। विशेष वक्ता डॉ. विजय कुमार ने कहानियों के माध्यम से यह बताया कि हम कैसे अपने सामाजिक जीवन का पढ़ाई के साथ तालमेल बैठाएं। उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य के लिए नींद पूरी होना आवश्यक बताया एवं सफलता के लिए टालमटोल करने की आदत से बचने का सुझाव दिया। वेबिनार के दोनों सत्र के पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन हुआ। इस दौरान कुछ प्रतिभागियों द्वारा विषय से जुड़े हुए कुछ विशिष्ट प्रश्न किए गए जिनका सारगर्भित, स्पष्ट तथा सरल समाधान विद्वान वक्ताओं द्वारा किया गया। प्रश्नोत्तर

**रतन सेन महाविद्यालय द्वारा हुआ वेबिनार का आयोजन**

सत्र के बाद डॉ. रामबाबू पाल ने दोनों सत्रों की संक्षिप्त आख्या प्रस्तुत की एवं वक्ताओं के ज्ञानवर्धक व्याख्यानों की सराहना की। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की संरक्षक रानी वसुन्धरा कुमारी के दिशा निर्देशन एवं प्राचार्य डॉक्टर सन्तोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सन्तोष कुमार सिंह ने कार्यक्रम में जुड़े हुए सभी विद्वान अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उनके द्वारा विषय पर दिए गए मुख्य बिंदुओं को सभी प्रतिभागियों से अपने-अपने जीवन में उतारने तथा यथा संभव एक उचित समन्वय स्थापित करने को कहा। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभागी जुड़े। इस वेबिनार में आयोजन समिति के सदस्यों- डॉ. मनोज कुमार सोनकर एवं डॉ. विकास सिंह के साथ-साथ डॉ. किरन देवी, डॉ. अरविन्द कुमार मौर्य, डॉ. देवेंद्र प्रसाद, डॉ. अखिलेश कुमार उपाध्याय, डॉ. विकास कुमार सिंह, डॉ. मनीष कुमार भारती आदि लोग उपस्थित रहे।

## हल्लौर में वोटर टर्न आउट बढ़ाने के लिए आयोजित जागरूकता बैठक



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम हल्लौर स्थित पंचायत भवन मे जिलाधिकारी के निर्देश पर वोटर टर्न आउट बढ़ाने के लिए ग्राम स्तर के कर्मचारियों की बैठक ग्राम प्रधान ताकीब रिज्वी और क्षेत्रीय लेखपाल देवेन्द्र कुमार राठौर की अध्यक्षता मे आयोजित की गयी। बैठक मे क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा बताया गया कि संवैधानिक प्रदत्त मौलिक अधिकार के तहत मतदान का अधिकार भारतीय नागरिकों को दिया गया है और सभी लोग मतदान अवश्य करें साथ ऐसे युवा जो 01 जनवरी को वयस्क हो गये है अपना नाम मतदाता सूची मे बीएलओ के माध्यम से बढ़वा लें, साथ ही आशा, आँगनबाड़ी कार्यकत्री को कहा कि वे अपने स्तर से हर घर मे मतदान बढ़ाने के लिए प्रेरित करें। ग्राम प्रधान ताकीब रिज्वी द्वारा कहा गया कि उच्चवर्ग के लोगों द्वारा मतदान मे सहभागिता नही की जाती विशेषकर महिलाओं द्वारा उनसे अपील है मतदान अवश्य करें। मो रिजवान द्वारा कहा गया कि दिव्यांग मतदाताओं को बूथ पर लाने की व्यवस्था हो। सांसद संयोजक कसीम रिज्वी द्वारा कहा गया कि ग्राम मे युवाओ के साथ डुग्गी मुनादी मे मतदान संकल्प जागरूकता रैली निकाली जाय। व्यापार मण्डल अध्यक्ष अर्शी रिज्वी द्वारा संभ्रात व्यक्तियो से जागरूकता अपील के लिए कहा गया। इस मौके पर ग्राम बीएलओ अमृत लाल, आशा रोजी फातिमा, तमन्ना फातिमा आँगनवाड़ी कार्यकत्री अन्जुम मुन्नी उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय भागवत कथा का हवन भण्डारे के साथ समापन

**छावनी।** छावनी क्षेत्र के पुरेहेमराज गांव शनिवार को सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने कथा सुनकर आनंद उठाया श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया नैमिषारण्य धाम से पधारे कथा वाचक पंडित अमित भाई शास्त्री जी महाराज ने सात दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा की महिमा बतायी इसके साथ ही सातवें दिन कथा वाचक ने हवन यज्ञ और भंडारे से पूर्व कथा वाचक पंडित अमित भाई शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता की गाथा सुनाई भागवत कथा को सुनने के लिये पूरेहेमराज गांव के अलावा क्षेत्र के अन्य गांव से भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस मौके पर नरेद्र प्रताप सिंह अपर पुलिस अक्षीक्षक बागपत, मनीष सिंह कोषाधिकारी मुरादाबाद, पशुपति, रजनीश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, आशीष, रमेश सिंह, विमलेश सिंह, अखिलेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# रविदास भक्ति काल के संत और महान समाज सुधारक थे: चेयरमैन

एजाज़ सिद्दीक़ी

**इटवा सिद्धार्थनगर।** शनिवार को संत गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय बिस्कोहर के सभागार में धूमधाम से जयंती मनाई। इस मौके पर रविदास जी के मूल्यों को याद किया गया।

संत शिरोमणी गुरु रविदास जी की 647वीं जयंती के अवसर पर बिस्कोहर चेयरमैन अजय गुप्ता ने नगर पंचायत कार्यालय में गुरु रविदास जी की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। चेयरमैन अजय गुप्ता ने कहा कि गुरु रविदास भक्ति काल के संत और महान समाज सुधारक थे। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास ने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ-साथ अपने दोहों के माध्यम से समाज के लोगों



को सही मार्ग दिखाने का कार्य किया था। गुरु रविदास ने अपने पूरे जीवन काल में सामाजिक जिम्मेदारियों और पारिवारिक कर्तव्यों को बखूबी निर्वहन किया। जिनसे प्रेरणा लेकर हमें अपने जीवन में उनका अनुशरण करना चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष बिस्कोहर अजय गुप्ता ने कहा कि संत गुरु रविदास ने जात-पात और ऊंच-नीच के भेदभाव को दूर करके बिखरे हुए समाज को एकसूत्र में बांधने का काम किया था।

अजय गुप्ता ने कहा कि भाजपा हमेशा से समाज के हर वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति को एक समान पंक्ति में खड़ा करने के लिए प्रयासरत है उन्होंने कहा कि हमारा यह कर्तव्य है कि हम समाज के निम्न वर्ग, पिछड़े वर्ग के लोगों के जीवन के उत्थान के लिए काम करें। इस अवसर भाजपा वरिष्ठ

- **संत रविदास की 647वीं जयंती का हुआ आयोजन**
- **रविदास समाज के लोगों को सही मार्ग दिखाने का किया कार्य : अजय गुप्ता**

नेता राम नरेश पासवान, कुट्टुर पाण्डेय, बच्चाराम पाण्डेय, रामनारायण गुप्ता, शंभू गुप्ता, व सहयोगी कन्हैया वरुण उपस्थित रहे।

**गुरु रविदास का जन्मः-** गुरु रविदास का जन्म माघ मास की पूर्णिमा को रविवार के दिन 1433 को हुआ था। इसलिए हर साल माघ पूर्णिमा तिथि को रविदास जयंति के रूप में मनाया जाता है। रविदास जी का जन्म 15वीं शताब्दी में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक मोची परिवार में हुआ था।

## संत रविदास जयंती पर पीडीए पंचायत कार्यक्रम का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधानसभा के पलिया टेकधर में संत रविदास जयंती पर पीडीए पंचायत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पंचायत को संबोधित करते हुए समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्र मशाल ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन मानवता के लिए समर्पित था। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी संत रविदास के विचारधारा को आगे बढ़ा रही है। उनका सूत्रवाक्य मन चंगा तो कठौती में गंगा को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। इस अवसर पर संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने संत रविदास की रचनाओं को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जयंत्री प्रसाद, छेदी भगत, अम्मर उम्मा, प्रदीप, नूर मोहम्मद, विनय कुमार, अभिनय कुमार, खदेरू, हरिदास, चैतू, रामकरन, विष्णु कुमार, प्रदीप कुमार, धीरज राज, अभिषेक कुमार, मंजय, रामसेवक, दिलीप, सुनील कुमार, घिसयावन, जगदीश वरुण, सीताराम भगत आदि की उपस्थिति रही।

### किछौछा में सैकड़ो साथियों के साथ थामा हाथी का साथ

**अंबेडकरनगर।** जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं किछौछा दरगाह के सज्जादानशीन रहे प्रसिद्ध स्वर्गीय हाजी गनीदार शाह के पुत्र व मौजूदा सज्जादानशीन आलम शाह के भाई कलाम शाह ने कल अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ बहुजन समाज पार्टी में शामिल हो गए। आपको बता दें कि बहुजन समाज पार्टी उन्हें अंबेडकर नगर जिले से लोकसभा उम्मीदवार बना सकती है। पत्रकारों से बातचीत में कलाम शाह ने कहा कि हमने बहुत ही सोच विचार कर यह फैसला लिया है कि आज बहुजन समाज पार्टी में शामिल होने का आगे कलाम शाह ने कहा कि बहन कुमारी मायावती जी का उद्देश्य हमेशा से हर वर्ग की भलाई के लिए रहा।इस मौके पर पूर्व सांसद व बसपा के अयोध्या मंडल, वाराणसी मंडल व देवीपाटन मंडल के मुख्य सेक्टर इंचार्ज घनश्याम चन्द्र खरवार का जमकर स्वागत अभिनंदन किया गया। उक्त कार्यक्रम में समाजसेवी व व्यवसायी कलाम शाह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बसपा की सदस्यता ग्रहण किया।

## भाजपा लाभार्थी सम्पर्क अभियान 25 से

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी 25 फ़रवरी से 5 मार्च तक लाभार्थी सम्पर्क अभियान के जरिये जनसम्पर्क अभियान चलाएगा केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताकर 96 38 00 20 24 पर लाभार्थियों से मिस्ड काल कराकर नरेंद्र मोदी जी के लिए जनसमर्थन मांगेंगे।

उक्त विचार खेसरहा मंडल द्वारा आयोजित लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए जगदम्बिका पाल ने व्यक्त की । सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा की जब नरेंद्र मोदी व योगी जी के नेतृत्व में विकास की नई धारा बह रही हो सुरक्षा क़ानून व्यवस्था के जरिये प्रदेश और देश में आत्म निर्भर भारत की परिकल्पना को साकार किया जा रहा उससे आम जन्मानस में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है जनता एक बार पुनः नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनाने के लिए कृत संकल्पित है। हमें लाभार्थियों से मिलकर एक बार फिर मोदी सरकार



के सपने और नारों को चरितार्थ करना है। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए बांसी के विधायक जयप्रताप सिंह जी कहा की भारतीय जनता पार्टी अपने विभिन्न अभियानो के जरिये लगातार जनता के बीच जाकर पार्टी की रीतियों नीतियों को बताकर भाजपा के जनसमर्थन को बढ़ाने में कामयाब होते है जनसम्पर्क के दौरान हम आम लोगों की समस्यायों का निदान करते है। कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम से एक बार फिर यह अभियांन् अपनी सफलता प्राप्त करेगा मुझे पूर्ण विश्वास् है। कार्यशाला को पूर्व जिलाध्यक्ष लोकसभा संयोजक रामकुमार कुँवर जी ने कहा की हर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी समझेगा और अभियान को सफल् करेगा। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए विधान सभा संयोजक बांसी दिलीप चतुर्वेदी ने कहा की हर अभियान के तरह यह अभियान भी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से सफल होगा। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिवाकर मिश्र ने संचालन महामंत्री प्रिंस पांडेय ने की कार्यशाला में वरिष्ठ नेता राजेंद्र पांडेय, अजय शर्मा, शिवस्नेही गौंद, रामकिंकर मिश्र, नित्यानंद पांडेय, शिवम राजभर, चंदन पांडेय, अंकित पांडेय भोलू, विश्राम, हरिकेश राजभर, प्रमुख यादव, प्रभाषकर राय, अजय राय, सर्वेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

## खुनियांव ब्लाक में लाभार्थी सपंर्क अभियान की कार्यशाला हुई आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत कार्यकर्ता लाभार्थियों से संपर्क करेंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता लाभार्थियों की सूची दी जाएगी। जो रोज इसकी रिपोर्ट अपने मंडल संयोजक को देंगे। उक्त बातें शनिवार को भाजपा के जिला मंत्री कृष्णा मिश्रा ने कही। इसको लेकर खुनियांव ब्लाक सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई।

कृष्णा मिश्रा ने कहा की मोदी सरकार पिछले 10 साल से लगातार गरीब, मजदूर , किसान, महिला, यूवा, अनुसुचित आदि सहित समाज के सभी वर्गो लिए कार्य कर रही है जिन लोगों को इस दौरान सरकार से लाभ मिला है उनके संपर्क हेतु कार्यकर्ताओ




- **रोजाना 40 लाभार्थियों से संपर्क करेंगे कार्यकर्ता**

की सूची बनाकर एक कार्यकर्ता को सम्पर्क हेतु कमसे कम 40 लाभार्थियों सूची दी जाएगी। जिसका वो प्रतिदिन की रिपोर्ट देंगे, 25 फरवरी से 5 मार्च तक यह विशेष अभियान है। सभी कार्यकर्ता लाभार्थियो से जरुर संपर्क करें। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेंद्र दुबे, मंडल के प्रभारी वरिष्ठ नेता दलसिंगार दुबे, नेता प्रकाश चंद चौधरी, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, हरि नारायण उपाध्याय, राजेश पांडे, रामनारायण वरुण, रामनिवास यादव, कन्हैया लाल यादव, रमेश तिवारी, आनंद शुक्ला, अमरमणि दुबे, राजन पांडे, शिवा गौतम, तरुण सिंह, बिरजू विश्वकर्मा, राघवेंद्र गिरी, मोबिन अहमद आदि भाजपा के वरिष्ट नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### परसोहिया की टीम सात ओवर में 54 रन पर आल आउट, झरुआ ने नौ विकेट से जीता मैच जीत

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** दोस्ती किक्रेट क्लब



टूर्नामेंट बानगंगा रिबर के द्वारा बानगंगा बैराज के बगल में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को झरुआ बनाम परसोहिया नानकार के बीच मैच खेला गया। टूर्नामेंट अध्यक्ष रामनाथ चौरसिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व बैटिंग कर मैच का शुभारंभ किया। झरुआ टीम के कप्तान विरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। परसोहिया नानकार के टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। परसोहिया नानकार की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर के खेल में सात ओवर में ही 54 रन पर आल आउट हो गई। 55 रन का लक्ष्य दूसरी टीम के सामने रखा। जवाब में उतरी झरुआ की टीम ने चार ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 55 रन बनाकर मैच नव विकेट से जीत लिया। झरुआ टीम के कप्तान विरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने एक ओवर में सात रन देकर दों विकेट लिया वहीं अलीम ने 12 रन व पांच विकेट लिए उनको मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस दौरान रामनाथ चौरसिया, अल्ताफ खान, दीपक चौरसिया, कप्तान विरेन्द्र प्रताप जायसवाल,उप कप्तान नूर मोहम्मद, अनिल पासवान, इजहार अली, जितेंद्र,शम्भू, मनीष, उमाशंकर, दिलीप, सुबाष, अलीम, साहिल, सतीश, धर्मराज,सुरेश पासवान, प्रकाश यादव व कॉमेंटेटर अल्ताफ खान व मनीष ने किया।

# मरवटिया बाजार में धंस गया सड़क बैलौहा सेमरा मार्ग

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के बांसी- धानी मार्ग पर स्थित सेमरा से ब्लाक मुख्यालय खेसरहा को जोड़ने वाला बेलौहा सेमरा मार्ग वर्षो से क्षतिग्रस्त है। इसी मार्ग के बीच में पडने वाले मरवटिया बाजार चौराहे की सीमा में सडक 2 से 3 फीट तक धंस चुकी है। सड़क धंसने के कारण सालों- साल जल जमाव की स्थिति बनी रहती है। जिसके कारण आने- जाने वाले लोगों को दिक्कत तो होती ही है स्थानीय लोगों का जल जमाव से उत्पन्न गंदगी से जीना मुहाल है। हल्की सी बरसात में मरवटिया चौराहे का पूरा मार्ग जल प्लावित हो जाता है। जिसमें गिर कर आए दिन लोग चोटिल हो जाते हैं। जिसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। आवागमन संबंधित रोज- रोज की परेशानियों से आजिज क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शाह रुख



खान की अगुवाई में शुक्रवार को शिवम, श्री चंद्र चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र जायसवाल, शिवपूजन, राजेश कुमार, शमशाद खान, दुर्गेश, मनोज कुमार, अखिलेश कुमार, प्रदीप शर्मा आदि लोगों ने शुक्रवार को रोड जाम कर व्यवस्था के प्रति नारेबाजी किया। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार बांसी बिंद्रेश कुमार गुप्ता को अविलंब सडक निर्माण कराये जाने हेतु जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंप कर सडक खाली किया गया। विदित हो कि पीएम वाई योजना के तहत इस मार्ग के निर्माण का टेंडर भी 7 मई वर्ष 2022 में ही हो गया था। इस मार्ग को कार्यदायी संस्था अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की देखरेख में संबंधित ठेकेदार द्वारा बनाकर 07 मई 2023 तक पूरा कर देना था।पर कतिपय कारणों से ऐसा हुआ नहीं।जिम्मेंदारों द्वारा भारत सरकार की इतनी बड़ी परियोजना को विभिन्न कारणों से क्षेत्र में कई जगह लटकाया गया। पीएम वाई योजना से टेंडर होने के बाद लोकनिर्माण विभाग भी तटस्थ है। जबकि परियोजनाओं को लटकाने वालों के विरुद्ध कार्यवाई करने का प्रदेश सरकार का निर्देश है।

### विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन

**पौली।** पौली विकास क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय शनिचरा बाजार के सभागार मे पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी के गैर जनपद स्थानांतरण होने पर शिक्षको ने विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे नम आखो से लोगों ने विदाई की। खंड शिक्षा अधिकारी पौली जनार्दन यादव व प्राथमिक शिक्षा संघ के ब्लाक अध्यक्ष उदय प्रताप यादव की अगुवाई में खण्ड शिक्षाधिकारी बंशीधर सिंह को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षाधिकारी बंशीधर सिंह व जर्नादन यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। खण्ड शिक्षाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि नौकरी के पहले सफर में हमे शिक्षको से भी सीखने का अवसर और सहयेग मिला। शिक्षक बखूबी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी करते थे। यह ब्लाक मेरे लिए यादगार रहेगा। खण्ड शिक्षाधिकारी जनार्दन यादव ने स्मृति चिंह व अंग वस्त्र दे कर स्मानित किए। उहोने कहा कि स्थानांतरण एक प्रक्रिया है। लेकिन जो समय बीत जाता है वह यादगार रह जाता है। शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष उदय प्रताप यादव ने कहा कि मृदुभाषी सरल एंव सहज खंड शिक्षा अधिकारी की कितना भी प्रशंसा करें वह भी काम है।

### मंडल अध्यक्ष ने किया समीक्षा बैठक का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष ने गांव चलो अभियान समीक्षा बैठक एवं लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष पं0शिवशक्ति शर्मा ने की। इस दौरान मण्डल कार्यकारिणी एवं सभी शक्ति केंद्र प्रमुख उपस्थित रहें। इस दौरान मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी बृजबिहारी मिश्रा ने कहा की सभी भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों को लेकर जनता के बीच जाना एवं सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए लोगों से संपर्क कर पुनः केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनाने के लिए आग्रह करना है। इस दौरान विधानसभा के संयोजक पवन मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है। इस दौरान महेश निगम, राजनेत चौरसिया, संजय राजभर, अरविन्द चौधरी, राघवेंद्र पुरी, शिवप्रसाद चौबे, अमेरिका चौधरी, मनोज दूबे, कुश मोदनवाल, नरेन्द्र पाण्डेय, विजय गुप्ता, अनिल मिश्रा, राधेश्याम मिश्रा, नीलेश चौधरी आदि लोग उपस्थित रहें। इसी तरह पकड़ी मंडल की बैठक आदर्श बाल विद्या मंदिर पकड़ी बाजार चौराहा पर मंडल अध्यक्ष अरविंद चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसके मुख्य अतिथि विधान सभा चुनाव प्रभारी शिव नाथ चौधरी रहे उन्होंने अपने संबोधन में सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए पुनः 2024 में मोदी सरकार बनाने के लिए संकल्पित किया। बैठक में मंडल के शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ प्रमुख और मंडल के समस्त पदाधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक का संचालन सुनील गुप्ता मंडल महामंत्री ने किया।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का लोगों ने उठाया लाभ

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** परिवार हॉस्पिटल



मंगुराडिला जलालपुर में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न बीमारियों की निशुल्क जांच की गई तथा दवाओ का वितरण किया गया शिविर मे 75 मरीजो ने अपनी जांच कराई इस अवसर पर शुगर हीमोग्लोबिन थायराइड नाक कान गला सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई शिविर में सर्जन डॉक्टर अंकित सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनामिका सिंह बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अतुल मिश्रा जनरल एवं लिपोस्कोपी सर्जन डॉक्टर अभिषेक रावत नेत्र रोग सर्जन डॉक्टर एचडी केसर ने मरीजों की जांच किया तथा परामर्श दिया।

### प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिये शार्ट लिस्ट में आया जनपद

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के समग्र विकास के अंतर्गत



प्रधानमंत्री पुरस्कार दिया जाता है। 2023 के पुरस्कार हेतु जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विगत वर्ष में जनपद का चौमुखी विकास हुआ है, इस प्रकार प्रधानमंत्री पुरस्कार 2023 हेतु जनपद अंबेडकर नगर द्वारा भी आवेदन किया गया है। भारत सरकार द्वारा इसके चयन हेतु कमेटी का गठन किया गया है, इस कमेटी द्वारा आए हुए आवेदनों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जिसमें जनपद अंबेडकर नगर का भी नाम आया हुआ है। शॉर्ट लिस्ट किए गए जनपदों को स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष पीपीटी के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देनी थी, जिसके क्रम में आज जिलाधिकारी द्वारा इस कमेटी के समक्ष अपना प्रस्तुतीकरण किया गया।

# आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था

भाजपा के श्वेत पत्र के खिलाफ कांग्रेस भले काला पत्र निकाले पर विश्व मान रहा है भारत की अर्थव्यवस्था आगे बाढ़ रही है। यह अन्तर राष्ट्रीय वित्तीय एजेंन्सियों का निरीक्षण है। विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद विश्व की बड़ी आर्थिक व्यस्थाओं के बीच तेजी से आगे बढ़ने की ओर अग्रसर है। पांच वर्षो में तीसरी सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था बन जायेगी। कई देश भारतीय आर्थिक माडल अपनाने की बात करने लगे है। राजनीतिक दल अपनी आकलन कर देश की अर्थव्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाने में व्यस्त है। एक तो भारत का मुख्य विपक्षी दल अपने पार्टी मे ंचल रहे बिखराव, पार्टी में चल रहे बिखराव, पार्टी छोड़ जाने वाले लोगो से आहत है। पार्टी नही संभाल रही है भारत जोड़ने की बात कर रही है। बिस कुंढाग्रस्त भारत के अर तरह के प्रगति प्रश्न चिन्ह लगाने में व्यस्त है। कालापत्र निकालने में व्यस्त है। भारत के अर्थ व्यवस्था की प्रगति का सबूत शेयर बाजार के पूजीकरण के देखा जा सकता है। 2023 के पहले हफ्ते में फ्रान्स और ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुये शेयर बाजार के पूजीकरण के मामले में भारत ने ब्रिटेन और फ्रान्स को पीछे छोड़ते हुये पांचव स्थान प्राप्त किया था। भारत से मांगे अमेरिका, चीन, जापान, हांकांग थे। दो माह के अन्दर हांकांग के पीछे छोड़ते हुये चौथा स्थान प्राप्त कर लिये। कांग्रेस इससे वाकिफहै की नहीं। भारत वैश्विक स्तर पर विभिन्न उत्पादो के लिये बहुत बड़े क्षेत्र में विकसित हो रहा है इससे 50 से ज्यादा देश भारत से द्वीयक्षीय व्यापार समझौता चाहते है। देश की प्रगति तभी सफल मानी जाती है जब आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति के पास भी प्रगति का हिस्सा पहुंचे। इस सन्दर्भ में विश्व बैक ने भारत की सराहना करते हुये कहा है गरीबी और आप की असमानता कम करने में विशेष सफ्लता पाई है। अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी यही कहा है। 1947 में 70 प्रतिशत गरीबी रेखा के नीचे थे 2020 में आबादी का 10 प्रतिशत हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे था। भारत डिजिटल इन्डिया के माध्यम से क्रान्तिकारी दौर से सफ्लता पूर्वक आगे बढ़ रहा है। पिछ्ले 10 सालों में डिजिटलीकरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। सबूत के तौर पर 120 करोड़ से ज्यादा इन्टरनेट 114 करोड़ से ज्यादा मोबाइल 165 करोड़ से ज्यादा स्मार्ट फोन का उपयोग हो रहा है। दिन पर दिन यह संख्या आगे बढ़ती जा रही है और आगे भी बढ़ेगी क्योकि इस क्षेत्र में नये नया प्रयोग हो रहे है। दिमाग में चिप्स बैठाने की बात हो रही है। क्या मानव पूरी तरह मशीनीकरण हो जायेगा यह तय है कि विश्व एक नये डिटल युग में प्रवेश करेगा। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में डिजिटल इन्डिया अपना कमाल दिखा रहा है। इससे गांवो में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ गई है। डिजिटल प्लेट फार्म का उपयोग हो रहा है। ड्रोन के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में बड़ी सहायता मिलने की आशा है। खेतो में बीजों का छिड़काव, कीटनाशक का छिड़काव सम्भव हो जायेगा। अभी सीमित दायरे में इसका उपयोग हो रहा है। कृषि क्षेत्रों, रक्षा उत्पादो, फार्म, नवीनीकरण ऊर्जा डिजिटल व्यवस्था के साथ प्रौद्योगिक सूचना तकनीक आटो मोबाइल, मोबाइल उत्पादन बिनिवादी क्षेत्रों का विकास, स्टार्ट अप ड्रोन, हतरेत ऊर्जा, अन्तरिक्ष जैसे क्षेत्रों में भारत वैश्वि लीटर बनने की ओर अग्रसर है। यह सब आर्थिक हालात के बेहतरी और प्रगति के सूचक है। तब राजनीतिक दल भारत के विकास को होड़ बुराइयां गिनाने में क्यों मशगूल है। चुनाव का डर उनके क्या क्या न करवा दे। अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि 2024 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में भारत का योगदान 16 प्रतिशत से भी ज्यादा रहने वाला है। दूसरे देशो की विकासदर कम हो रही है भारत की बढ़ती जा रही है। अब भारत की अर्थव्यवस्था में मन्दिर अर्थव्यवस्था आ गई है। जिससे पर्यटन में असीम वृद्धि हो रही है। इससे जुड़े सेक्टरो की उत्पादन बढ़ रहा है, लोगो की आय बढ़ रही है लोगो को रोजगार मिल रहा है। मन्दिर को लेकर विपक्ष बहुत ही कटु है पर पीछे पीछे वही करण है ज्यो भाजपा ने सबको सामूहिक निमन्त्रण से बुलाकर किया है। इस परिप्रेक्ष में कांग्रेस का ब्लैक पेपर आप भी अंकिये।

## यूनीफार्म सिविल कोड को अपनाना मुसावात और क़ौमी यकजेहती की तरफ़ एक रास्ता

यूनीफार्म सिवल कोड (यूसीसी) ने हाल ही में खासतौर पर मुस्लिम कम्यूनिटी के अंदर बहस और तशवीश को जन्म दिया है। इन ख़दशात को दूर करना और उन मुम्किना फ़वाइद पर रोशनी डालना ज़रूरी है जोन्ब्ब् मजमूई तौर पर मुआशरे को ला सकता है। ख़ौफ़ को दूर करके और इफ़हाम-ओ-तफ़हीम को फ़रोग़ देकर हम यूसीसी को मुसलमानों समेत तमाम शहरियों के दरमियान मुसावात, इन्साफ़ और इत्तिहाद को फ़रोग़ देने के एक ज़रिया के तौर पर पहचान सकते हैं।

यूसीसी, जो हिन्दुस्तानी आईन आर्टीकल ला 44 के तहत दर्ज है, शादी, तलाक़, विरासत, गोद लेने वग़ैरा जैसे मुआमलात में तमाम मज़हबी बिरादरियों पर लागू होने वाले यकसाँ क़वानीन की तशकील का मुतालिबा करता है। वो नाक़िदीन जो यूसीसी के बारे में ख़दशात का इज़हार करते हैं कि मज़हबी आज़ादी के हक़ से मुताल्लिक़ बुनियादी हुक़ूक़ (जिसका आर्टीकल 25-28 के तहत किया गया है से मुताल्लिक़ मुम्किना तौर पर तहफ़्फ़ुज़ात हैं वो एक तवाज़ुन क़ायम करने की अहमियत को नज़रअंदाज कर रहे हैं जो इन्फ़िरादी हुक़ूक़ और यकसाँ क़ानूनी फ्रेमवर्क की ज़रूरत दोनों का एहतिराम करता है यूसीसी के हतमी मौक़िफ़ को क़बूल करना क़बल अज़ वक़्त है क्योंकि ये अभी तै होना बाक़ी है कि आया आर्टीकल ला25-28 की दफ़आत को शामिल करेगा या कोई दरमियानी बुनियाद तलाश करेगा जो इत्तिहाद को फ़रोग़ देते हुए आईनी उसूलों को बरक़रार रखे।

हिन्दोस्तान की ताक़त उस के भरपूर तनू और तकसीरी समाज में पिनहां है। यूसीसी को सक़ाफ़्ती और मज़हबी शनाख़्त के लिए ख़तरा के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि मुतनव्वे पर्सनल लॉज़ को हम-आहंग कर के क़ौम को मुत्तहिद करने के एक मौक़ा के तौर पर देखा जाना चाहिए। मुश्तरकात और मुशतर्का इक़दार पर तवज्जा मर्कूज़ कर के,न्ब्ब् इन्फ़िरादी मज़हबी अक़ाइद का एहतिराम करते हुए क़ौमी शनाख़्त के एहसास को फ़रोग़ दे सकता है। मुस्लिम कम्यूनिटी के अंदर मुख़्तलिफ़ नुक़्ता-ए-नज़र को पहचानना ही बहुत ज़रूरी है, बिशमोल पसमांदा मुस्लमान, जिन्हें अक्सर बाअज़ तन्ज़ीमों ने पसमांदा और नज़रअंदाज किया है इस इमतियाज़ी सुलूक को दूर करने और मुआशरे के तमाम तबक़ात के लिए मुसावी नुमाइंदगी और शमूलीयत फ़राहम करने का एक मौक़ा पेश करता है। इस तरह ज़ात पात और तबक़ाती तफ़रीक़ को मिटाता है। मज़ीद ये कि यू सी सी मुस्लिम ख़्वातीन के हुक़ूक़ के तहफ़्फ़ुज़ की सलाहीयत रखती है। जब कि पर्सनल लॉज़ उन्हें जायदाद के हुक़ूक़ फ़राहम करते हैं, बहुत सी ख़्वातीन को सक़ाफ़्ती तअस्सुबात और मीसाक़ शूदा क़वानीन की कमी की वजह से अपनी सही विरासत के हुसूल में चौलेंजिज़ का सामना है। यू सी सी इस बात को यक़ीनी बनाने के लिए क़ानूनी हिमायत फ़राहम कर सकती है कि मुस्लिम ख़्वातीन को उनके विरासत के हुक़ूक़ क़ानूनी तौर पर मिलें, सनफ़ी मुसावात और इन्साफ़ को फ़रोग़ दिया जाये। तीन तलाक़ पर फ़ौरी पाबंदी मुस्लमानों के मुआमलात में मुसबत हुकूमती मुदाख़िलत की एक मिसाल है। इबतिदाई तन्क़ीद के बावजूद, तीन तलाक़ क़ानून के नफ़ाज़ से मुतअद्दिद मुस्लिम ख़्वातीन को फ़ायदा हुआ है जो इस ग़ैर मुंसिफ़ाना अमल का शिकार थीं। इस से ज़ाहिर होता है कि हुकूमत के इरादे इन्साफ़ की तलाश से चलते हैं, और सयासी तौर पर मुहर्रिक बयानात कोन्ब्ब् के मुम्किना फ़वाइद को नुक़्सान नहीं पहुंचाना चाहिए। आख़िर में, यूसीसी को हमारे मुतनव्वे मुआशरे में मुसावात, इन्साफ़ और इत्तिहाद को फ़रोग़ देने के लिए एक प्लेटफार्म के तौर पर देखा जाना चाहिए। उसे ज़ाती अक़ाइद के लिए ख़तरा समझने के बजाय, हमें इमतियाज़ी सुलूक से निमटने, पसमांदा कम्यूनिटीज़ को बाइख़्तियार बनाने और तमाम शहरीयों ख़ुसूसन ख़्वातीन के हुक़ूक़ के तहफ़्फ़ुज़ के लिए उस की सलाहियत को तस्लीम करना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# तुष्टिकरण की राजनीति का कुफल संदेशखाली प्रकरण



आशीष वशिष्ठ

**पश्चिम बंगाल के उत्तर 24-परगना जिले में कालिंदी नदी के किनारे बसा गांव संदेशखाली पिछले कई दिनों से चर्चाओं में है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके दो सहयोगियों पर यहां की महिलाओं ने कथित अत्याचार और यौन उत्पीड़न के कई गंभीर आरोप लगाए हैं। संदेषखाली की पीड़िताओं ने जो बातें जिम्मेदारी लोगों को बताई हैं, वह 21 वीं सदी में अकल्पनीय है। ऐसे में अहम सवाल है कि कोई शाहजहां शेख कैसे इतना निरंकुश हो जाता है? शाहजहां जैसे अत्याचारियों को ताकत कहां से मिलती है? इन सवालों का जवाब भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी के बयान के छिपा है।**



सुधांशु के अनुसार, ''जो कुछ संदेशखाली में हो रहा है वो मात्र एक घटना नहीं बल्कि एक राजनीति सोच है, जो 78 वर्ष पूर्व नोआखाली से लेकर आज के संदेशखाली तक बंगाल के लिए नासूर बनती जा रही है। शाहजहां शेख एक व्यक्ति नहीं एक प्रवृत्ति है जिसे मात्र बंगाल में नहीं बल्कि पूरे भारत में एक विशेष प्रकार का सेक्युलर संरक्षण प्राप्त है। राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटे तो कांग्रेस पार्टी को मुस्लिम तुष्टिकरण की जननी कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। आजादी के बाद नेहरू से वर्तमान तक पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति को समर्पित रही है। आजादी के बाद घरेलू ही नहीं, विदेशी नीति भी तुष्टिकरण से तय होती थी। सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि जिन मुसलमानों के नाम पर कांग्रेस ने देश में तुष्टिकरण की नीति का आगाज किया उन मुसलमानों की माली हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती चली गई। दूसरी विडंबना यह हुई कि कांग्रेसी तुष्टिकरण का संक्रमण क्षेत्रीय पार्टियों, मीडिया, बुद्धिजीवियों तक होता गया।

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण के बलबूते ही सत्ता में आई थी। सत्ता पर काबिज होने के बाद से तृणमूल की सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए हिंदुओं व दूसरे समुदायों की पूरी तरह अनदेखी की। हिन्दुओं के धार्मिक उत्सवों और यात्राओं तक में सरकार ने अड़चने लगाने का काम किया। पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं की जो दुर्दशा हो रही है, वो किसी छिपी नहीं है। तृणमूल के नेता और कार्यकर्ता जिस तरह का अत्याचार कर रहे हैं, वो सुनकर हैरानी होती है कि हम किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में रहते हैं, और पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार है। पश्चिम बंगाल हो या फिर दिल्ली मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर इनमें होड़ है। दिल्ली के दंगों में आम आदमी पार्टी के नेताओं की भूमिका सर्वविदित है। दिल्ली में शाहीन बाग प्रदर्शन के पीछे भी मुस्लिम तुष्टिकरण वाली राजनीतिक ताकतें अपना चेहरा चाहकर भी छुपा नहीं पाई थीं। तेलंगाना में जब बीआरएस और राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, तब वहां मुस्लिम तुष्टिकरण ही राज्यनीति था। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल जब सरकार की हिस्सेदार थी, तब वहां भी मुस्लिम तुष्टिकरण चरम पर था। आजादी के बाद देश में जिस मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को जो बीज बोया गया, वह आगे चलकर वट वृक्ष बन गया। भारत दुनिया का इकलौता देश बना जहां बहुसंख्यकों के हितों की कीमत पर अल्पसंख्यकों को वरीयता दी गई। कांग्रेसी तुष्टिकरण का पहला नमूना आजादी के तुरंत बाद देखने को मिला जब देश के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने गुलामी के पहले कलंक को मिटाने के लिए भव्य सोमनाथ मंदिर बनाने की पहल की। लेकिन मुस्लिम परस्ती के चलते प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने न सिर्फ सोमनाथ मंदिर के नवीनीकरण और पुनर्स्थापना के कार्य से खुद को अलग कर लिया बल्कि तत्कालीन सौराष्ट्र के मुख्यमंत्री को आदेश दिया कि मंदिर निर्माण में सरकार का एक भी पैसा नहीं लगना चाहिए। इतना ही नहीं, जब राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद पुनर्निमित सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन करने जाने लगे तब नेहरू ने उन्हें रोकने की नाकाम कोशिश भी की। वास्तव में, अल्पसंख्यकवाद और मुस्लिम तुष्टिकरण ही भारत के छद्म धर्म (पंथ) निपरेक्षतावाद की मूल धुरी है। इस देश के मुसलमानों का खुश रहना नहीं, उन्हें खुश रखने के लिए हर संभव प्रयत्न का नाम है सेकुलरिटी। जैसे गरीबी हटाने का नारा जीवित रखने के लिए गरीब बनाकर रखना एक राजनीतिक आवश्यकता है, ठीक उसी प्रकार से इस देश के मुसलमानों को अपनी पूजा पद्धति रोजा नमाज और मस्जिद सहित यहां की मुख्य सांस्कृतिक और राष्ट्रीय धारा न बनने देकर उसके समानांतर एक मुस्लिम मजहबी धारा बनाकर रखना भी वोट राजनीति की जरूरत है। वोट राजनीति की इस विवष्ता को कतिपय राजनीतिक दल, दल विहीन राजनेता और बुद्धिवादी देश का स्थायी भाव बना देने की जी तोड़ कोशिशें कर रहे हैं। स्वभावतरू पंथनिरपेक्ष भर को सुनियोजित ढंग से पंथ और मजहब के संदर्भ में सोचने, जीने और अपना मानस बनाने को कहा जा रहा है कि यदि ऐसा सोचा और किया न गया तो देश साम्प्रदायिकता की आग में जलकर राख बन जायेगा। यदि संक्षेप में और कुछ वाक्यों में कहें तो आज के भारत की धर्म (पंथ) निरपेक्षता मुस्लिम सापेक्षता का पर्याय है। दोनों एक दूसरे के दास हैं। दोनों की आधार भूमि है सत्ता राजनीति।

यह मान लिया गया है कि मुस्लिम सापेक्ष न होना पंथनिरपेक्षता का विरोधी होना है। यह कि यदि हमारी सोच का केंद्र बिंदु मुसलमान नहीं हैं तो हम भारत राष्ट्र को तोड़ने की दिषा में बढ़ रहे हैं। यदि हम किसी अबोध शिशु की दुधमुंही मुस्कान से प्राप्त होने वाले आत्म और वात्सल्य का अनुभव नहीं करते, तो हम मुस्लिम ही नहीं, भारत विरोधी भी हैं। और यह कि यदि हम अपने आचार विचार से हिन्दू विरोधी नहीं हैं तो हम सेकुलर नहीं है।

# आध्यात्मिक धार्मिक संस्थान अब टैक्स के दायरे में आएंगे



किशन भावनानी

“ वैश्विक स्तरपर भारत दुनियां में सबसे अधिक आध्यात्मिकता आस्था व आध्यात्मिक स्थलों वाला देश है जहां पूरी दुनियां के सैलानी भारत आकर उन मशहूर आध्यात्मिक स्थलों का दौरा करते हैं। बता दें कि इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया में अनेकों ऐसे आध्यात्मिक स्थलों की सूची दी गई है, जहां प्रतिवर्ष करोड़ की मात्रा में भक्तों द्वारा चढ़ावा आता है, जिसमें नगदी सोने हीरे मोती नग शामिल होते हैं। जबकि समय-समय पर सरकार इन्हें सरकारी नियंत्रण में लेती है, जिसका विधेयक पास कराकर कानून बना दिया जाता है। जो मुद्दा फिर एक बारजोरदार ढंग से दिनांक 23 फरवरी 2024 को भारत की मीडिया में उछला है। मामला यूं है कि कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धार्मिक धर्मार्थ बंदोबस्ती विधायक 2024 पारित कानून बनेगा



उत्तराखंड में तत्कालीन सरकार ने चारधाम एक्ट लाकर और हरियाणा सरकार ने कई प्रमुख मंदिरों को अपने नियंत्रण लेने का फैसला किया था। लेकिनत मिलनाडु और कर्नाटक के चुनावों में यही बीजेपी पार्टी मंदिरों को मुक्त करवाने के वादे करती है। चुंकि आध्यात्मिक धार्मिक संस्थान अब टैक्स के दायरे में आएंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग के इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आध्यात्मिक स्थलों में माथा टेकने वाले भक्तों द्वारा लाखों करोड़ों रुपए का चंदा चढ़ावा टैक्स के दायरे में लाने वाले कानून को रेखांकित करने वाली बात है।

साथियों बात अगर हम कर्नाटक विधानसभा में पारित कानून की करें तो, कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024 पुराने कानून में किया एक संशोधन है। इस कानून के लागू होने के बाद 1 करोड़ रुपये से अधिक सकल वार्षिक आय वाले मंदिरों को अपनी आय का 10 प्रतिशत एक कॉमन पूल में देना होगा। वहीं 10 लाख से 1 करोड़ तक के बीच सकल वार्षिक आय वाले मंदिरों को अपनी आय का 5 प्रतिशत धन कॉमन पूल में देना होगा। कर्नाटक के सीएम के मुताबिक, ये कानून 2003 में लागू हुआ था। संशोधन से पहले तक 5 लाख के आय वाले मंदिरों पर 5 प्रतिशत का टैक्स लगता था।कर्नाटक सरकार के मंत्री के मुताबिक मंदिरों से लिए गए टैक्स को कॉमन पूल फंड जमा किया जाता है। कॉमन पूल फंड को राज्य धर्मिका परिषद के तहत चलाया जाता है।संशोधित कानून में लिखा है कि कॉमन पूल फंड का इस्तेमाल किसी अन्य धार्मिक संस्थानों में जरूरतमंदों की मदद के लिए किया जाएगा। इसके अलावा हिंदू धर्म के किसी भी धार्मिक कार्यों के लिए इस फंड का इस्तेमाल किया जाएगा। फंड का इस्तेमाल किसी दूसरे उद्देश्य के लिए या दूसरे धर्मों के अनुयायियों के लाभ के लिए नहीं किया गया है। ये प्रावधान हिंदू समुदाय के कल्याण और उत्थान के लिए मंदिर निधि का उपयोग करने कीप्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं, जो गैर-हिंदू उद्देश्यों के लिए धन के गलत आवंटन या अनुचित टैक्स को लागू करने के दावों का सीधा खंडन करते हैं। नया बिल बुधवार को कर्नाटक विधानसभा में पेश किया गया और सहमति हासिल की गई। बीजेपी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर कहा कि नए बिल के मुताबिक, दूसरे धर्म के व्यक्ति भी किसी मंदिर के प्रबंधन का हिस्सा बन सकते हैं। कर्नाटक के सीए ने एक्स पर किए ट्वीट में बताया कॉमन पूल पूरी तरह से हिंदू धर्म से जुड़े धार्मिक मकसदों के लिए है। कॉमन पूल फंड का इस्तेमाल 2003 में अधिनियम के लागू होने के बाद से केवल हिंदू संस्थानों के धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया गया है और भविष्य में भी इसका इस्तेमाल इन्हीं उद्देश्यों के लिए किया जाता रहेगा। उद्देश्य?विधेयक का उद्देश्य राज्य में हिंदू धार्मिक संस्थानों और धर्मार्थ बंदोबस्ती के प्रबंधन और वित्त को विनियमित करना है।इसके लिए इन संस्थानों को अपनी आय का एक हिस्सा कुछ खास उद्देश्यों के लिए सरकार को देना होगा।इस धन का उपयोग पुजारियों की आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाने, खराब स्थिति वाले मंदिरों का सुधार करने और पुजारियों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए किया जाएगाय्। सरकार का दावा है कि इकट्ठा किए गए धन का इस्तेमाल धार्मिक परिषद उद्देश्यों के लिए किया जाएगा, जिससे पुजारियों की आर्थिक स्थिति बेहतर की जाएगी और सी-ग्रेड मंदिरों या जिन मंदिरों की स्थिति बहुत ख़राब है उनमें सुधार किया जाएगा तथा मंदिर के पुजारियों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। साथियों बात अगर हम ईआध्यात्मिक देश भारत की करें तो, दुनियाभर में भारत अपनी संस्कृति और परंपराओं के लिए मशहूर है। यहां मौजूद मंदिर अपनी भव्यता औरवास्तुशिल्प के लिए काफी प्रसिद्ध है। इन मंदिरों की लोकप्रियता की वजह से ही हर साल यहां भक्त करोड़ो का दान करते हैं।सोने की चिड़िया कहा जाने वाला भारत दुनियाभर में अपनी परंपराओं और मान्यताओं के लिए काफी मशहूर है। प्राचीन काल से ही यह देश दुनियाभर में आकर्षण का केंद्र रहा है। अपनी संस्कृति और आस्था की वजह से दुनियाभर के लोग इसकी तरफ खिंचे चले आते हैं। आस्था का प्रतीक यह देश पुराने समय से अपने मंदिरों के लिए पहचाना जाता है। यहां कई सारे मंदिर मौजूद हैं, जो अपनी भव्यता और वास्तुकला के लिए जाने जाते हैं। यही वजह है कि हर साल यहां देश ही नहीं, बल्कि विदेश से भी कई सारे भक्त दर्शन के लिए आते हैं। इतना नहीं मंदिर में माथा टेकने वाले ये भक्त भगवान को लाखों-करोड़ों रुपये का चढ़ावा भी अर्पित करते हैं।

भक्तों के इन्हीं चढ़ाने की वजह से देश में कई ऐसे मंदिर हैं, जो चढ़ावे के मामले एक दूसरे को टक्कर देते हैं।भारत में हिंदुओं की आस्था मंदिरों में विराजमान भगवान से इस कदर जुड़ी है कि वो उसके लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। तभी तो भक्त अपनी श्रद्धा और भक्ति के लिए मंदिरों में लाखों का दान करते हैं, और दान के बलबूते भारत के सैकडों मंदिर अमीर मंदिरों की लिस्ट में शामिल हैं। साथियों बात अगर हम आध्यात्मिक स्थलों पर सरकारी नियंत्रण के इतिहास की करें तो, देश में मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण का इतिहास अंग्रेजों के जमाने से जाकर जुड़ता है। यह परंपरा आजादी के बाद भी जारी रही और बकायदा कानून बनाकर मंदिरों पर नियंत्रण जारी रखा।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को तरसते गांव के लोग



रेनू

**कुछ समय पहले जब मैं गर्भवती थी तो गांव में स्वास्थ्य की कोई उचित सुविधा नहीं थी, जिसकी वजह से मुझे प्रसव पीड़ा के दौरान अपने गांव से 48 किमी दूर बागेश्वर के जिला अस्पताल जाना पड़ा था. इस दौरान मुझे जो कष्ट हुआ, वो पीड़ा मै कभी नही भूल सकती। अस्पताल में जाकर मुझे पता चला की मेरे गर्भाशय में ट्यूमर है। अगर हमारे गांव में स्वास्थ्य केंद्र की बेहतर सुविधा होती और जांच की सारी सुविधाएं होती तो शायद शुरू में ही मुझे इस बीमारी का पता चल जाता। यह कहना है 27 वर्षीय गंगा देवी का, जो पिंगलो गाँव की रहने वाली है। यह गाँव पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के गरुड़ ब्लॉक से लगभग 22 किमी की दूरी पर बसा है। जहां लोगों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की कोई सुविधा नहीं है।**




हालांकि राज्य सरकार ने अस्पताल की कमियों को दूर करने के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई हैं। इसके अलावा ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद राज्य के ऐसे बहुत से गांव हैं जहां स्वास्थ्य की सुविधा नाममात्र की है, वहीं पिंगलों गांव के लोगों की शिकायत तो यह है कि उन्हें स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर कुछ नहीं मिला है। इस संबंध में 22 वर्षीय एक किशोरी अंशिका की शिकायत है कि ÷हमारे गांव में कोई स्वास्थ्य केंद्र है ही नहीं। जिसकी वजह से हमें बहुत सी परेशानियाँ झेलनी पड़ती हैं। खासतौर से जब मुझे पीरियड्स होते हैं तो कई बार मुझे असहनीय दर्द होता है। इस दौरान काफी रक्तस्राव भी होता है। जिसके लिए मुझे डॉक्टर को दिखाने और दवा लेने की जरूरत पड़ जाती है। लेकिन गाँव में महिला डॉक्टर की बात तो दूर, स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा तक नहीं है। जिसकी वजह से कई मुझे असहनीय दर्द की स्थिति में ही बागेश्वर या बैजनाथ अस्पताल जाना पड़ जाता है। गांव की एक अन्य किशोरी गुंजन बिष्ट का कहना है कि ÷हमने हमेशा गाँव में स्वास्थ्य से जुड़ी चीजों की कमियां ही देखी हैं। खांसी, जुकाम होने पर भी हमें बैजनाथ या बागेश्वर के जिला अस्पताल ही जाना पड़ता है। जिसमें हमें गाड़ी वाले को किराया भी देना पड़ता है। घर वालों के पास इतने पैसे नहीं होते हैं कि हर माह गाड़ी भाड़ा दें और दवा पर पैसे खर्च करें। यह हमारे लिए बहुत मुश्किल हो जाता है।÷ वहीं 30 वर्षीय एक महिला उषा देवी का कहना है कि ÷जब मैं बीमार होती हूं तो मुझे बैजनाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है क्योंकि हमारे गांव में कोई स्वास्थ्य सुविधा नही है। इतनी दूर जाने के लिए, भी गाड़ियों का मिलना बहुत कठिन होता है। हर गांव विकास कर रहा है, सरकार गांवों में सुविधाएं बढ़ा रही है, पर हमारे गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी कब स्थापित होगा? इसका कुछ पता नही है। एक अन्य महिला 31 वर्षीय पुष्पा देवी का कहना है कि हमारे गांव से लगभग 22 किमी दूर बैजनाथ अस्पताल हम लोग जाते हैं लेकिन वहां पर भी हमें प्राप्त दवाइयां नहीं मिल पाती हैं। वह दवाइयां हमें बाहर से खरीदनी पड़ती है। जो अक्सर महंगी होती है। ऐसी स्थिति में जिनकी आर्थिक स्थिति खराब होती है, वह बाहर से भी दवाइयां नहीं ले पाते हैं। अगर हमारे गांव में भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुल जाए तो हमें बहुत ही सुविधा हो जाएगी। इस संबंध में गांव की आशा वर्कर गोदावरी देवी का कहना है कि गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने के कारण हमें समय पर गर्भवती महिलाओं की जांच करवाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्हें जांच के लिए बैजनाथ लेकर जाने में बहुत दिक्कत होती है। कई बार तो प्रसव पीड़ा के दौरान ही उन्हें अस्पताल लेकर जाते समय रास्ते में ही डिलीवरी हो जाती है। जिससे अक्सर जच्चा और बच्चा की जान को खतरा रहता है। पिंगलो गांव के ग्राम प्रधान पान सिंह खाती कहते हैं कि ÷हमारे गांव में कोई स्वास्थ्य केंद्र का नहीं होना सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। जिस करण गांव के मरीजों विशेषकर गर्भवती महिलाओं को बैजनाथ या बागेश्वर के जिला अस्पताल लेकर जाना पड़ता है। छोटी जांच करवाने के लिए भी यहां के मरीजों को बैजनाथ लेकर जाना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं के लिए तो बहुत ही दिक्कत होती है। मैंने कई इसके लिए बार प्रयास भी किया, इसके लिए विभाग और जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर उन्हें गांव वालों की समस्याओं से अवगत कराया, लेकिन आज तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है और अभी तक पिंगलों गाँव के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा नहीं मिल सकी है। उत्तराखंड बजट 2023 -2024 में राजपत्रित और अराजपत्रित पदों के विवरण के अनुसार चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य विभाग में कुल 9,753 पद स्वीकृत हैं जिसमें से कुल 5,732 पदों पर नियुक्ति है जबकि 4,021 पद अभी रिक्त हैं जो कुल पदों का लगभग 41 प्रतिशत है। होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग में कुल 434 पद स्वीकृत हैं जिसमे से 260 पदों पर नियुक्ति है और 174 पद अभी खाली हैं, चिकित्सा शिक्षा विभाग में कुल 6,061 पद स्वीकृत है और कुल 2,737 पदों पर नियुक्ति है जबकि 3,324 पद अभी रिक्त हैं। इसी प्रकार आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा विभाग में कुल 2,844 पद स्वीकृत हैं और कुल 2,186 पदों पर नियुक्ति है जबकि 658 पद अभी रिक्त हैं और परिवार कल्याण विभाग में कुल 3,821 पद स्वीकृत हैं जिसमे से 1,788 पदों पर नियुक्ति है और 2,033 रिक्त हैं। यह आंकड़े बताते हैं कि उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर अभी बहुत काम करना बाकी है। सरकार को इस प्रकार की नीति और योजनाएं बनाने की जरूरत है जिससे समाज में हाशिये पर खड़े लोगों तक सुविधाओं का समुचित लाभ मिल सके।

# लाभार्थी संपर्क अभियान में संवाद स्थापित करना प्रमुख उद्देश्य : दुबे

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी पूरे उत्तर प्रदेश में लाभार्थी संपर्क अभियान चलाने जा रही है। इसे लेकर आज बैतालपुर विकास खंड के ब्लाक सभागार में मंडल बैतालपुर की कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी विजय कुमार दुबे और विधानसभा संयोजक विजय पटेल ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

विधानसभा प्रभारी देवरिया विजय कुमार दुबे ने कहा कि 2024 में लोकसभा की सभी सीटों पर कमल खिलाना है, मोदी सरकार ने गरीब कल्याण को ध्यान में रखते हुए कई लोक कल्याणकारी योजनाओं को शुरू किया, जन जन तक वे योजनाएं पहुंची, जिसका परिणाम रहा कि 2014 से 2023 के बीच लगभग 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आए। कहा कि केन्द्र और राज्य में बीजेपी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों के बीच जाकर लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत संवाद स्थापित करना है। मोदी सरकार ने जो भी योजनाएं चलाई हैं, वे सीधे तौर पर जरूरतमंद लोगों तक पहुंची हैं। केन्द्र सरकार ने जनहित योजनाओं को धरातल पर उतारकर जनता से किए गए हर वादे को पूरा किया है। विधानसभा संयोजक विजय पटेल ने लाभार्थी संपर्क में क्या क्या करना है, करणीय कार्यों, बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कहा कि लाभार्थी से सीधा सम्पर्क करना है, इस दौरान लाभार्थी द्वारा मोबाइल नम्बर 9638002024 पर मिस्ड कॉल भी करवाना है, यह आवश्यक है और मोदी का पत्रक सौंपकर लाभार्थी के घर पर स्टीकर लगाने का कार्य पार्टी कार्यकर्ताओं को करना है।

**बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ सभी को मिला : सत्येन्द्र मणि**

मंडल प्रभारी सत्येन्द्र मणि त्रिपाठी ने लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर पार्टी द्वारा सांगठनिक योजना पर चर्चा करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में 25 फरवरी से 5 मार्च के बीच लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलेगा और 1 मार्च से 3 मार्च के बीच विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान आबंटित बूथों पर प्रत्येक कार्यकर्ता को पहुंचना है। बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ सभी को मिला, लाभार्थी संपर्क अभियान लोकसभा चुनाव में अप्रत्याशित परिणाम देगा। मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिंह ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए सभी का आभार प्रकट किया।

## महाकाल के बनने लगे पकवान विशाल भंडारा आज

**लखनऊ।** इंदिरा नगर स्थित भगवान महाकाल का दरबार सज गया है ओम नमः शिवाय का अखंड जाप शुरू हो गया है पकवान बनने लगे हैं कल मनायी जाने वाली स्थापना वर्षगांठ में हजारों लोगों को प्रसाद वितरित करने की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं महाकालेश्वर मंदिर के संस्थापक एवं मंदिर की प्रबंध कमेटी ओम श्री महाकालेश्वर मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र सिंह ने बताया इस आयोजन में जहां जनपद और आसपास के जिलों के हजारों भक्त भगवान महाकाल के पूजन अर्चन और दर्शन के बाद प्रसाद ग्रहण करते हैं वही इस आध्यात्मिक उत्सव में तमाम संत आचार्य राजनेता प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारी भी प्रसाद ग्रहण करने पहुंचते हैं उन्होंने कहा भगवान महाकाल के दर्शन मात्र से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं पिछले 22 वर्षों से प्रत्येक वर्ष निर्धारित इस 25 फरवरी की तिथि पर समारोह में भक्तों की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ती है सुबह 9 बजे रुद्राभिषेक और हवन की पूजन के बाद अपराह्न 2 बजे भंडारा शुरू हो जाएगा

# संत रविदास के विचारों पर काम कर रही है मोदी सरकार : राजन

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** अपने विचारों से सम्पूर्ण जगत में सामाजिक एकता व समरसता का सन्देश देने वाले, सामाजिक परिवर्तन के महानायक, दर्शनशास्त्री कवि व परमज्ञानी संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती पर हनुमान मंदिर परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राजन सोनकर ने कहा कि संत रविदास का समानता और समरसता पर आधारित संदेश समाज की हर पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे।संत शिरोमणि रविदास संत परम्परा के महान कवि थे।

संत रविदास ने जाति और धर्म से ऊपर उठकर देश को एकता के सूत्र में बाँधने के उल्लेखनीय प्रयास किये।संत रविदास का मानना था कि कर्म ही सबसे बड़ा धर्म है और हमें निष्काम भाव से कर्म करना चाहिए। संत रविदास के सिद्धांतों को आत्मसात कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। जिलामहामंत्री भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा डाक्टर रामप्यारे ने कहा कि सामाजिक सौहार्द, सद्भावना व आध्यात्मिक ज्ञान के संत रविदास के संदेश अमर हैं और प्रेरणा-पुंज बनकर समाज में प्रवाहित होते हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार संत रविदास के उद्देश्यों को फलीभूत कर रही है। ये हमारी जिम्मेदारी है कि उनके बताए रास्ते पर चलकर विकसित भारत का निर्माण करें और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करें। इस दौरान अम्बिकेश पाण्डेय, सूरज पटेल, सूरज बाल्मीकि, अतुल पासवान नन्हे, आदित्य पासवान, बड़े कुमार, रज्जाक प्रसाद आदि रहे।

## 'कलोत्सव 2024' का आयोजन




**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** 22 फरवरी 2024 को यूनिटी कालेज हुसैनाबाद लखनऊ में यूनिटी वेदा एनिमेशन तथा यूनिटी आई टी आई के तत्वाधान में 'कलोत्सव 2024' का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों की प्रतिभाओं तथा उनके द्वारा बनायी गयी विभिन्न बमताओ की प्रदर्षनी लगायी गयी। समारोह के मुख्य अतिथि श्री मोहित कपूर हेड आफ एरा एनिमेषन स्टूडियो तथा श्री षमीम अहमद हेड आफ ट्रू फार्म गेम्स ने छात्रध्छात्राओं की बमताओ का अवलोकन किया तथा उत्कष्ट छात्रों को प्रषस्ति पत्र तथा मेडल प्रदान किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य श्री षोभित वर्मा ने बताया कि संस्था में पाई वेदा यूनिवर्सिटी पुणे के अन्तर्गत छात्रो को एनिमेषन तथा ग्राफिक्स के लिये ग्रेजुएषन की डिग्री तथा ट्रेनिंग दी जाती है ताकि वे आधुनिक वातावरण में जीविकोपार्जन हेतु बमता पैदा करें।

## पेड़ पर लटकता मिला अधेड़ का शव

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** करारी थाना क्षेत्र के बजहा खुर्रमपुर में शौच को गये अधेड़ का शव पेड़ से लटकता मिला। शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को लिखा पढ़ी के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधेड़ की मौत से घर मे कोहराम मच गया है। शनिवार की सुबह करारी कोतवाली क्षेत्र के बजहा खुर्रमपुर गांव निवासी बृज लाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके पिता अग्गन आयु लगभग 55 वर्ष सुबह 5 बजे घर से शौच के लिए निकले थे जब काफी देर तक नहीं आये। कुछ समय बाद गांव के लोग बाग में गये तो देखा कि मेरे पिता जामुन के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटके हुए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

# देवरिया में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन एक-दूजे के हुए 236 हिंदू और 16 मुस्लिम जोड़े

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज के परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके तहत कुल 252 जोडे एक दुजे के बंधन में बंधे, जिसमें 236 हिन्दू जोडे का विवाह हिन्दू रीतियों से तथा 16 मुस्लिम जोडो का निकाह सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से कई गरीब परिवारों के बेटे-बेटियों का विवाह भव्यता के साथ हो रहा है। पहले आर्थिक कठिनाइयों की वजह से गरीब परिवारों को अपनी बेटियों की शादी का खर्च उठाने में समस्या होती थी। इस योजना के चलते कई गरीबों के सपने साकार हुए हैं। उन्होंने नवदंपत्तियों को सुखद भविष्य की कामना की। सांसद सलेमपुर रविन्द्र कुशवाहा ने कहा कि सरकार की योजनाओं के अंतर्गत 252 जोड़ों का एक साथ परिणय सूत्र में बंधना मा0मुख्यमंत्री जी की ईमानदार नीयत और कल्याणकारी नीति को दर्शाता है। सरकार की योजना की वजह से गरीब लोगों के जीवन में भी खुशियां आ रही हैं। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश सरकार की अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है। आज इसके माध्यम से एक साथ, एक ही मण्डप में दाम्पत्र सूत्र में 252 लोग बंध रहे है, जिसके हम सभी साक्षी है. उन्होने सभी जोड़ों को शुभकामनायें दी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा तथा मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने नव दम्पतियों के मंगलमय जीवन की कामना। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने कहा कि यह योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों, जिनकी वार्षिक आय रू0 2.00 लाख (रू0 दो लाख) हो, के पुत्रियों की शादी हेतु संचालित है। योजना के अन्तर्गत प्रत्येक जोड़ें पर रू0 51000.00 व्यय किया गया, जिसमें विवाहित कन्या के खातें में रू0 35000.00 अन्तरित किया जाता है, रू0 10000.00 की कन्या को गृहस्थी की सामग्री एवं वस्त्र-आभूषण आदि दिया गया तथा रू0 6000.00 भोजन, टेन्ट आदि पर व्यय किया गया। उक्त वैवाहिक कार्यकम में प्रतिनिधि एमएलसी राजू मणि, ब्लाक प्रमुख अनुभा सिंह, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कांत राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहें। उक्त कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहें, जिन्होनें वैवाहिक जोड़ों को उनके सफल जीवन के लिये आर्शीवाद प्रदान किया।

# कानपुर की पालिका स्टेडियम की तर्ज पर काशी में विकसित हो रहीं खेल सुविधाएं



**लखनऊ।** सिगरा स्टेडियम पूरी तरह ग्रीन ऊर्जा पर आधारित होगा। स्टेडियम की बिल्डिंग पर सोलर पैनल लगाया जाएगा। इससे करीब डेढ़ सौ किलो वाट ऊर्जा का उत्पादन होगा। यहां कानपुर की पालिका स्टेडियम से भी बेहतर सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। स्टेडियम की डिजाइन डेढ़ साल में तैयार हुई। यह जानकारी सिगरा स्टेडियम का निर्माण करने वाली कंपनी के डायरेक्टर प्रणव अग्रवाल ने दी।

प्रणव अग्रवाल ने कहा कि उनकी कंपनी को सितंबर 2020 में काम मिला और 17 मार्च 2022 में डिजाइन पर फाइनल मुहर लगी। खेल मंत्रालय व अन्य विभागों से मिले सुझाव को शामिल कर स्टेडियम में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण शुरू किया गया है। स्टेडियम में ओलंपिक मानकों का ध्यान रखते हुए खेल सुविधाएं विकसित की गई हैं। स्वीमिंग पूल में अंतरराष्ट्रीय मानकों का ध्यान रखते हुए 15 लेन का निर्माण किया गया है। काम को तेजी लाने के लिए स्टील के जरिये काम करने पर सहमति बनी।

# अमृत भारत योजना : इज्जतनगर मंडल के छह स्टेशनों का होगा कायाकल्प

- 26 फरवरी को पीएम मोदी करेंगे शिलान्यास
- नक्शे की वजह से अटका हार्टमैन अंडरपास का निर्माण



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को इज्जतनगर मंडल के छह स्टेशनों के आधुनिकीकरण के कार्यों का शिलान्यास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये करेंगे। सभी स्टेशन अमृत भारत योजना के तहत दोबारा विकसित किए जा रहे हैं।

इज्जतनगर मंडल की डीआरएम रेखा यादव ने बताया कि अमृत योजना के तहत प्रथम चरण में पूर्वोत्तर रेलवे के बरेली सिटी, पीलीभीत, कन्नौज, गुरसहायगंज, टनकपुर व काशीपुर स्टेशन शामिल हैं। 10.9 करोड़ रुपये की लागत से सिटी रेलवे स्टेशन का सुंदरीकरण किया जा रहा है। सर्कुलेटिंग एरिया के विस्तार के साथ ही पार्किंग व पार्क विकसित किए जाएंगे। अभी यहां केवल दोपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था है। इसे चार पहिया वाहनों के हिसाब से तैयार किया जाएगा। इसके अलावा मॉडर्न टॉयलेट, दिव्यांगों के लिए रैंप बनाए जाएंगे। 12 मीटर चौड़ा नया पैदल उपरिगामी पुल व प्लेटफॉर्म एक, दो, तीन व चार पर स्वचालित सीढ़ियां लगाई जाएंगी। छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगाए जाएंगे। पीलीभीत स्टेशन को 16.7 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है। कासगंज की तरफ एक ओवरब्रिज का भी निर्माण कराया जा रहा है। डीआरएम रेखा यादव ने कहा कि हम आधुनिक स्टेशन तैयार कर रहे हैं। साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आप रेलवे की ओर से तैयार किए जा रहे टॉयलेट देख लीजिए, जो मॉल से अच्छे हैं। प्लेटफॉर्म भी चमक रहे हैं। मानचित्र तैयार न होने की वजह से हार्टमैन अंडरपास का निर्माण अटका है। अब संशोधित मानचित्र मुख्यालय भेजा गया है। वहां से स्वीकृति मिलते ही इसका निर्माण शुरू होगा।

उम्मीद है कि मार्च में कार्य शुरू हो जाएगा। हार्टमैन ओवरब्रिज के नीचे तीन करोड़ रुपये की लागत से 150 मीटर लंबा अंडरपास बनाया जाना है। इसके लिए प्रस्ताव पास होने के साथ ही बजट भी जारी हो गया। टेंडर भी हो गए पर अभी तक काम शुरू नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि पहले जो मानचित्र बनाया गया था, उसमें संशोधन किया गया है। दरअसल, अंडरपास के मोड़ के लिए ज्यादा जगह नहीं मिल पा रही है। जल्दबाजी में अंडरपास बनाने पर लोगों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

# सरकार की मंशा युवाओं को नौकरी देने की नहीं : अखिलेश यादव

- पूर्व मंत्री यासर व उनकी पत्नी मटेरा विधायक मारिया शाह का अखिलेश यादव ने ढांढस बंधाया



**लखनऊ।** सरकार की नियति में ही नहीं है कि देश के युवाओं को नौकरी मिले। भाजपा इस चुनाव के बाद लोगों से अपना वोट डालने का हक भी छीनने की साजिश में हैं। देश का किसान आंदोलित है। सरकार उनकी बात सुनने के बजाए किसानों पर आंसू गैस, गोली व लाठी चलवाई जा रही है।

मंहगाई से सरकार का नियंत्रण समाप्त हो चुका है। देश के नौजवानों को अपने भविष्य के लिए लड़ना पड़ रहा है। यह बातें शनिवार को जिले की पूर्व सांसद रूआब सईदा को श्रद्धांजलि देने पंहुचे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पुलिस लाइन पर मीडिया से बात करते हुए कही। अखिलेश यादव शनिवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम से करीब पौन घंटे देर से करीब पौने एक बजे निजी हेलीकाप्टर से पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर पहुंचे। यहां से वह सीधे पूर्व मंत्री यासर शाह के काजीपुरा मोहल्ला स्थित आवास पर जाकर उनकी माता व जिले की पूर्व सांसद रूआब सईदा को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने पूर्व मंत्री यासर व उनकी पत्नी मटेरा विधायक मारिया शाह का ढांढस बंधाया। इसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता अब्दुल मन्नान, पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी रमेश गौतम समेत अन्य पार्टी नेताओं से मुलाकात कर सभी का कुशलक्षेम पूछा। राष्ट्रीय अध्यक्ष इसके बाद सीधे पार्टी के वरिष्ठे ता भगतराम मिश्रा के आवास पर पंहुचकर यहां भोजन किया। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मदनगोपाल त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष रामछबीले शुक्ला, देवेंद्र प्रसाद पांडेय, बृष्णमोहन श्रीवास्तव, दर्जा प्राप्त पूर्व मंत्री यशवेंद्र विक्रम सिंह आदि ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष यादव सीधे पुलिस लाइन पंहुचकर मीडियाकर्मियों से मुलाकात कर कहा कि सरकार की नीयत ही नहीं थी कि युवाओं को नौकरी मिले। अगर नीयत होती तो जब सरकार की लापरवाही से पहला पेपर लीक हुआ था, उसी समय सरकार को सख्त कदम उठाना चाहिए था। भाजपा ने युवाओं को नौकरी देने के नाम पर ढाई करोड़ परिवारों के साथ धोखा किया है। अखिलेश ने कहा कि आज देश का किसान अपने हक और अधिकारी को लेकर सड़कों पर बैठा आंदोलन कर रहा है। सरकार किसानों की बात सुनने के बजाए उनके ऊपर गोली, आंसू गैस व लाठी चलवा रही है। समाजवादी पार्टी हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ती आ रही है। आगे भी लड़ती रहेगी। मंहगाई के सवाल पर अखिलेश ने कहा कि 2014 से 2024 तक देश में पेट्रोल के दूर की बात है नमक के दाम भी आसमान छूने लगे हैं।

# मसुरियादीन पासी, सोनेलाल पटेल के नाम से रखा जाये मेडिकल कालेज के नाम : सांसद

**अवधनामा संवाददाता**



**कौशाम्बी।** मंझनपुर विधानसभा के पश्चिम शरीरा नगर पंचायत मे पासी, पासवान स्वाभिमान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान ने की तथा कार्यक्रम के संयोजक भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री व कौशाम्बी के सांसद विनोद सोनकर रहे, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्य मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री सुरेश राही रहे। बतौर मुख्य अतिथि सुरेश राही ने मसुरियादीन पासी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कार्यक्रम को सम्बोधित किया कि मसुरियादीन भारतीय स्वतंत्र अन्दोलन मे इलाबाद का नेतृत्व किया था। नौ वर्षो तक जेल मे रहे। आजादी के बाद कई सत्रो मे लोकसभा के सदस्य रहे। उसी दौरान अंग्रोजो द्वारा पासी समाज के दमन के लिये बनाया गया जरायम पेशा एक्ट को खत्म कराकर पासी समाज के विभिन्न कुरीतियो मे जकड़े पासी समाज को संगठित कर समाज मे नई राह दिखाने का काम किया। कार्यक्रम के संयोजक कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने सम्मेलन मे अपने विचार रखते हुये कहा कि पूर्व की सरकारों ने हमारे देश के अनेक स्वतंत्रता सेनानियों को भुलाने का काम किया था। खास तौर से अनुसूचित समाज के अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने देश के लिये अपने जान की अहूतिया दे दी लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने उन्हे कभी याद नही किया। लेकिन जबसे देश व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है तब से सर्व समाज के महापुरूषों को सम्मान देने का काम बड़े पैमाने पर किया है। मुझे भी सांसद बनाने में कौशाम्बी जनपद के सर्व समाज का योगदान है। मसुरियादीन पासी द्वाबा के बाबा साहब है। आने वाले समय पर कौशाम्बी लोकसभा के सभी चैराहों को सर्व समाज के महापुरूषों के नाम से जाने जायेगें। साथ ही सांसद विनोद सोनकर ने एक ज्ञापन प्रभारी मंत्री जी को सौपते हुये मांग किया कि महाशय मसुरियादीन पासी व सोने लाल पटेल के नाम पर कौशाम्बी मे बन रहे मेडिकल कालेज रखा जाये। साथ ही कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने मंच से घोषणा किया की मसुरियादीन पासी के नाम पर होगा पश्चिम शरीरा दंगल मैदान व चैराहे का नाम। जनशक्ति पार्टी के प्रदेश के अध्यक्ष राजीव पासवान ने पासी समाज को सम्बोधित करते हुये अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल, भरवारी नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष कविता पासी, जगनारायण पासी अध्यक्ष नगर पंचायत चरवा, तारो देवी सरोज अध्यक्ष पूरब पश्चिम शरीरा, राम विशाल पासवान, प्रमोद सरोज, भइयन पासी, रामनरेश पासी, नरेन्द्र पासी, बुद्धू लाल पासी, ज्ञान सरोज, विन्देश्वरी पासी, हीरा लाल सरोज, ओम प्रकाश पासी, गब्बर पासी, बीरेन्द्र कुमार पासी फौजी, नितिन पासी, समाज के हजारों की सेख्या मे लोग उपास्थित रहे।

# डिजिटल युग में साहित्य देशज से भूमंडलीकरण की ओर प्रवृत्त



**लखनऊ।** डिजिटल युग में साहित्य देशज से भूमंडलीकरण की ओर बढ़ रहा है। साहित्य, कला, संस्कृति सहित जीवन के विभिन्न पहलुओं में डिजिटल युग ने महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। साहित्यकार, प्रकाशक, संपादक से लेकर पाठक तक सभी के लिए डिजिटल साहित्य ने संभावनाओं के लिए नए द्वार खोले हैं।

उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल एवं ख्यात ब्लॉगर व साहित्यकार श्री कृष्ण कुमार यादव ने आज़मगढ़ साहित्य महोत्सव में डिजिटल युग में साहित्य पर परिचर्चा सत्र को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। श्री हरिऔध कला केंद्र, आज़मगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय आज़मगढ़ साहित्य महोत्सव (23-25 फरवरी) के दूसरे दिन आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि, हिन्दी और अन्य भाषाओं में साहित्य के विकास के लिए केवल सूचना प्रौद्योगिकी, आधुनिक तकनीकी एवं नवाचारी विचारों को मूर्त रूप देना ही काफ़ी नहीं है, बल्कि निरंतर विकासमान डिजिटल प्रौद्योगिकी के साथ इनके अनवरत उन्नयन एवं संवर्द्धन की गति को बढ़ाने की भी आवश्यकता है। वैश्वीकरण के दौर में वेबसाइट्स, ई-बुक्स, ई-पत्रिका, वेब-पत्रिका, ब्लॉग, सोशल मीडिया, पॉड कॉस्टिंग, चैट जीपीटी, मशीन लर्निंग, कृत्रिम मेधा ने साहित्य को नये क्षितिज प्रदान किए हैं। साहित्य मनुष्य की सोच को व्यापक बनाता है, ऐसे में जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा साहित्य को डिजिटल बनाया जाए ताकि वह सर्वसुलभ हो सके। श्री यादव ने कहा कि, लिखे हुए साहित्य की प्रासंगिकता सदैव बनी रहेगी। इंटरनेट की आभासी दुनिया असंभावित संभावनाओं की ओर ले जा रही है, पर मात्र गूगल कंटेंट के भरोसे न रहकर अपनी स्मृति और मौलिकता का लोप होने से बचाना होगा। श्री यादव ने कहा कि, डिजिटल मीडिया से लेकर सोशल मीडिया ने साहित्य में लोकतंत्र और संवाद को बढ़ावा दिया है, पर इसकी आड़ में पनपते फेक न्यूज और गलत तथ्यों से भी सतर्क रहने की जरूरत है। साहित्य समाज के लिए सदैव रोशनी का कार्य करता है, ऐसे में डिजिटल युग में साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों की भूमिका और भी बढ़ जाती है। श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि आज़मगढ़ रचनात्मक रूप से सदैव उर्वर रहा है। देश ही नहीं विदेशों में भी यहां के लोग अपनी प्रतिभा का परचम फहरा रहे हैं। ऐसे में डिजिटल सहित्य के माध्यम से आज़मगढ़ की विभूतियों, प्रमुख स्थानों, रचना कर्म और उपलब्धियों के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए नई पीढ़ियों को भी जोड़ा जा सकता है। उन्होंने राहुल सांकृत्यायन का जिक्र करते हुए कहा कि जिस दौर में इंटरनेट नहीं था, बौद्ध साहित्य की खोज में उन्होंने पूरी दुनिया का चक्कर लगाया और ज्ञान के भंडार को संरक्षित किया। आज़मगढ़ के अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री भगत आज़ाद ने आभार ज्ञापन किया। उन्होंने कहा कि आज़मगढ़ के साहित्यिक अवदान को डिजिटलीकरण करने के लिए भी पहल की जा रही है।

# थाना समाधान दिवसः समस्याओं को गहराई से सुना गया

**जिलाधिकारी अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में फ्रेंड्स कॉलोनी एवं थाना कोतवाली थाने पर थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया**

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में फ्रेंड्स कॉलोनी एवं थाना कोतवाली पर थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के क्रम में सूचीबद्ध करके एक शिविर लगाया गया जिसके द्वारा उच्च स्तरीय अधिकारी एवं समस्त रेवेन्यू टीम के साथ थाना समाधान दिवस में मामले की गहराई से लंबित प्रकरणों की सुनवाई कर शिकायतों के मौके पर निस्तारण किया गया एवं शिकायतकर्ताओं ने संतुष्टि होकर व्हाइट भी दी। उन्होंने एक-एक करके सभी शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता के साथ सुना एवं मौके पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पूर्व के थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी ली तथा जनसुनवाई के दौरान राजस्व से जुड़े मामलों को तत्काल निस्तारण के लिए संबंधित क्षेत्र के लेखपालों को पुलिस के साथ मौके पर जाकर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों एवं पुलिस को संयुक्त टीम बनाकर स्थान पर आने वाली राजस्व एवं उन सभी शिकायत को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किय जाने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में लगभग शिकायतें कब्जे से संबंधित पाई गई इसमें अवैध तरीके से प्लाटिंग एवं अवैध कब्जा करना या एक ही प्लॉट की एक से दो बार रजिस्ट्री करना से संबंधित शिकायतों को सुना गया। उन्होंने वहां पर उपस्थित संबंधित पक्ष विपक्षों की समस्याओं को गहराई से सुना गया तथा स्थलीय व अभिलेखीय जांच के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना समाधान दिवस के अवसर पर कुल 04 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 01 का निस्तारण किया गया शेष शिकायतों को संबंधित को हस्तानांतरण कर पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर जल्द निस्तारण के निर्देश। थाना समाधान दिवस के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, क्षेत्राधिकारी शहर अमित कुमार सिंह, तहसीलदार, लेखपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसद रामशंकर कठेरिया ने पार्टी नेताओं के साथ किया हरि किशोर तिवारी का स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**





**इटावा।** प्रदेश के कद्दावर कर्मचारी नेता हरि किशोर तिवारी के लखनऊ में दो दिन पूर्व भाजपा में शामिल हो जाने के बाद इटावा में उनके स्वागत का सिलसिला शुरू हो गया है।

मधुबन मैरिज होम में शुक्रवार को सांसद डॉ.रामशंकर कठेरिया ने अन्य भाजपा नेताओं के साथ आकर हरि किशोर तिवारी का जोरदार स्वागत किया। अपने स्वागत संबोधन में सांसद ने कहा कि तिवारी जी हमारी पार्टी की विचारधारा के बहुत पुराने नेता हैं। वे कुछ परिस्थितियोंवश तन से सपा में भले चले गए हों, लेकिन मन से हमेशा भाजपा के रहे और अब पुनःअपनी पार्टी को मजबूत करेंगे, यह हम सभी के लिए बहुत हर्ष और खुशी की बात है।

हरि किशोर तिवारी ने कहा कि वे कुछ समय के लिए सपा में जरूर रहे, लेकिन हमारा वैचारिक मेल कभी नहीं हो सका। भाजपा में आकर मैं जनता और अपने कर्मचारी वर्ग का अधिक हित कर सकूंगा, ऐसा सोचकर डबल इंजन की सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं को आगे बढ़ाने का यह फैसला लिया है। उन्होंने पार्टी के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं व समर्थकों का आभार भी जताया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भरथना विधानसभा के संयोजक गोपाल मोहन शर्मा, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, राजेंद्र गुप्ता, अरविंद दीक्षित, कृष्ण मुरारी गुप्ता, टिल्लू पंडित, शरद वाजपेई, नवल किशोर शुक्ला, अंशुल अशोक दुबे, शेखर चौधरी, दिलीप मिश्रा, राजेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# पीस पार्टी ने जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में की प्रेस वार्ता

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में पीस पार्टी ने जिलाध्यक्ष शारिक बदर की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का किया आयोजन जिसमे जिला प्रभारी वसीम उद्दीन एडवोकेट रहे मौजूद।

प्रेस वार्ता में शारिक बदर व वसीम उद्दीन एडवोकेट ने संबोधित करते हुए कहा देश की आजादी के बाद अल्पसंख्यक,दलित और पिछड़ों का वोट अन्य दल से भयबीत करके कांग्रेस,सपा,बसपा ने लूटा है अपनी सरकार बनाकर जाति के आधार पर परिवारवाद के आधार पर अपने अपने लोगो का भला किया है। वहीं जिलाध्यक्ष शारिक बदर ने कहा समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और रामपुर से सांसद रहे आज़म खान के बारे में कहा आज़म खान जेल में है लेकिन उनका लड़का और उनकी पत्नी भी जेल में अलग अलग है और समाजवादी पार्टी के इरफान सोलंकी भी जेल मैं है लेकिन न कोई समर्थन कर रहा है न विरोध।

प्रेस वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष शारिक बदर ने कहा जब भी चुनाव आता है।सभी राजनीतिक पार्टी झूठे वायदे करके मुस्लिमों को गुमराह करके वोट लूटती है। प्रत्येक चुनाव में सपा बसपा मुस्लिम क्षेत्र में डिग्री का प्रारंभ करने का ऐलान करती है। परंतु सत्ता में आने के बाद कोई कॉलेज व विकास कार्य सफेद हाथी बन जाता है।

इसलिए मुस्लिम समाज अपने वोट का प्रयोग अपनी पार्टी के लिए करेगा। उन्होंने आगे कहा सभी राजनैतिक दल गठबंधन में छोटे छोटे दलों को शामिल कर लेती है लेकिन मुस्लिम राजनैतिक दल से गठबंधन की बात नही करती है। जिससे उनकी मानसिकता समझ में आती है।की यह पार्टी वोट लेना चाहती है। पीडीए का नारा दे गुमराह करने वालों को पीस पार्टी अपने मुस्लिम समाज के वोट से गुमराह करने वालों को जवाब देने की तैयारी कर चुकी है।

## त्यौहारों को हर्ष उल्लास के साथ मनायेंः एसपी सिटी सर्वेश

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिणमें शनिवार को पीस कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में त्यौहारों को हर्ष उल्लास व शांति से मनाने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश मिश्रा,सीओ नगर हिमांशु गौरव थाना अध्यक्ष थाना दक्षिण हिंदू और मुस्लिम समाज से कई धर्मगुरु व समाज सेवी व्यक्तियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। लोगो ने प्रशासन को भरोसा दिलाया आने वाले हिंदू मुस्लिम त्योहारों को बड़े हर्ष उल्लास व शांति से मनाए जाएंगे। हिकमतुल्लाह खान ने त्यौहारों को बड़ी शांति से बनाने की अपील की। सुनील अग्रवाल व्यापार मंडल ने दोनों समाज के लोगो से सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश को सत्य ना समझने को कहा।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर स्मरण

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा सामाजिक क्रांति के अग्रदूत व्यवस्था परिवर्तन के हिमायती मानवतावादी विराट व्यक्तित्व के धनी रविदास जी के जन्म दिवस पर कृष्णा नगर बिजली घर मथुरा पर पुष्पांजलि एवं रक्तदाताओं एवं समाजसेवियों का सम्मान समारोह रमेश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। संचालन शिवचरण मौर्य ने किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम बुद्ध वंदना तीर्थ में पंचशील उपरांत रविदास जी के प्रतीकात्मक चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए ,तत्पश्चात समाजसेवी किसान नेता पवन चतुर्वेदी ,ओमपाल सैनी समाजवादी नेता ,राजवीर सिंह समाजसेवी ,ने संयुक्त रूप से संत रविदास को व्यवस्था परिवर्तन का हिमायती एवं मानवतावादी बताकर पुष्पांजलि अर्पित। की इस मौके पर दिनेश आनंद पापे एवं फतेह सिंह प्रधान बाजना ने संत रविदास जी के विचारों को आज भी प्रासंगिक बताते हुए अमल करने पर जोर दिया। अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने रक्तदाताओं को शील्ड स्मृति चिन्ह स्मृति पत्र पटटका उड़ाकर सम्मान कर बधाई दी, साथ ही कहा रविदास जी के क्रांतिकारी मार्ग पर चलकर आज भी भारत के सामाजिक आर्थिक राजनीतिक परिदृश्य में सभी वर्गो का योगदान सुनिश्चित किया जा सकता है। रविदास ने जीवन भर आपसी भाईचारे सौहार्द प्रेम करुणा का प्रसार प्रचार कर आडंबर अंधविश्वास कुरीतियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया वे मानवतावादियों के सदा सदा प्रेरक रहेंगे। सम्मान समारोह एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम में बौद्ध आचार्य किशोर कुमार अशोक कम साहब फतेह सिंह प्रधान पुष्पेंद्र कुमार झांसी राजू दिनेश मिस्त्री बृजलाल कामरेड जितेंद्र कुमार विवेक कुमार प्रताप कुमार प्रेम सिंह बसपा नेता मुख्तार सिंह बसपा नेता आकाश बाबू पंकज कुमार महेंद्र पाल सिंह बसपा नेता हरेंद्र आदि सैकड़ो की संख्या में लोगों ने संत रविदास के बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर लेंः डीएम



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** रसखान प्रेक्षागृह मे जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता मे वलनरेबिलिटी मैपिंग के सम्बन्ध मे सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा की सभी सेक्टर अधिकारी व सेक्टर पुलिस अधिकारी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर लें। मतदान दलों से मोबाईल के माध्यम से जुड़े रहें। संवेदनशीलता की अच्छी तरह से पहचान सुनिश्चित कर लें। सेक्टर अधिकारी कमजोर वर्ग की बस्तियों मे बैठक कर लें। मतदान केंद्रों के पूर्व के वर्षो का रिकार्ड अवश्य देखें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र को असुरक्षित या संवेदनशील बनाने वाले व्यक्तियों की पहचान की जाये। जाति या समूहों व समुदायों के बीच संघर्ष का इतिहास देखा जाये। इस सम्बन्ध मे सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट चुनाव आयोग के निर्देशों का अध्ययन कर लें। क्षेत्र मे स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जाये। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि सेक्टर पुलिस अधिकारी क्षेत्र मे निरंतर भ्रमणशील रहें। उपनिदेशक केटीएस विजय सिंह द्वारा मतदान प्रक्रिया व ईवीएम की जानकारी दी गयी। सभागार मे ईवीएम के प्रदर्शन से सम्बंधित वीडियो क्लिप दिखाई गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## वेटरनरी विवि में हुई केवीके की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक

**मथुरा।** वेटरनरी विवि के कुलपति कमेटी कक्ष में कृषि विज्ञान केन्द्र की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक कुलपति प्रो डा ए.के श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों, वैज्ञानिकों, किसानों, पशुपालकों आदि ने प्रतिभाग कर विचार विर्मशकर किसानों की आमदनी बढाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलपति प्रोफेसर डा ए.के श्रीवास्तव ने कहा कि विवि का मकसद किसानों की सेवा एवं उनकी आय दोगुनी करना है। इसमें सभी विभागों को आपस में तालमेल बैठाकर कार्य करना चाहिए।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति कार्यालय का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**शिकोहाबाद/शिकोहाबाद** श्री 1008 भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के कार्यालय का शुभारंभ जैन स्ट्रीट बड़े मंदिर के सामने सामुदायिक केंद्र में हुआ। जिसमें शहर के उद्योगपति इंद्र ध्वज जैन, भाजपा की वरिष्ठ नेता रमेश चंद्र जैन, जैन समाज अध्यक्ष सुभाष चंद्र जैन का कमेटी के पदाधिकारियों ने साफा पहनकर जोरदार स्वागत किया।

कार्यक्रम में महावीर जयंती समारोह को आयोजित करने के लिए विचार रखे। मंच का संचालन कर रहे ज्ञानेंद्र जैन ने कहा इस बार विमल जागृति मंच के लोगों के द्वारा महावीर जयंती निकाली जा रही है । इससे समाज के सभी लोगों में उत्साह दिखाई दे रहा है। यहॉ तक कि विमल जागृति मंच के लोगों ने पूर्व में कहीं कार्य किए हैं। इस मौके पर राकेश जैन, सुनील जैन, अनिल जैन,अरुण जैन, रजनीकांत जैन, प्रिन्स जैन (कमेटी अध्यक्ष), संभव जैन, दिलीप जैन,राहुल जैन, गौरव जैन, अरविंद जैन,गब्बर जैन, दीपू जैन, शैलेंद्र जैन, सोनू जैन, कैलाश जैन, शिखर जैन, सौरभ जैन, सर्वज्ञ जैन, बल्लू जैन ,बॉबी जैन ,संजय जैन ,पंकज जैन , भान कुमार जैन, विजय जैन, अशोक जैन, सुनील जैन, अंबुज जैन, सचिन जैन, रजत जैन, सुदीप जैन, चिंटू जैन के अलावा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# काली भक्त मंडल ने लगाया मां का छप्पन भोग और भंडारा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मथुरा शहर के हृदय स्थल होलीगेट के निकट अंतापाढ़ा स्थित कृष्णेश्वर काली मंदिर में प्रतिवर्ष की भाती इस साल भी मां कृष्णेश्वर काली का दसवां पाटोत्सव मनाया गया। मंदिर के महंत सेवायत पंडित मनीष शर्मा द्वारा भव्य आयोजन किया। मां कृष्णेश्वर काली भक्त मैं 12 फरवरी से प्रारंभ होने वाले पाटोत्सव कार्यक्रम में मां का घट स्थापन कार्यक्रम का शुभारंभ कर शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया, समापन पर मां का विशाल छप्पन भोग, फूल बंगला जैसे कार्यक्रम आयोजित किया। शतचंडी पाठ का समापन 19 फरवरी को हुआ, तदुप्रांत 21 फरवरी को विशाल मां भगवती जागरण और भंडारे का आयोजन किया। मथुरा शहर की धर्म प्रेमी जनता का आवाहन करते हुए मंदिर सेवायत पंडित मनीष शर्मा द्वारा कहा कि अधिक से अधिक संख्या में धर्म प्रेमी जनता मां भगवती के इस महायज्ञ में पधारकर मां कृष्णेश्वरी काली का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया। कृष्णेश्वरि काली भक्त मंडल के सभी सम्मानित सदस्यो एवम सभी कार्यक्रम के सहयोगियों के साथ भव्य देवी जागरण और भंडारा किया जिसमे हजारों भक्तो द्वारा मां का प्रसाद ग्रहण किया। इस अद्भुत आयोजन में। मथुरा शहर के तमाम सम्मानित लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रेस वार्ता का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी और प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र चौधरी जी के निर्देशानुसार आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रांशु दत्त द्विवेदी जी के नेतृत्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन हो रहा है। प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताना चाहते हैं की भारतीय जनता युवा मोर्चा पूरे देश में लगभग 2 लाख उत्तर प्रदेश में 35000 और ब्रज क्षेत्र में 7000 युवा चौपालो का आयोजन करेगा। यह युवा चौपाल प्रत्येक ग्राम पंचायत वार्ड स्तर पर भाजपा संगठन अनुसार प्रत्येक मंडल में 20 चौपाल करेगा वृत क्षेत्र में 334 मंडल हैं और महानगर फिरोजाबाद में 9 मंडल हैं जिसमें 180 चौपाल की जाएगी चौपाल के माध्यम से हम युवाओं के बीच जाएंगे और बताएंगे किस प्रकार से पूरे भारत जनकल्याणकारी योजनाएं प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाई जा रही है व प्रदेश के मुख्यमंत्री जीके नेतृत्व में रोजगार की नई-नई योजनाएं चलाई जा रही है देश विश्व के सबसे कमजोर पांच अर्थव्यवस्थाओ से उठकर विश्व की सर्वश्रेष्ठ पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। पूरे राष्ट्र में जिस प्रकार से विभिन्न योजनाओं ( जैसे किसान कल्याण योजना, एक जिला एक मेडिकल कॉलेज, एक जिला एक प्रोडक्ट, मिशन रोजगार, हर घर बिजली एवं अन्य ) के माध्यम से जनकल्याण के कार्यो को बढ़ावा मिल रहा है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री मनीष गौतम जी ने बताया कि भारत एक ऐसा देश है जिसमें विश्व मैं सबसे ज्यादा युवाओं की संख्या है और वही युवा भारत भारत के विकास में सर्वाधिक योगदान भी करता आ रहा है इन कार्यक्रमों के माध्यम से हम उन्हें युवाओं तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। भाजयुमो महानगर अध्यक्ष अंकित तिवारी जी ने बताया कि हम प्रत्येक मंडल में किस प्रकार से मंडल की टीम के साथ एक संयोजक एक विस्तार के साथ इन कार्यक्रमों को सफल बनाएंगे। इसमें राजेश, हिमांशु, गौरव, दीपक, अभिषेक, मयंक, राहुल, देश दीपक, आकाश, सुमित, रोहित, अतुल, बंटी,संकेत, राजुल, सौरव आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आइये मिलिए हरदोई की इन बहादुर महिलाओं से

**हरदोई।** देर शाम जिले के कांशीराम कालोनी के एक चार मंजिला आवास की छत पर एक नंदी के चढ़ जाने से वहां के निवासियों में भय का माहौल बन गया। पुलिस को सुचना दिए जाने के बाद मौके पर पहुंचे दो पुलिसकर्मी उस नंदी को छत से उतारने की जगह तमाशबीन बने दूर खड़े रहे। तब कांशीराम कालोनी की दो निडर महिलाओ मधु गुप्ता व पूनम मिश्रा ने आगे आकर अपनी समझदार व् सूझबूझ से एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद नंदी को छत से उतारा। नंदी के छत से उतरने के बाद मोहल्ले वासियो ने राहत की साँस ली और मधु गुप्ता व पूनम मिश्रा को धन्यवाद अदा किया। श्री कृष्ण जन्म सेवा दल की युवा जिला प्रभारी संध्या श्रीवास्तव ने मधु गुप्ता व पूनम मिश्रा को सम्मानित करते हुए प्रशासन से इन दोनो निडर महिलाओ को सम्मानित करने की मांग की है।

### दिव्यांग पर्यटक ब्रेल लिपि से सफारी पार्क के इतिहास, वन्यजीवों के बारे में जानकारी ले सकेगें



**इटावा।** इटावा सफारी पार्क में आने वाले दृष्टि बाधित (दिव्यांग) पर्यटक अब ब्रेल लिपि के माध्यम से सफारी पार्क के इतिहास एवं यहां रखे गये वन्यजीवों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उक्त जानकारी डा.अनिल कुमार पटेल निदेशक इटावा सफारी पार्क ने दी। उन्होंने बताया कि यह ब्रेल कॉरिडोर ईको पर्यटन केन्द्र के प्रकृति चित्रण केन्द्र के पास विकसित किया जायेगा। जिसमें ब्रेल लिपि के माध्यम से सफारी पार्क के वन्यजीव बब्बर शेर, तेंदुआ, भालू एवं यहां की अन्य रोमांचक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस कार्य के लिए मीत वेलफेयर फाउंडेशन के रोहित कुमार ने शनिवार को इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया। जल्द ही यह ब्रेल कॉरिडोर दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को समर्पित की जाएगी।

### पत्रकार और पुलिस-प्रशासन के मध्य क्रिकेट मैच आज

**मथुरा।** ब्रज प्रेस क्लब द्वारा गत परंपरा अनुसार ब्रज क्षेत्र के सम्मानित पत्रकार साथियों का इस वर्ष भी पत्रकार एवं पुलिस प्रशासन के बीच मैत्रीय क्रिकेट मैच का आयोजन 25 फरवरी को सुबह 09 बजे से अमरनाथ स्कूल के खेल ग्राउंड में किया जाएगा। ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने बताया कि पत्रकारों और पुलिस प्रशासन के मध्य होने वाले इस मैत्रीय क्रिकेट मैच के लिए पत्रकारों द्वारा गत तीन दिन से लगातार अभ्यास किया जा रहा है। उन्होंने ब्रज क्षेत्र के सभी पत्रकार साथियों से समय से ग्राउंड पर पहुंचने की अपील की। ग्राउंड पर ही भोजन व स्वल्पहार की व्यवस्था भी रहेगी। बृज क्षेत्र के माननीयो द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### छात्र पुलिस अनुभवनात्मक प्रशिक्षण का शुभारंभ

**मथुरा।** किशोरी रमन महिला महाविद्यालय ,और किशोरी रमन पी जी कॉलेज की राष्ट्रीय राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का 30 दिवसीय छात्र पुलिस अनुभवनात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कोतवाली मथुरा में प्रारंभ किया गया जिसमें रवि त्यागी कोतवाली प्रभारी, अभिषेक कुमार गुप्ता सबइंस्पेक्टर, शीतल शर्मा महिला सबइंस्पेक्टर , राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक, डॉ नवीन अग्रवाल, डॉ अम्रपाली ने अपने व्याख्यानों के द्वारा पुलिस विभाग से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी पर बारीकियां से प्रकाश डाला तथा कोतवाली परिसर का भ्रमण कराते हुए सभी पटलो को देखा और समझा। इस प्रशिक्षण में छात्र पुलिस संपर्क से स्वयंसेवकों में अपने अधिकार कर्तव्यों का पता लगेगा जिससे उनमें आत्मविश्वास पैदा होगा। आत्मविश्वास से ही स्वयंसेवक अपने परिवारों एवं समाज में जन जागृति करते हुए एक नए राष्ट्र का निर्माण करेंगे।

## कलश यात्रा के साथ रामकथा का शुभारंभ

**मथुरा।** केशव धाम वृंदावन द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों की सहायतार्थ हेतु श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ आज जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने किया। इस दौरान उन्होंने कलश यात्रा में रामचरित मानस को अपने सर पर रखा और साथ चले। कलश यात्रा का भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा केशव धाम से निकाली गई थी, कलश यात्रा में महिलाएं पीले और लाल रंग के परिधानों में अपने सर पर पीला कलश लिए मंगल गीत गाते चल रही थी। इस दौरान कथावाचक आचार्य अतुल कृष्ण भारद्वाज एवं मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने विधिवत पूजा अर्चना एवं श्रीराधाकृष्ण की आरती की। शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा श्रीराम कथा सुनने से मन को शांति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक आचार्य अतुल कृष्ण भारद्वाज ने कहा शंकर भगवान और माता पार्वती ने श्री राम कथा का श्रवण किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन पुण्य का परिणाम है। पुण्य के परिणाम से मानव जीवन प्राप्त हुआ। जिसका जितना पुण्य है उसको प्रभु से उतनी ही कृपा की प्राप्ति हुई है।

# संस्कृति विविः वक्ताओं ने बताया वैदिक गणित का महत्व

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय मथुरा एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में आधुनिक युग में 'वैदिक गणित की प्रासंगिकता' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में कहा गया कि जितना महत्वपूर्ण आधुनिक विज्ञान है उतना ही महत्वपूर्ण भारतीय प्राचीन ज्ञान। मुख्य वक्ता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रांतीय संयोजक व वैदिक गणितज्ञ प्रो अनोखे लाल पाठक ने कहा कि वैदिक गणित का नियमित अभ्यास करने से मस्तिष्क पांच से छः गुना तीव्र हो जाता है। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मूल भावना के अनुसार प्राच्य भारतीय ज्ञान एवं आधुनिक विज्ञान विद्यार्थी के सम्पूर्ण शैक्षिक एवं कौशल विकास के लिए आवश्यक है। वैदिक गणित के सूत्रों को वेदों का अनुसंधान करके जगद्गुरु शंकराचार्य भारती कृष्ण तीर्थ जी महाराज ने निकाला है। जो आधुनिक गणित के अंकगणित, बीजगणित, त्रिकोणमिति, कैलकुलस, निर्देशांक ज्यामिति, कम्प्यूटर विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि वैदिक गणित का नियमित अभ्यास करने से मस्तिष्क पांच से छः गुना तीव्र हो जाता है। विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति डॉ सचिन गुप्ता व सीईओ डा मीनाक्षी शर्मा ने सभी छात्रों को भारतीय ज्ञान -विज्ञान की बौद्धिक विरासत पर गौरवान्वित होने के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। डीन छात्र कल्याण डा डी एस तोमर ने कहा कि आज के दौर की प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित किसी न किसी रूप में परीक्षा में पूछे जाते है तथा कम समय में प्रश्नों के सही उत्तर देने होते हैं जोकि वैदिक गणित के अभ्यास से संभव है। डीन एकेडमिक डा मीनू गुप्ता ने मुख्य वक्ता को विश्वविद्यालय की ओर स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संयोजकत्व साइंस क्लब तथा संचालन पायल श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया।

## संत शिरोमणि रविदास जयंती पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन

**मथुरा।** डॉ आंबेडकर सामाजिक तत्वावधान में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सन्त शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की 647.वीं जयंती पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे विधायक पूरन प्रकाश एडवोकेट एवं अशोक कुमार भूकेश सेवा निवृत अपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर संयुक्त रूप से पुष्पांजलि अर्पित कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा संत शिरोमणि गुरु रविदास आश्रम से प्रारंभ होकर डीग गेट भरतपुर गेट होली गेट छत्ता बाजार चौक बाजार मंडी रामदास अर्जुनपुरा होते हुए रविदास आश्रम मसानी पर समापन हुई,शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं मिष्ठान वितरण कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा कार्यक्रम के दौरान पूरन प्रकाश एडवोकेट विधायक अशोक कुमार भूकेश अपर पुलिस अधीक्षक सेवा निवृत बद्री प्रसाद सिंह एडवोकेट मंच के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह मेराज अली , मोहन सिंह कदम, प्रेम प्रकाश एडवोकेट, मुनेन्द्र सिंह निगम यशवीर सिंह विद्रोही, श्रीमती रुमा देवी, गुरु प्यारी आदि सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे, मंच के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# यमुना की दयनीय दशा पर यमुना भक्तों में रोष, होगा आंदोलन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** यमुना की दुर्शाशा पर यमुना भक्तो मै भारी रोष व्याप्त है, मथुरा के यमुना भक्त कई बार शासन प्रशासन से यमुना की दुर्शादा सुधारने को मांग कर चुके हैं।

भाजपा सरकार मैं वे लगाम नेता और अधिकारी यमुना की दुर्दशा पर चुप्पी साधे बैठे हैं। धीरे धीरे जनता की समझ में आने लगा है कि कोई बड़ा दबाव मथुरा के नेता और अधिकारियों को यमुना की दुर्दशा पर चुप्पी साधने को मजबूर कर रहा है। जिसका जीता जागता प्रमाण है कि पूर्व में यमुना भक्तो द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर एक ज्ञापन सौंपा गया जिलाधिकारी द्वारा इस संवेदनशील मुद्दे के प्रति जो शिथिलता बरतने का कार्य किया है, वह इस वात को सिद्ध करता है कि कोई बड़ा दबाव मथुरा में यमुना प्रदूषण के मामले में अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी को निभाने से रोक रहा है।

जिलाधिकारी से यमुना भक्तो द्वारा यमुना की वर्तमान स्थिति को मौके पर जाकर अवलोकन करने का आग्रह तक किया लेकिन जिलाधिकारी द्वारा धार्मिक आस्था से जुड़े संवेदनशील मुद्दे को नजरंदाज कर कोई तवज्जो नहीं दी। जिलाधिकारी के ढुलमुल रवैया से यमुना भक्तो मैं भारी रोष व्याप्त है।

यमुना भक्त लगातार लामबंद हो इस मामले पर जनसमर्थन जुटाने में लगे हैं। बहुत जल्द मथुरा में यमुना के मुद्दे पर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसका परिणाम आने वाले लोकसभा चुनावों में देखने को मिलेगा।

यमुना भक्तो द्वारा इस मामले में वार्ता करते हुए जिलाधिकारी मथुरा को स्पष्ट संदेश देने की बात कही है कि आगामी समय में यमुना के मुद्दे पर जो आंदोलन होगा उसकी पूरी जिम्मेदारी जिलाधिकारी मथुरा की होगी। जिलाधिकारी का जो रवैया देखने को मिला उससे आहत हो यमुना भक्तो द्वारा आंदोलन करने पर विवश होना पड़ा। यमुना हमारे लिए नदी मात्र नही है आस्था का प्रश्न है।

# अपनाएं ये आसान टिप्स और बनाएं बेहद ही डिलिशियस बैंगन भरता



जब भी आप बैंगन भरता बनाते हैं तो आप किस तरह के बैंगन ले रहे हैं, यह काफी अहम् है, क्योंकि इसी से आपकी डिश का टेस्ट आता है। कोशिश करें कि आप हमेशा फर्म और फ्रेश बैंगन ही लें। इसके अलावा, बैंगन को भूनने से पहले उसमें कांटे से छेद जरूर करें।

जिन लोगों को बैंगन खाना अच्छा लगता है, वे अक्सर बैंगन का भरता ही पसंद करते हैं। बैंगन के भरते का टेस्ट काफी अलग होता है। अमूमन लोग घर पर बैंगन भरता बनाते तो जरूर हैं, लेकिन उसका टेस्ट उतना अच्छा नहीं आता है। इसलिए, लोग रेस्त्रां से बैंगन भरता ऑर्डर करते हैं। हो सकता है कि आपको भी बैंगन भरता खाना पसंद हो, लेकिन आप उतना अच्छा बैंगन भरता नहीं बना पाते हों। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स बताएंगे, जिन्हें फॉलो करके आप बेहद आसानी से डिलिशियस बैंगन भरता बना सकते हैं-

***सही हो बैंगन***

जब भी आप बैंगन भरता बनाते हैं तो आप किस तरह के बैंगन ले रहे हैं, यह काफी अहम् है, क्योंकि इसी से आपकी डिश का टेस्ट आता है। कोशिश करें कि आप हमेशा फर्म और फ्रेश बैंगन ही लें। इसके अलावा, बैंगन को भूनने से पहले उसमें कांटे से छेद जरूर करें। इससे बैंगन सही तरह से भुनता है और डिश को एक स्मोकी टेस्ट मिलता है।

***निकाल दें बीज***

जब आप बैंगन भरता बना रहे हैं तो आपको बैंगन से अतिरिक्त बीज निकाल देने चाहिए। दरअसल, अगर बैंगन में ज्यादा बीज होंगे तो इसका स्वाद पर असर पड़ सकता है। इसलिए, एक बार बैंगन को भून लेने के बाद उसे काटते समय बीज निकाल देना सबसे अच्छा माना जाता है।

***टेस्ट को करें बैलेंस***

बैंगन भरता खाने में काफी टेस्टी होता है और इसमें आपको सभी तरह के टेस्ट मिलते हैं। मसलन, भुने हुए बैंगन से स्मोकी टेस्ट, हरी मिर्च से तीखा, टमाटर से टैंगी और मसालों से टेस्ट व अरोमा मिलता है। ऐसे में अगर आप बैंगन भरता बनाते समय उसमें कुछ बदलाव करना चाहते हैं तो अपने टेस्ट के अनुसार मसालों और सीज़निंग को एडजस्ट करें।

***फ्रेश हर्ब्स का करें इस्तेमाल***

परोसने से ठीक पहले बैंगन भरता को ताजी कटी हुई धनिया की पत्तियों से सजाएं। इससे ना केवल बैंगन भरता देखने में काफी अच्छा लगता है, बल्कि डिश में भी ताजगी और रंग आ जाता है।

# दीवारों पर नहीं नजर आएगी छिपकली, घर में लगाएं सिर्फ ये 4 पौधे



क्या आपके घरों में दीवारों पर मंडराती रहती है छिपकलियां। कई उपाय कर लिए फिर भी इनसे छुटकारा नहीं मिला, बस एक बार अपने घर में यह चार पौधे लगा के देख लीजिए। सारी छिपकलियां घर से दूर भाग जाएगी। अगर आप भी अपने घरों में छिपकली के आतंक से परेशान हैं तो अपने घर में लगाएं ये पौधे।

घर में चाहे कितनी भी साफ-सफाई कर लें लेकिन फिर भी दीवारो पर छिपकलियां नजर आती रहती है। कई बार तो इन छिपकलियों से काफी डर लगता है। बाथरुम, किचन, रुम या घर के किसी न किसी कोने में छिपकली नजर आती ही रहती है। इनको भागने का कितना भी प्रयास कर लें लेकिन यह फिर भी घर में कब्जा कर ही लेती है। छिपकलियां दिखने में काफी अजीब और खतरनाक भी साबित हो सकती है। अगर आप भी अपने घरों में छिपकली के आतंक से परेशान हैं तो आज हम आपको कुछ ऐसे पौधे बताने जा रहे हैं, जो छिपकलियों को भगाने मे काफी हद तक मदद कर सकते हैं। इन पौधो की गंध से छिपकली भाग सकती है।

# गर्म कपड़ों को धोते समय नहीं करनी चाहिए ये गलतियां, वरना खराब हो जाएंगे ब्रांडेड कपडे



ऊनी कपड़े और ब्लैंकेट आदि की फर काफी ज्यादा सेंसिटिव होती है। इसलिए इनको साफ करने या धोने के दौरान एक्स्ट्रा केयर करने की जरूरत होती है। हम आपको 5 ऐसी गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आपको ऊनी कपड़े आदि धोते वक्त करने से बचना चाहिए।

इन दिनों कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। ऐसे में सर्दी से बचने के लिए कई लेयर के कपड़े पहनने पड़ते हैं। जिसके बाद भी शरीर में गर्माहट महसूस नहीं होती है। वहीं घर में लोग स्वेटर, जैकेट और कंबल आदि से खुद को लपेटकर रखते हैं। सप्ताह भर में कपड़े गंदे हो जाते हैं। भले ही इन कपड़ों को डेली वियर की तरह साफ नहीं करते हैं, लेकिन जब भी इन कपड़ों को साफ किया जाता है कि तो कुछ गलतियां ऐसी कर बैठते हैं, जिसके कारण गर्म कपड़े जल्द ही खराब होने लगते हैं।

ऊनी कपड़े और ब्लैंकेट आदि की फर काफी ज्यादा सेंसिटिव होती है। इसलिए इनको साफ करने या धोने के दौरान एक्स्ट्रा केयर करने की जरूरत होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 5 ऐसी गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आपको ऊनी कपड़े आदि धोते वक्त करने से बचना चाहिए।

***माइल्ड और सॉफ्ट डिटर्जेंट***

ऊनी कपड़े काफी ज्यादा सेंसिटिव होते हैं। ऐसे में इन कपड़ों को एक्स्ट्रा केयर करने की जरूरत होती है। वहीं वाशिंग मशीन में धोने की जगह इन कपड़ों को हाथों से धोना चाहिए। ऊनी कपड़ों को हार्ट डिटर्जेंट से धोने से इनकी सॉफ्टनेस कम होने लगती है और इनका टेक्सचर और फर खराब होने लगता है।

***नॉर्मल पानी से धोएं गर्म कपड़े***

सर्दियों के कपड़ों को कई लोग गर्म पानी में भिगोकर साफ करते हैं। भले ही इस तरीके से कपड़ों का मैल आसानी से साफ हो जाता है। लेकिन गर्म पानी से ऊनी कपड़ों के रेशे और कंबल के फर खराब हो जाते हैं। इसलिए नॉर्मल पानी से ऊनी कपड़े धोने चाहिए, साथ ही गर्म पानी से कपड़े का रंग भी फीका पड़ने लगता है।

***सीधा करके न धोएं ऊनी कपड़े***

स्वेटर, मोजा, जैकेट और ग्लव्स समेत अन्य ऊनी कपड़ों को सीधा करके ना तो धोना चाहिए और ना ही सुखाना चाहिए। क्योंकि सीधा करके इन कपड़ों को धोने से मैल अंदर ही रह जाता है और बाहरी गंदगी साफ हो जाती है। वहीं कपड़ों पर जब सीधी धूप पड़ती है, तो कपड़ों का रंग फेड हो सकता है।

***इतने दिनों पर न साफ करें कपड़े***

कुछ लोगों की हर दो चार दिन में ऊनी कपड़े धोने की आदत होती है। लेकिन ऊनी कपड़ों का टेक्सचर काफी ज्यादा सॉफ्ट होता है। ऐसे में हर 2-3 दिन के अंतराल पर इन कपड़ों को साफ करने से बचना चाहिए।

***दाग की सफाई***

यदि ऊनी कपड़ों पर चाय, सब्जी, जूस और कॉफी आदि के दाग लग जाते हैं, तो एक छोटा चम्मच स्पिरिट गुनगुने पानी में डालकर इससे दाग को साफ करें। इससे स्वेटर, जैकेट और शॉल आदि में लगे दाग आसानी से साफ हो जाएंगे।

# उलझे और फ्रिजी बालों के लिए बरदान साबित होंगे ये 3 हेयर मास्क, जानें बनाने का तरीका



उलझे और फ्रिजी बालों की समास्या काफी देखने को मिल रहा है। इससे बाल काफी बेजान और रुखे नजर आते हैं। फ्रिजी और उलझे बालों के लिए ये 3 हेयर मास्क कारगर साबित होंगे। आज हम आपके लिए लेकर आए फ्रिजी हेयर्स के लिए 3 ऐसे हेयर मास्क जिन्हें आप आसानी से बना सकते है। जानें इसे कैसे बनाएं। फ्रिजी बाल हमारी खूबसूरती को खराब करते है और बालों का हेयर स्टाइल नहीं बन पाता है। बेजान और रुखे बालो को संभालना काफी मुश्किल हो जाता है। फ्रिजी बाल होने के मुख्य कारण प्रोटीन की कमी, गलत केमिकल्स का इस्तेमाल, हेयर स्टाइलिंग टूल्स का ज्यादा इस्तेमाल या बालों की देखभाल में कमी। इन सभी कारणों से हमारे बालों का सारा पोषण खत्म हो जाता है। बालों की ठीक करने के लिए, स्मूदनिंग, कंडीशनिंग या हेयर मास्क का इस्तेमाल किया जाता है। आज इस आर्टिकल में हम आपकों 3 ऐसे हेयर मास्क के बारे में बताने जा रहे है,

जो बालों के पोषण के लिए सबसे बेस्ट हैं। इन्हें बनाने का तरीका बहुत आसान है और आप इसे आसानी से घर पर तैयार कर सकत हैं।

***नारियल तेल और एलोवेरा जेल हेयर मास्क***

फ्रिजी बालों के लिए यह हेयर मास्क कारगर साबित होगा। इसे बनाने के लिए आप इन सामग्रियों का इस्तेमाल सकते है।

***सामग्री***

- नारियल तेल
- अदरक का रस
- एलेवेरा जेल
- शहद
- दही

***विधि***

- फ्रिजी बालों के लिए हेयर मास्क बनाने की विधि यह है-

-यह हेयर मास्क बालों को थिकनेस देने में मदद करता है और उन्हें चमकदार बनाते हैं। इस आप हर हफ्ते में एक बार लगाने से बेहतर रिजल्ट मिलता है।

- सबसे पहले आप एक कटोरे में 2 चम्मच नारियल तेल निकालें।

- फिर इस मिश्रण में 1 चम्मच अदरक का रस, 2 चम्मच एलोवेरा जेल और 1 चम्मच शहद डालें और अच्छे से मिला लें।

- अब इसे बालों पर अच्छे से लगाएं, धीरे-धीरे मालिश करें ताकि यह बालों में अच्छे तरह से समा जाए।

- यह मास्क बालों में 30 मिनट तक लगाएं और बाद में इसे पानी से अच्छे से धो लें और फिर शैम्पू और कंडीशनर का इस्तेमाल करें।

***शहद और दही का हेयर मास्क***

***सामग्री***

- 2 चम्मच नारियल तेल
- 1 चम्मच शहद
- 1 चम्मच दही

***विधि***

- इसके लिए आप एक कटोरे में नारियल तेल, शहद और दही को अच्छे से मिलाएं।

- हेयर वॉश करने से पहले इस मास्क को बालों पर लगाएं।

- बालों को हल्के हाथों से मसाज करें ताकि मास्क अच्छे से बालों में फैल जाए।

- बालों में मास्क लगाने के बाद गरम तौलिए से अपने बालों को कवर कर लें। इससे मास्क का प्रभाव काफी बढ़ता है।

- 30-40 मिनट बाद बालों को ठंडे पानी से अच्छे से धो लें।

- बाल धोने के बाद हेयर्स को ब्लोड्राई करें और इस मास्क का प्रयोग हफ्ते में 2 या तीन बार करें।

अंडे और ऑलिव ऑयल हेयर मास्क

सामग्री

- ऑलिव ऑयल
- अंडा

***विधि***

- एक बड़े चम्मच में ऑलिव ऑयल को कटोरी में डालें।

- अब इसमें एक अंडा को तोड़कर उसमें मिलाएं।

- इस मास्क को बालों में लगाएं और 30 मिनट के लिए लगाएं।

- इसके बाद बालों का पानी से अच्छे से धो ले।

- यह हेयर मास्क बालों को मुलायम बनाता है और यह फ्रिजी बालों को खत्म कर देता है।

# सर्दी-जुकाम, खांसी और गले की खराश में बेहद फायदेमंद है मुलेठी, मिलेंगे कई लाभ



सर्दियों में औषधीय गुणों से भरपूर मुलेठी कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाती है। लेकिन आपको यह पता होना चाहिए कि इस मौसम में मुलेठी का कब और कितनी मात्रा में इसका सेवन करना चाहिए।

सर्दियों में जुकाम-खांसी और गले में खरास आदि समस्याएं होना आम बात है। सर्दियों में मौसम में शरीर को बीमारियों से बचाने के लिए कई तरीके अपनाए जाते हैं। सर्दी से बचने के लिए हेल्दी डाइट, गर्म कपड़े और जड़ी-बूटियां बेहद काम आती हैं। वहीं सर्दियों में औषधीय गुणों से भरपूर मुलेठी कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाती है। लेकिन आपको यह पता होना चाहिए कि इस मौसम में मुलेठी का कब और कितनी मात्रा में इसका सेवन करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मुलेठी का सेवन करने से क्या फायदा मिलता है और इसका कैसे सेवन करना चाहिए।

***मुलेठी खाने के लाभ***

सर्दियों में मुलेठी खाने से कई फायदे मिलते हैं और आप मुलेठी पाउडर से लेकर डंठल, चाय और काढ़ा आदि सभी दवा का काम करते हैं। वहीं इसके सेवन से हेल्थ प्रॉब्लम नहीं होती है। बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए मुलेठी काफी फायदेमंद होती है।

***इम्यूनिटी***

बता दें कि मुलेठी एंटीफंगल, एंटीऑक्सिडेंट और एंटीवायरल से भरपूर होती है। वहीं रोजाना इसके सेवन से इम्यूनिटी बढ़ती है। वहीं सर्दी-जुकाम से बचाव होता है। आप रोजाना सुबह मुलेठी का डंठल चूस सकते हैं या फिर मुलेठी पाउडर का सेवन कर सकते हैं।

***सीजनल इंफेक्शन***

मौसम बदलते ही कमजोर इम्यूनिटी के कारण कई लोगों को इंफेक्शन की समस्या होने लगती। वहीं मुलेठी में एंजाइम पाया जाता है, जो इम्यूनिटी बढ़ाता है। वहीं इसके सेवन से मौसम बदलने पर इंफेक्शन नहीं होता है।

***दर्द और सूजन***

ठंड के मौसम में मुलेठी खाने से दर्द और सूजन में राहत पायी जा सकती है। इसमें मौजूद एंटी इंफ्लेमेटरी गुण शरीर में दर्द और सूजन पैदा करने वाले फ्री रेडिकल के प्रभाव को कम करता है। वहीं इसमें पेट में ऐंठन, सूजन, डिमल्सेंट गुण और जलन को कम करने वाला गुण पाया जाता है। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल हेल्थ के लिए मुलेठी का सेवन लाभकारी होता है और सूजन की समस्या कम होती है। वहीं यह अल्सर में भी फायदेमंद होता है।

***डायबिटीज के रोगियों के लिए लाभकारी***

मुलेठी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट और हाइपर ग्लाइसेमिक गुण डायबिटीज के रोगियों को फायदा पहुंचाने का काम करता है। एक अध्ययन के अनुसार, मुलेठी के अर्क का सेवन करने से ब्लड ग्लूकोज के लेवल में कमी आती है। जिससे डायबिटीज के इलाज में फायदा मिलता है।

***वेट लॉस***

यदि आप वेट लॉस करना चाहते हैं, तो मुलेठी का सेवन आपको फायदा पहुंचाएगा। इसके लिए आप मुलेठी का अर्क या पाउडर का सेवन कर सकते हैं। इसको खाने से पेट का मोटापा कम होता है।

***फैटी लिवर***

लिवर के लिए मुलेठी फायदेमंद होती है। इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट और हेपो प्रोटेक्टिव एलिमेंट लिवर को डैमेज होने से बचाता है। फैटी लिवर की समस्या होने पर मुलेठी का अर्क लेने से फायदा मिलेगा।

***साफ होगा गला***

गले में किसी भी तरह के इंफेक्शन से बचने के लिए मुलेठी का सेवन करना चाहिए। यह गले को साथ करने के साथ ही खराश की शिकायत को भी कम करता है। बता दें कि अपने गले को साफ और सुरक्षित करने के लिए कई लोग मुलेठी का सेवन करते हैं।

***ऐसे करें मुलेठी का सेवन***

मुलेठी का लाभ लेने के लिए इसको सही समय और सही मात्रा में सेवन करना चाहिए। तो आइए जानते हैं कि सर्दियों में आपको कब और कितनी मुलेठी का सेवन करना चाहिए।

***सर्दी-जुकाम से मिलेगी राहत***

मौसम में बदलाव होने पर सर्दी-जुकाम, खांसी, गले में खराश और नाक बहने लगती है। ऐसे में मुलेठी का सेवन आपको फायदा दे सकता है। क्योंकि मुलेठी में एंटीफंगल, एंटीऑक्सिडेंट और एंटीवायरल गुण पाया जाता है। जो आपको जल्द राहत देने का काम करते हैं। अगर आपके पास मुलेठी की चाय या पाउडर बनाने का समय नहीं है, तो आप मुलेठी का डंठल भी चूस दे सकते हैं। इससे भी आपको सर्दी-जुकाम और खांसी से राहत मिलेगी।

***शहद और अदरक के साथ मुलेठी का सेवन***

मुलेठी का ज्यादा फायदा पाने के लिए मुलेठी पाउडर को शहद और अदरक के रस के साथ मिलाकर खाना चाहिए। इस मिश्रण को दिन में दो बार लेने से आपको जल्द आराम मिलेगा।

मुलेठी का स्वाद बच्चों को पसंद नहीं आता है। ऐसे में आप इसको शहद में मिलाकर बच्चे को खिला सकते हैं।

***कब और कितनी खाएं मुलेठी***

कहा जाता है कि किसी भी चीज की अति अच्छी नहीं होती है। ऐसा मुलेठी के साथ भी होता है। इसका ज्यादा सेवन आपको नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए इसका सीमित मात्रा में सेवन करना चाहिए।

अगर आपको सर्दी-जुकाम है, तो पूरे दिन में आधा इंच मुलेठी की डंठल को दो बार चूसें। इससे आपको जल्द ही आराम मिलेगा।

सर्दी-जुकाम और खांसी की समस्या होने पर अदरक का रस और शहद में मुलेठी पाउडर मिलाकर इसको एक बोतल में रख लें। फिर दिन में दो बार इसको खाएं। इससे आपको जल्द ही आराम मिलेगा।

***ज्यादा मुलेठी खाने से हो सकता है नुकसान***

जहां मुलेठी के कई फायदे हैं, तो वहीं इसके अपने कुछ नुकसान भी हैं। कुछ लोगों को इसका स्वाद नहीं पसंद आता है। वहीं अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से मुंह का स्वाद बिगड़ जाता है। जिसके बाद कोई भी चीज खाने का मन नहीं करता है। वहीं अगर आप सही समय और सही मात्रा में इसका सेवन करते हैं, तो आपको इसके कई फायदे मिलते हैं।

***गर्भवती महिलाएं न खाएं मुलेठी***


मुलेठी बॉडी को क्लीन करने का काम करता है। ऐसे में प्रेंग्नेंसी के दौरान इसका सेवन सही नहीं माना जाता है। वहीं यदि आपको इसका सेवन करना है, तो पहले डॉक्टर से जरूर परामर्श लें।

***ऐसे बनाकर तैयार करें मुलेठी की चाय***

बता दें कि मुलेठी औषधीय गुणों से भरपूर होती है। साथ ही इस चाय के सेवन से सर्दी-खांसी से राहत मिलती है।

मुलेठी की चाय बनाने के लिए सबसे पहले 3 कप पानी में आधा इंच अदरक का टुकड़ा, 2 इंच मुलेठी का टुकड़ा या 1 चम्मच मुलेठी पाउडर और आधा इंच दालचीनी मिलाएं। अब इस पानी को करीब 10 मिनट तक उबालें। जब यह पानी उबलते हुए 2 कप बचे, तो इसको छानकर गरम-गरम पी लें। यदि रोजाना मुलेठी की चाय का सेवन करते हैं, तो बहती नाक, खांसी और सर्दी-जुकाम में आराम मिलता है। साथ ही इससे इम्यूनिटी भी बढ़ती है।

# सिर्फ इन तीन चीजों से करें मिट्टी के बर्तन साफ, गंदगी और चिकनाई होगी दूर



मिट्टी के बर्तन को साफ करना ज्यादा मुश्किल नहीं हैं। इन बर्तनों में खाना बनाना आसान होता है लेकिन धोने में काफी समय लग जाता है। इसे साफ करने के लिए हम आपके लिए कुछ आसान हैक्स लेकर आए। इन हैक्स के जरिए मिट्टी के बर्तनों को धोना काफी आसान होता है।

मिट्टी के बर्तन में खाना बनाना आज भी कई लोग बनाते हैं। इन बर्तनों का इस्तेमाल करना कई लोग आज भी पसंद करते हैं। जब गर्मियां आती है तो आज भी कई लोग इन नेचुरल तरीके से पानी ठंडा रखने के लिए मिट्टी के बर्तन का ही इस्तेमाल करते हैं। घड़े में पानी रखने से पानी ठंडा बना रहता है। घडे का पानी पीने से हम बीमार भी नहीं हो सकत हैं। आज हम इस लेख में बताएंगे कि आप कैसे अपने मिट्टी के बर्तन की सफाई घर में खुद से आसान तरीके से कर सकते हैं।

***गर्म पानी से करें सफाई***

मिट्टी के बर्तन की सफाई करने के लिए आप गर्म पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। गर्म पानी में आपको नींबू का रस मिलाना होगा। इस पानी की मदद से आप मिट्टी के बर्तन साफ कर सकते हैं। इस हैक्स को अपनाकर आपके सारे बर्तन चमकने लगेगे।

***स्क्रबर की लें मदद***

मिट्टी के बर्तन से गंदगी हटाने के लिए,गर्म पानी मिट्टी के बर्तन में डालने के बाद आपको स्क्रबर में थोड़ा डिटर्जेंट लगाकर फिर स्क्रबर की मदद से अपने मिट्टी के बर्तन को साफ करें। ध्यान रखें कि मिट्टी के बर्तन नाजुक होते हैं धोते समय ज्यादा प्रेशर लगाकर मिट्टी के बर्तन की सफाई की तो यह टूट सकते हैं। आराम से इन बर्तनो की सफाई करनी है।

***सिरका और गर्म पानी***

सिरका और गर्म पानी की मदद से आप मिट्टी की गंदे बर्तन को आसानी से साफ कर सकते हैं। मिट्टी के बर्तन धोने के लिए ज्यादा परेशान न हो। बर्तनों में लगा जिद्दी से जिद्दी दाग को हटाने के लिए आपको केवल सिरका और गर्म पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके बाद आपके मिट्टी के बर्तन की गंदगी साफ हो जाएगी।

# सर्दियों से बचने के लिए इस तरह से पहने गर्म कपड़े, शरीर में नहीं होगी खुजली, ऐसे करें इनका रख-रखाव



ऊनी कपड़ों को उतारने के बाद इनको नमी वाली जगह पर रखने से बचना चाहिए। वहीं इनको बाथरुम में नहीं रखना चाहिए। ऊनी कपड़ों को हवादार जगहों पर रखना चाहिए। इससे ऊनी कपड़ों में फंगस और बदबू नहीं आएगी। सर्दियों में ठंडक से बचने के लिए व्यक्ति कई लेयर कपड़े पहनता है। वहीं सर्दी से बचने के लिए ऊनी कपड़ों में जैसे स्वेटर, जैकेट, शॉल आदि पहना जाता है। इस मौसम में ऊनी कपड़े इसलिए पहने जाते हैं। ताकि बाहर की ठंड हमारे शरीर तक न पहुंचे। वहीं शरीर की गर्मी बाहर न जा सके। वहीं अगर आप गर्मियों में ऊनी कपड़े पहनते हैं, तो शरीर की गर्मी बाहर नहीं निकल पाएगी, जिसके कारण आपको और भी गर्मी लगेगी।

***ऐसे पहनें ऊनी कपड़े***

सर्दियों में ऊनी कपड़े शरीर की गर्मी को बाहर नहीं जाने देते हैं, जिससे शरीर का टेंपरेचर सामान्य रहता है। ऊनी कपड़े पहनने से शरीर में खुजली होती है, इसलिए कॉटन का कपड़ा पहनने के बाद ऊनी कपड़े पहनने चाहिए।

***ऐसे करें ऊनी कपड़ों की देखभाल***

ऊनी कपड़ों को उतारने के बाद इनको नमी वाली जगह पर रखने से बचना चाहिए। वहीं इनको बाथरुम में नहीं रखना चाहिए। ऊनी कपड़ों को हवादार जगहों पर रखना चाहिए। इससे ऊनी कपड़ों में फंगस और बदबू नहीं आएगी।

इन कपड़ों को धोने के लिए लिक्विड डिटर्जेंट का इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि लिक्विड डिटर्जेंट में सॉफ्ट केमिकल होता है, तो ऊनी कपड़ों के लिए सूटेबल माना जाता है। डिटर्जेंट पाउडर से ऊनी कपड़ों को नहीं धोना चाहिए। वहीं इसको ब्रश याहाथ से साफ करना चाहिए।

***ऊनी कपड़ों को दिखाएं धूप***

ठंड में नमी होने के कारण ऊनी कपड़ों में फंगस लग सकती है। जो स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होता है।

ऊनी कपड़ों को फंगस और बदबू से बचाने के लिए इनको बीच-बीच में धूप दिखाना चाहिए।

बहुत गरम पानी में ऊनी कपड़ों को धोने से बचना चाहिए। क्योंकि इससे कपड़े सिकुड़ सकते हैं या उनमें रोएं निकल सकते हैं।

गर्म कपड़ों को ठंडे पानी से धोना चाहिए। अधिक गंदा होने पर हल्के गुनगुने पानी का इस्तेमाल करना चाहिए।

***ऊनी कपड़ों पर दाग लगना***

ऊनी कपड़ों में चाय या सब्जी आदि का दाग लगने पर स्पिरिट वाले गुनगुने पानी से धोना चाहिए। पहले पानी को हल्का गुनगुना कर लें फिर उसमें थोड़ा सा स्पिरिट मिला लें। इसके बाद ऊनी कपड़ों को धोना चाहिए।

***ऐसे करें प्रेस***

ऊनी कपड़ों को स्टीम ऑयरन से प्रेस करना चाहिए। वहीं सामान्य ऑयरन के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

यदि आपके पास स्टीम ऑयरन नहीं है, तो ऊनी कपड़े पर पहले कॉटन का कपड़ा रखें फिर सामान्य ऑयरन का इस्तेमाल करें।

***ऐसे करें स्टोर***

ऊनी कपड़ों को जिस भी बॉक्स या बैग में रख रहे हैं, पहले उसको धूप दिखाएं और फिर उसमें ऊनी कपड़े स्टोर करके रखें।

ऊनी कपड़ों को स्टोर करने के लिए एक बॉक्स में नीम की सूखी पत्तियां बिछाकर उस पर पेपर बिछाएं। फिर उस पेपर के ऊपर ऊनी कपड़े रखें। इसे वूलेन कपड़ों में नमी नहीं रहेगी।

# अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाज पर संदिग्ध ड्रोन से हमला भारतीय नौसेना के युद्धपोत ने बचाया

**नई दिल्ली।** अदन की खाड़ी में संदिग्ध ड्रोन से व्यापारिक जहाज पर हमला किया गया, इस दौरान भारतीय युद्धपोत ने जहाज को एक बार फिर बचाया है। व्यापारिक जहाजों पर अदन की खाड़ी में हमले कोई नई बात नहीं है। समुद्री लुटेरे अक्सर इन जहाजों को निशाना बनाते आए हैं। समुद्र में बढ़ रहे जहाजों पर हमले दुनिया भर के देशों के लिए चिंता का विषय बन गया है। बीते कुछ दिन पहले भारतीय नौसेना ने कई अभियानों के तहत व्यापारिक जहाजों को लुटेरो से बचाया है। एक बार फिर अदन की खाड़ी में एक संदिग्ध ड्रोन से व्यापारिक जहाज पर हमला किया गया, इस दौरान भारतीय युद्धपोत ने जहाज की मदद की। भारतीय नौसेना लगातार समुद्री लुटेरो के हमलों के बीच मदद देता आया है।

भारतीय सैन्य अधिकारियों ने शनिवार को मामले की जानकारी देते हुए कहा कि पलाऊ के झंडे वाले जहाज एमवी आइलैंडर पर गुरुवार को हमला किया गया। इस दौरान जहाज के चालक दल के एक

**जानकारी**

> भारतीय सैन्य अधिकारियों ने शनिवार को मामले की जानकारी देते हुए कहा कि पलाऊ के झंडे वाले जहाज एमवी आइलैंडर पर गुरुवार को हमला किया गया।

सदस्य को चोटें आईं। उन्होंने कहा कि नौसेना की एक टीम जहाज पर चढ़ गई और वहां मौजूद चालक दल को बचाया। यह ताजा घटना हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में कई व्यापारिक जहाजों पर हमलों पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच सामने आई है। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना की एक चिकित्सा



टीम ने एमवी आइलैंडर पर सवार होकर घायल चालक दल के सदस्य को चिकित्सा सहायता दी।

मामले की जानकारी देते हुए अधिकारी ने कहा कि जहाज से एक इमरजेंसी कॉल आया, जिस पर प्रतिक्रिया करते हुए भारतीय नौसेना के बलों ने मालवाहक जहाज को बहादुर से बचा लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि भारतीय नौसेना के जहाजों के प्रयास, व्यापारी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। पिछले कुछ हफ्तों में भारतीय नौसेना ने पश्चिमी हिंद महासागर में कई व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों के बाद उन्हें सहायता प्रदान की है।

भारतीय नौसेना ने इस महीने की शुरुआत में सोमालिया के पूर्वी तट पर 11 ईरानी और आठ पाकिस्तानी नागरिकों के चालक दल के साथ एक ईरानी ध्वज वाले मछली पकड़ने वाले जहाज पर समुद्री डकैती के प्रयास को विफल कर दिया था। जनवरी में एक भारतीय युद्धपोत ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं द्वारा हमला किए जाने के बाद ईरानी ध्वज वाले मछली पकड़ने वाले जहाज के 19 पाकिस्तानी चालक दल के सदस्यों को बचाया था। नौसेना ने पांच जनवरी को उत्तरी अरब सागर में लाइबेरिया के झंडे वाले जहाज एमवी लीला नोरफोक के अपहरण के प्रयास को विफल कर दिया और उसके सभी चालक दल के सदस्यों को बचा लिया। 21 भारतीय चालक दल के सदस्यों के साथ लाइबेरिया के झंडे वाला जहाज एमवी केम प्लूटो, 23 दिसंबर को भारत के पश्चिमी तट पर एक ड्रोन हमले का लक्ष्य था।


# शरद पवार ने लॉन्च किया पार्टी का नया चुनाव चिह्न, नेता बोले- तुरुही विरोधियों में डर बढ़ाएगा

**मुंबई।** राकांपा शरदचंद्र पवार के नए चुनाव चिह्न पर पार्टी के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के नेता रोहित पवार ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जनता शरद पवार को लेकर बहुत भावुक है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार को चुनाव आयोग ने नया चुनाव चिह्न दे दिया है। उन्हें तुरुही बजाता हुआ व्यक्ति चुनाव निशान आवंटित किया गया है। पार्टी ने आज अपना चुनाव चिह्न लॉन्च किया है।

राकांपा शरदचंद्र पवार के नेता महेश तापसे ने बताया, पार्टी का नया चिह्न शरद पवार की उपस्थिति में रायगढ़ के किले में लॉन्च किया गया है। पार्टी का नया चिह्न तुरुही बजाता हुआ व्यक्ति है। महाराष्ट्र में शरद पवार की तुतरी बजते ही विरोधियों के दिलों में डर पैदा हो जाएगा।

राकांपा शरदचंद्र पवार के नए चुनाव चिह्न पर पार्टी के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के नेता रोहित पवार ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जनता शरद पवार को लेकर बहुत भावुक हैं। उन्होंने कहा, साल 1999 में जब राकांपा का




गठन हुआ था, तब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म नहीं था। लेकिन जनता ने उस चुनाव में शरद पवार को याद रखा था। अब हमारे पास सोशल मीडिया और पार्टी कार्यकर्ता भी हैं और पिछले छह महीनों में जनता शरद पवार को लेकर बहुत भावुक हुई है। जनता उनका समर्थन करेंगी। आगामी चुनाव को लेकर हमें कोई परेशानी नहीं है।

दरअसल, अजित पवार की बगावत के बाद असली पार्टी का फैसला उनके पक्ष में किया गया था, जिसके चलते शरद गुट को नया चुनाव निशान देना पड़ा है। नया चुनाव चिह्न मिलने पर एनसीपी शरदचंद्र पवार ने कहा था कि ये हमारे लिए गर्व की बात है। बता दें कि 6 फरवरी को चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट को असली एनसीपी करार दिया था। चुनाव आयोग ने पार्टी का नाम और चिह्न घड़ी अजित पवार गुट को सौंप दिया था।

## भारत की तरक्की देख हैरान हुई ब्रिटेन की डिप्टी पीएम पद की दावेदार

**नई दिल्ली।** एंजेला रेनर ने कहा कि मैं पहली बार भारत साल 2007 में आई थी और तब से अब तक भारत में काफी बदलाव आ गया है



और भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। ब्रिटेन की लेबर पार्टी की नेता और डिप्टी पीएम पद की दावेदार एंजेला रेनर भारत की तरक्की से काफी प्रभावित हैं। शनिवार को वे रायसीना डायलॉग सम्मेलन के सत्र में शामिल हुईं। सत्र से अलग मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत ने बीते वर्षों में काफी तरक्की की है और भारत की तरक्की में महिला सशक्तिकरण की अहम भूमिका है। एंजेला रेनर ने कहा कि वह चाहती हैं कि ब्रिटेन और भारत के संबंध मजबूत होने चाहिए और दोनों देशों को व्यापार समझौते पर आगे बढ़ना चाहिए। एंजेला रेनर ने कहा कि मैं पहली बार भारत साल 2007 में आई थी और तब से अब तक भारत में काफी बदलाव आ गया है और भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। ये दिखाता है कि भारत ने कमाल की प्रगति की है। रेनर ने कहा कि भारत सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जिनसे महिलाओं की भूमिका को न सिर्फ समाज में बल्कि अर्थव्यवस्था में भी पहचान मिली है। रेनर ने कहा कि अगर आपको आर्थिक रूप से मजबूत होना है तो महिलाओं को सशक्त करना होगा। लेबर पार्टी की नेता ने कहा कि ऐसे कानून बनाने की जरूरत हैं, जिससे महिलाओं को बढ़ावा मिल सके और कार्यस्थल, समाज और सत्ता के अन्य पदों पर उनकी सुरक्षा भी हो सके।

# विदेश मंत्री ने बताया क्वाड क्यों है बेहद अहम बिना नाम लिए चीन पर साधा निशाना



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री ने क्वाड की अहमियत बताते हुए कहा कि क्वाड का गठन वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित है, जो समान विचारधारा वाले देशों के बीच ज्यादा से ज्यादा समन्वय को प्रेरित करता है।

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित हो रहे रायसीना डायलॉग कार्यक्रम के दौरान बताया कि आज के समय में क्वाड की क्या अहमियत है। उन्होंने कहा कि क्वाड का गठन बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास और शीत युद्ध के बाद की सोच को दर्शाता है। विदेश मंत्री ने कहा कि क्वाड क्यों अहम है? इसका सीधा सा जवाब है कि ये पूरी दुनिया के हित में है। क्वाड का गठन वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित है, जो समान विचारधारा वाले देशों के बीच ज्यादा से ज्यादा समन्वय को प्रेरित करता है। विदेश मंत्री ने बताया कि क्वाड के प्रमुख तौर पर पांच संदेश हैं। जिनमें पहला बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास को दर्शाता है। दूसरा यह शीत युद्ध के बाद की सोच, तीसरा किसी देश पर दबाव बनाने की प्रवृत्ति के खिलाफ, चौथा लोकतंत्रीकरण और सहयोग के दृष्टिकोण को दर्शाने वाला और पांचवां आज कोई भी हमारी पसंद पर मनमर्जी से वीटो नहीं कर सकता। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन ने कई बार भारत के प्रस्ताव पर वीटो किया है। ऐसे में विदेश मंत्री के बयान को चीन से जोड़कर देखा जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि क्वाड हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र की चुनौतियों और इसके मुद्दों पर फोकस है। इनमें मेरीटाइम सिक्योरिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, साइबर सिक्योरिटी और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई प्रमुख हैं।

विदेश मंत्री ने रायसीना डायलॉग कार्यक्रम में क्वाड थिंक टैंक फोरम सत्र के दौरान अपने संबोधन में ये बातें कहीं। यह सत्र प्रमुख तौर पर क्वाड पर केंद्रित था। जयशंकर ने बताया कि साल 2004 में सुनामी के हालात से निपटने के लिए पहली बार क्वाड बनाया गया था और जापान के तत्कालीन पीएम शिंजो अबे ने इसका विचार दिया था। इसके बाद साल 2017 में औपचारिक रूप से क्वाड गठित हुआ और इसकी विदेश मंत्री स्तर की पहली बैठक हुई। सत्र में मौजूद रहे अमेरिका के उप-विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने कहा कि क्वाड में इसके चारों सदस्य देशों के संसाधनों और क्षमताओं को विकसित करने की योग्यता है, जिससे बेहतर नतीजे निकलेंगे और सभी को फायदा होगा।

क्वाड एक चतुष्कोणीय सुरक्षा संवाद समूह है, जिसके सदस्य देशों में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। चीन की हिंद प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए साल 2017 में क्वाड का गठन किया गया था। विदेश मंत्री ने बीते दिनों अपने एक बयान में कहा था कि आने वाले समय में क्वाड की प्रासंगिकता बढ़ेगी और यह वैश्विक भू-राजनीति में एक बड़ा कारक बनेगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कैबिनेट मंत्रियों से मांगा 100 दिन का प्लान

**नई दिल्ली।** मंत्रियों को कहा गया है कि वे गहन विचार विमर्श और अनुभवी नौकरशाहों और विशेषज्ञों के साथ चर्चा के बाद इस कार्य योजना को तैयार करें।

विपक्षी पार्टियां जहां लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन बनाने में ही जुटे हुए हैं, वहीं भाजपा अपनी जीत को लेकर इतनी आश्वस्त है कि पीएम मोदी ने अपने कैबिनेट मंत्रियों से अगले 100 दिन की कार्य योजना मांगी है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि 3 मार्च की कैबिनेट की बैठक में मंत्री अपनी-अपनी कार्य योजना को पेश करें। 21 फरवरी को मोदी सरकार की कैबिनेट की बैठक हुई थी, उसी बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रियों को 100 दिन की कार्य योजना देने का निर्देश दिया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मंत्रियों को कहा गया है कि वे गहन विचार विमर्श और अनुभवी नौकरशाहों और विशेषज्ञों के साथ चर्चा के बाद इस कार्य योजना को तैयार करें। मंत्रियों को कहा गया है कि कार्य योजना अच्छी तरह से उल्लेखित होना चाहिए, जिस पर एक्शन लिया जा सके। कैबिनेट मंत्रियों से ये भी पूछा गया है कि अगले कार्यकाल में सरकार को किन क्षेत्रों पर सबसे ज्यादा फोकस करना चाहिए, इसकी भी पहचान की जाए। 3 मार्च को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की यह आखिरी कैबिनेट बैठक होगी।

बीते दिनों बजट सत्र के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में विश्वास जताया था कि आगामी लोकसभा चुनाव में भी एनडीए की सरकार बनेगी और भाजपा अकेले 370 और एनडीए 400 सीटों पर जीत दर्ज करेगा। पीएम मोदी के बयान से साफ है कि भाजपा आगामी आम चुनाव में सत्ता हासिल करने को लेकर आश्वस्त हैं।

## जाह्नवी कंडुला मामले की जांच रिपोर्ट से नाराजगी, भारतीय दूतावास ने स्थानीय प्रशासन के सामने उठाया मामला

**वॉशिंगटन।** महावाणिज्य दूतावास ने लिखा कि मामले को अब सिएटल सिटी अटॉर्नी ऑफिस भी भेजा गया है, जहां इसकी समीक्षा होगी। हम सिएटल पुलिस की जांच के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं और आगे भी इस पर नजर रखेंगे।

भारत सरकार ने अमेरिका में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाली भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की मौत के मामले की जांच फिर से करने मांग की है। सिएटल स्थित महावाणिज्य दूतावास ने अमेरिकी प्रशासन के सामने ये मांग उठाई है। गौरतलब है कि हाल ही में किंग काउंटी अभियोजक ने अपनी जांच रिपोर्ट में जाह्नवी को टक्कर मारने वाले पुलिस अधिकारी को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था।

सिएटल स्थित महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि किंग काउंटी अभियोजन अटॉर्नी की जाह्नवी कंडुला की दुर्भाग्यपूर्ण मौत पर जांच रिपोर्ट जारी हुई है। महावाणिज्य दूतावास लगातार जाह्नवी के परिवार के संपर्क में है और जाह्नवी और उनके परिजनों को न्याय दिलाने के लिए आगे भी हरसंभव मदद करता



रहेगा। हमने इस मामले को सिएटल प्रशासन और सिएटल पुलिस के सामने भी मजबूती से उठाया है और फिर से मामले की जांच की मांग की है। मामले को अब सिएटल सिटी अटॉर्नी ऑफिस भी भेजा गया है, जहां इसकी समीक्षा होगी। हम सिएटल पुलिस की जांच के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं और आगे भी इस पर नजर रखेंगे।

बीती 23 जनवरी को भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की सिएटल में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। जाह्नवी को पुलिस की गाड़ी ने सड़क पार करते समय टक्कर मार दी थी। हादसे के समय पुलिस की गाड़ी सिएटल के पुलिस अधिकारी केविन डेव चला रहे थे। हाल ही में सिएटल के किंग काउंटी अभियोजन विभाग ने अपनी जांच रिपोर्ट में केविन डेव को क्लीन चिट दे दी थी। विभाग ने कहा था कि केविन के खिलाफ सबूत नहीं मिले हैं, जिनके आधार पर उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाया जाए।

जांच में पता चला कि सिएटल पुलिस को ड्रग ओवरडोज की एक आपात सूचना मिली थी। इसी आपात सूचना पर पुलिस अधिकारी केविन डेव मौके पर जा रहे थे। उस दौरान केविन की कार की स्पीड करीब 119 किलोमीटर प्रतिघंटे थी। यही वजह थी कि हादसे के समय पुलिस अधिकारी को गाड़ी को नियंत्रित करने का समय नहीं मिल पाया।

# ईरान-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन निर्माण को अंतरिम सरकार ने दी मंजूरी, नई सरकार के गठन से पहले लिया फैसला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की अंतरिम सरकार ने ईरान-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन के निर्माण को हरी झंडी दे दी है।कैबिनेट कमेटी ऑन एनर्जी द्वारा फरवरी के बाद नई सरकार के गठन से पहले ही मंजूरी दे दी गई है। पाकिस्तान की अंतरिम सरकार ने पड़ोसी देश ईरान के साथ गैस पाइपलाइन के निर्माण कार्य को मंजूरी दे दी है। नकदी की संकट से जूझ रहे देश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतो को पूरा करने में मदद मिलेगी। कैबिनेट कमेटी ऑन एनर्जी द्वारा फरवरी के बाद नई सरकार के गठन से पहले ही मंजूरी दे दी गई है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पाकिस्तान की अंतरिम सरकार ने ईरान-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। समिति ने पेट्रोलियम डिवीजन की एक सिफारिश पर काम करते हुए पहले चरण में पाकिस्तान-ईरान सीमा से शुरू होकर बलूचिस्तान प्रांत के बंदरगाह शहर ग्वादर तक परियोजना की शुरुआत का समर्थन किया है। बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान के लोगों को गैस आपूर्ति सुनिश्चित

**मंजूरी**

> पाकिस्तान की अंतरिम सरकार ने पड़ोसी देश ईरान के साथ गैस पाइपलाइन के निर्माण कार्य को मंजूरी दे दी है।

करने के लिए परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक मंजूरी दी, जिससे देश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सके।

पाकिस्तान की इंटरस्टेट गैस सिस्टम्स (प्राइवेट) लिमिटेड इस परियोजना को लागू करने के लिए तैयार है, जिसे गैस इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सेस (जीआईडीसी) के जरिए वित्त पोषित किया जाएगा। बयान में पाकिस्तान की ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने और बेहतर गैस आपूर्ति के माध्यम से स्थानीय उद्योग में विश्वास



पैदा करने के लिए परियोजना के महत्व पर जोर दिया गया। इस परियोजना से बलूचिस्तान प्रांत में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का अनुमान है, जिससे पाकिस्तान की समग्र आर्थिक प्रगति में योगदान मिलेगा। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि परियोजना को समय पर पूरा करने में विफल रहने पर 18 अरब अमेरिकी डॉलर के संभावित जुर्माने के डर से पाकिस्तान को कई वर्षों की देरी के बाद काम शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय अदालतों में मुकदमेबाजी से बचने के उद्देश्य से ईरान ने सितंबर 2024 तक 180 दिन का विस्तार दिया है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि यदि पाइपलाइन परियोजना से संबंधित अपने अधिकारों की रक्षा के लिए ईरान द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाती है तो पाकिस्तान और ईरान के बीच राजनयिक संबंध तनावपूर्ण हो सकते हैं।

### जुलाई से देश में लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून

**नई दिल्ली।** देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए एक जुलाई से तीन नए कानून लागू होंगे। ये तीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम हैं। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 सितंबर को संसद से मंजूरी मिली थी। उसके बाद 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी उन्हें मंजूरी दी थी।

केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) की ओर से तीन अधिसूचनाएं जारी की गई हैं। इनके मुताबिक नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक काल की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह लेंगे। तीनों कानूनों का मकसद विभिन्न अपराधों और उनकी सजाओं को परिभाषा देकर देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है।

# वेस्ट बैंक में नई इस्राइली बस्तियों की योजना पर एंटनी ब्लिंकन की दो टूक, बोले- यह अवैध और कानून के खिलाफ


**चार्ल्सटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने ट्रम्प के कार्यकाल के दौरान अपना गई नीति को पलटते हुए वेस्ट बैंक में नई इस्राइली बस्तियां को अवैध और अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ करार दिया है। उन्होंने कहा कि गाजा के लिए जो भी योजना बनाई जाए वो सिद्धांतों पर आधारित हो।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने ट्रम्प के कार्यकाल के दौरान अपना गई नीति को पलटते हुए वेस्ट बैंक में नई इस्राइली बस्तियां को अवैध और अंतरराष्ट्रीय कानून के विरोध करार दिया है। सब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना की विदेश मंत्री डायना मोंडिनो के साथ एक संयुक्त सम्मेलन में ब्लिंकन ने कहा कि वह इस्राइल की नई योजनाओं से निराश हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि हमने कई रिपोर्ट्स देखी हैं। मुझे कहना होगा कि हम घोषणा से

**विरोध**

> ब्लिंकन ने ट्रम्प के कार्यकाल के दौरान अपना गई नीति को पलटते हुए वेस्ट बैंक में नई इस्राइली बस्तियां को अवैध और अंतरराष्ट्रीय कानून के विरोध करार दिया है।


निराश हैं। लंबे समय से अमेरिकी नीति रही है और हम मानते हैं कि इस्राइली नई बस्तियां स्थायी शांति का हल नहीं है। इसके एक दिन बाद शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने कहा, %वे अंतरराष्ट्रीय कानून के साथ भी असंगत हैं। गौरतलब है कि इस्राइल के धुर दक्षिणपंथी वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच ने संकेत




दिया कि बस्तियों में 3,000 से अधिक नए आवास जोड़े जाएंगे। यह बयान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा अपनाई गई इस्राइल समर्थक नीतियों से हटकर बाइडन प्रशासन के नए बदलाव के रूप में सामने आई। 2019 में ट्रम्प के कार्यकाल के दौरान तत्कालीन विदेश सचिव माइक पोम्पिओ ने दावा किया कि वेस्ट बैंक में इस्राइली नागरिक बस्तियों की स्थापना अंतरराष्ट्रीय कानून के साथ खिलाफ नहीं है। हालांकि ब्लिंकन के बयान का व्हाइट हाउस ने बचाव किया। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि शांति स्थापित करने में नई बस्तियां कारगर नहीं है। सच कहूं तो यह अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप नहीं है। हम चाहते है कि मुद्दे का स्थायी समाधान निकाला जाए। ब्यूनस आयर्स में ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने युद्ध के बाद की गाजा योजना के बारे में रिपोर्ट्स देखी हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ने कहा कि गाजा पर इस्राइल का दोबारा कब्जा नहीं होना चाहिए। गाजा के क्षेत्र का आकार कम नहीं किया जाना चाहिए। हम सिर्फ यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जो भी योजना सामने आए वह सिद्धांतों पर आधारित हो। मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है और मैंने अपने कुछ अरब भागीदारों के साथ कुछ समय बिताया है, जिसमें हाल ही में शामिल है जी20 के मार्जिन के बारे में बात कर रहे हैं। गाजा में युद्ध को लेकर बढ़ते अमेरिकी-इस्राइल तनाव के बीच यह उलटफेर हुआ है। संयुक्त राष्ट्र की सर्वोच्च अदालत, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय भी इस्राइल कब्जे की वैधता पर सुनवाई कर रही है।

## अमेरिका के मून मिशन को बड़ा झटका, लैंडिंग के बाद सतह पर ही एक तरफ पलटा, फिर भी जुटा रहा आंकड़े

**वॉशिंगटन।** ओडीसियस अंतरिक्ष यान नाटकीय लैंडिंग के बाद चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरा। हालांकि चंद्रमा की सतह पर उतरने के दौरान यह पलट गया। इसको लेकर कंपनी ने दावा किया कि यान अभी भी काम कर रहा है। ओडीसियस अंतरिक्ष यान नाटकीय लैंडिंग के बाद चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरा। चंद्रमा की सतह पर उतरने के दौरान यह यान पलट गया और चंद्रमा की सतह पर पड़ा हुआ है। शुक्रवार को कंपनी ने कहा कि ग्राउंड कंट्रोलर रोबोट डेटा और सतह की तस्वीरें डाउनलोड करने का काम कर रहा है। गौरतलब है कि ओडीसियस अंतरिक्ष यान गुरुवार शाम 6:23 बजे पूर्वी समय (2323 GMT) पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरा था। इस दौरान वैज्ञानिकों की टीमों को एक बैकअप पर काम करना पड़ा था और रेडियो संपर्क स्थापित करने में कई मिनट लग गए थे। चंद्रमा पर पहली बार लैंडिंग कराने वाली निजी कंपनी इंटुएटिव मशीन्स ने शुरू में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि उसका हेक्सागोनल अंतरिक्ष यान सीधा खड़ा था, लेकिन सीईओ स्टीव



अल्टेमस ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि यह बयान गलत व्याख्या किए गए डेटा पर आधारित था। अल्तेमस ने कहा कि बोर्ड पर विज्ञान प्रयोगों से डेटा डाउनलोड करने की टीम की क्षमता नीचे की ओर लगे एंटेना के कारण बाधित हो रही थी, जो पृथ्वी पर वापस आने के लिए अनुपयोगी हैं। गौरतलब है कि ओडीसियस को अभी भी विज्ञान प्रयोगों को अंजाम देने के लिए डिजाइन किए गए नासा वित्त पोषित मून लैंडर्स के एक नए बेड़े के लिए पहली सफलता माना जाता है ,जो आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत चंद्रमा से अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी का रास्ता साफ करेगा।। पिछले महीने एक अन्य अमेरिकी कंपनी द्वारा किया गया मून मिशन विफलता रहा। इस मिशन ने यह दिखा दिया है कि निजी कंपनियों के पास 1972 में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा द्वारा अपोलो 17 मिशन के दौरान हासिल की गई उपलब्धि को दोहराने की क्षमता है। मिशन का उद्देश्य दक्षिणी ध्रुव पर लंबे समय के लिए रहने के लिए वातावरण विकसित करना, पीने के पानी के लिए बर्फ इकट्ठा करना, मंगल ग्रह पर आगे की यात्राओं के लिए रॉकेट ईंधन के लिए।

# जिलाधिकारी का अभिनव प्रयास, मिशन समर्थ से बहुरेंगें दिव्यांग बच्चों के दिन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा जौनपुर की बैठक जिलाधिकारी/अध्यक्ष श्री रविन्द्र कुमार मॉदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

रेडक्रॉस की जनपदीय समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने गरीबों की मदद करने में रेडक्रॉस की अग्रणी भूमिका की सराहना की। रेडक्रॉस जिला शाखा के सहयोग से अत्यंत निर्धन बच्चों के दिल में छेद की सर्जरी, गूगे बहरे बच्चों की सर्जरी, मोतियाबिंद आदि कराये कार्यों के बारे में जानकारी ली साथ ही जिलाधिकारी ने दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता दूर कर स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ ही समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से अभिनव प्रयास करते हुए मिशन समर्थ का आगाज किया। जलाधिकारी ने बताया कि मिशन समर्थ के तहत जनपद में 4 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों को चिन्हित कर ,कुशल डाक्टर से जॉच कराकर आवश्यकतानुसार सर्जरी कराकर उनकी दिव्यांगता को दूर किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल, सीएमओं डॉ0 लक्ष्मी सिंह और जिला कार्यक्रम अधिकारी आर बी सिंह को निर्देशित किया कि 4 वर्ष से 10 वर्ष के बच्चों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध करायें जिससे उनकी स्क्रीनिंग कराकर बच्चों का अगले 03 से 04 महीने के अन्दर आपरेशन कराया जाया सके। उन्होने जनपद के व्यवसायियों, अधिकारियों, नागरिकों और अन्य सम्मानित जनों से अपील किया है कि रेड क्रास सोसाइटी के माध्यम से ऐसे गरीब परिवारों को सम्बल प्रदान करें, जिलाधिकारी ने कहा कि वे स्वंय भी हर सम्भव सहयोग करेंगे। बैठक में जिलाधिकारी के कार्यकाल के दौरान जनपद रामपुर में मिशन समर्थ के तहत कराये गये दिव्यांग बच्चों के आपरेशन के पूर्व और बाद के तस्वीरों की वीडियों क्लीपींग दिखायी गयी जिलाधिकारी ने कहा कि इसी प्रकार से कार्य करते हुए दिव्यांग बच्चों को भी मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, सीमओ डॉ लक्ष्मी सिंह, डॉ राजीव कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल, रेडक्रॉस के सचिव डा. मनोज वत्स, इन्द्रभान सिंह, इन्दू, अमित गुप्ता, कोषाध्यक्ष डा0 संदीप पाण्डेय, शशिकांत सिंह डॉ.शैलेश सिंह,डॉ सुभाष राय, रवि सिंह, विद्याधर राय विद्यार्थी, जनार्दन सिंह ,राज कुमार बिंद, राकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## बोलेरो चोर पुलिस गिरफ्त से बाहर

**जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार खुटहन में, प्रयागराज रोड़ पर थाने से महज 300 मीटर की दूरी पर स्थित स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी को शातिर चोरों ने अपना निशाना बनाया, बता दें कि 10 फरवरी की सुबह लगभग 5 बजे हौसला बुलंद शातिर चोरों ने स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी पर खड़ी बोलेरो के दरवाजे का लॉक तोड़कर उठा ले गए, सुबह जब एजेंसी मालिक व कर्मचारियों ने देखा कि बोलोरो नही है तो आस पास व अन्य लोगों से पूछताछ किये लेकिन कोई जनकारी नही मिली, जिसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया, ईधर पुलिस अपने तरीके से सूचना मिलने के बाद जांच पड़ताल में जुटी हुई है, खुटहन पुलिस ने 12 दिन बाद, 22 फरवरी को मुकदमा दर्ज कर जल्द की चोरों को पकड़ लेने का दावा किया है। एजेंसी मालिक प्रेमचंद यादव व सतिराम यादव ने बताया कि पुलिस ने जल्द ही चोरों को पकड़ लेने का आश्वासन दिया है।

# तूने अजब रचा भगवान खिलौना माटी का

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** शक्तिपीठ दौलतिया हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी राम लाल यादव का श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने स्वर्गीय राम लाल यादव के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस दौरान जलालपुर आए भजन मंडली राज म्यूजिशियन ग्रुप द्वारा निर्गुण भजनों की प्रस्तुति दी गई। जनपद जौनपुर के लोकगीत गायिका चांदनी यादव ने भक्ति गीत की शुरुआत की। तूने अजब रचा भगवान खिलौना माटी का गाकर आकर्षक प्रस्तुति की और उपस्थित स्त्रोतों का दिल जीत लिया। उन्होंने एक के बाद एक जो प्रेम गली में आए नहीं, प्रीतम का ठिकाना क्या जाने, कहां है माया में भुलाईल बाबा तोता हो खोता छोड़िके जायेके पड़ी, झूलनी का रंग सांचा, हमार पिया भजन की प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को भक्ति की समय में बांधे रखा।लोक गायक राजेश यादव राज के द्वारा बइठल रोवेली गुजरिया हो,चुनरिया में दाग लग गईल लोकगीत प्रस्तुति सुन श्रोता भाव विहार हो उठे। भजन गायिका चांदनी ने श्रोताओं को यह एहसास कर दिया कि पांच तत्वों से बनी इस काया के बिना सब कुछ बेकार है। उनका कहना था कि धर्म की राह पर चलने वालों को ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। अंत में गायिका अपने गायन के माध्यम से दौलतिया हनुमान मंदिर का भी गुणगान किया। आयोजन आशीष यादव व रामाशंकर यादव ने श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी का आभार ज्ञापित किया।

# सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की नई पहल

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल (सीटीपीसी) द्वारा शनिवार को एक नयी शुरुआत की गई। इसमें विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र सचिन सिंह जो कि लीड सिक्योरिटी इंजीनियर के रुप में अमेजन डब्लिन, आयरलैंड में कार्यरत हैं उनकी आनलाईन मीटिंग कराई गयी। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में सचिन सिंह ने कहा कि आपको एक फ्रेशर के रूप में कोई भी कम्पनी नौकरी थाली में आसानी से परोस कर नहीं देती। इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद माक इंटरव्यू व प्रतिदिन अपने व्यवसाय से संबंधित नयी चीजों को निरंतर सीखना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मैंने छोटी उभरती हुई कंपनी जिसमें तनख्वाह कम थी परन्तु सिखने को बहुत कुछ मिला। उन्होंने बच्चों के कई प्रश्नों के उत्तर जैसे कि कालेज में क्या अलग करें जिससे कि नौकरी मिले। इस पर उन्होंने बताया डिसीप्लिन, सॉफ्ट स्किल और कम्युनिकेशन स्कील पर विशेष ध्यान दें। इतने वर्षो बाद विश्वविद्यालय से जुड़ के भावुक हो गए और कहा मुझे गर्व है कि मैं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का छात्र रहा हूँ व भविष्य में किसी भी प्रकार कि मदद का भी आश्वासन दिया। प्रो. प्रदीप कुमार कोऑर्डिनेटर , सेंटर ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत ओआईए और सेन्ट्रल ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में ये नियम है कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन हो।

कार्यक्रम कि शुरुआत में गरिमा पांडेय ने स्वागत और परिचय कराया। मंच का संचालन यत्नदीप दुबे एवं धन्यवाद ज्ञापन अनुशा वर्मा ने दिया। कार्यक्रम में अवनीश दुबे, सरिता सिंह, प्रकृति गुप्ता, विकास यादव, नवनीत मौर्य, आकाश कुमार, अनामिका पाल,शिवांश, रितेश, विकास, मानसी, अनुष्का आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक समस्याओं को लेकर बीएसए से मिला प्रतिनिधि मंडल

**बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल ने समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष अमित सिंह एवं जिला मंत्री सतीश पाठक के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जौनपुर से मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया।

जिलाध्यक्ष सिंह ने बताया कि दिव्यांग शिक्षकों के वाहन भत्ते का पुनरीक्षण का शासनादेश काफी पहले आ जाने के बाद भी जनपद में दिव्यांग शिक्षकों का वाहन भत्ते का पुनरीक्षण नही किया गया। अतः तत्काल जनपद के दिव्यांग शिक्षकों को इस लाभ से लाभान्वित किया जाए। वर्तमान में महिला शिक्षकों के बाल्य देखभाल अवकाश सीसीएल देय के संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वीकृत ना किए जाने के प्रकरण को भी गम्भीरता से अवगत कराया। पारस्परिक स्थानांतरण में एआरपी के म्यूचुअल ट्रांफर में आ रही समस्या को भी अवगत कराते हुए आवेदन करने वाले व स्थानांतरण सूची में आने वाले एआरपी को उनके विद्यालय से कार्यमुक्त कर नवीन विद्यालय में कार्यभार ग्रहण का आदेश किया जाए।

अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण के फलस्वरूप विभिन्न जनपदों में गए शिक्षकों के सर्विस बुक प्रेषण ना किए जाने को भी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को अवगत कराया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने शिक्षक समस्याओं को त्वरित संज्ञान लेते हुए सम्बंधित पटल के सहायक को इसके निस्तारण हेतु निर्देशित किया और प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शिक्षकों की सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारित किया जाएग। प्रतिनिधि मंडल में जिला प्रचार मंत्री मनोज सिंह, शाहगंज के ब्लॉक अध्यक्ष शाहगंज सजल सिंह व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामयश विश्वकर्मा इत्यादि शिक्षक शामिल रहे।

# अन्याय के खिलाफ संगठन रहेगा हमेशा खड़ाः राजेंद्र

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** नगर के शुक्ला मैरिज लान में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. के तत्वाधान में ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे संगठन के मुखिया एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की?। कार्यक्रम की अध्यक्षता बक्सा ब्लॉक के पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीपति उपाध्याय रहे तथा कार्यक्रम का संचालन संदीप पांडे जोगी द्वारा किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में भगवान परशुराम के जयकारे से शुरुआत करते हुए अन्याय के खिलाफ संगठन हमेशा लड़ाई में आगे रहा है और रहेगा की बात कही एवं ब्राह्मण महाकुंभ के आयोजन को लेकर कहां की ब्राह्मणों का कोई आंसू पूछने वाला नहीं है। इसलिए ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। वही मंच से प्रदेश अध्यक्ष पं. अवध नारायण तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी जिस तरह से अनवरत संगठन के लिए रात दिन काम कर रहे हैं हम सबको उनके बताए मार्ग पर चलकर अपने समाज में हो रहे लोगों पर अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहना है। और अंत में सभी अतिथियों का आभार भी प्रकट किया इस मौके पर डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्र प्रदेश प्रवक्ता, विनय मिश्रा जिला अध्यक्ष ,जान्हवी चौहान प्रदेश संरक्षक एवं गौ रक्षा प्रदेश अध्यक्ष, देवराज पांडे, दिनेश शुक्ला, अमन उपाध्याय, सुनील चतुर्वेदी, अरविंद मिश्र, यादवेंद्र दत्त तिवारी, अरुण शुक्ला, राघवेंद्र तिवारी, सुनील मिश्रा, कमलेश उपाध्याय, अंकुर मिश्रा, संजीव पाठक, जैनेंद्र शुक्ला, अजय त्रिपाठी, रविंद्र मिश्रा, सुनील उपाध्याय सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि., गोण्डा

पत्रांकः- 687/98काम-गो0वृ0/23-24 दिनांक 20.02.2024

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

**(स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/ खण्ड का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार ठेकेदार की पंजीयन की मार्ग श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गोण्डा/निर्माण खण्ड-2 | गोण्डा कचेहरी पुलिस लाईन विकास भवन मेडिकल कालेजसर्किट हाउस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य | 712.03 | 14.25 | 11800 | 12 माह | ए |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट-http://etender.up.nic.in पर दिनांक 27.02.2024 से 07.03.2024 तक सांय 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 07.03.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 07.03.2024 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 07.03.2024 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

**(वी0के0त्रिपाठी)**
**अधिशासी अभियन्ता,**
**निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि.,**
**गोण्डा**

**(भगवान दास)**
**अधीक्षण अभियन्ता,**
**गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि.,**
**गोण्डा**

UPID-204448 Dated-24-02-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध


# चलाया स्वच्छता अभियान, निकाली नशा विरोधी रैली

**कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न, प्रोफेसर का मनाया जन्मदिन**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आज माघ मेला के सेक्टर 5 में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना का इस विशेष शिविर का प्रारंभ 17 फरवरी को महाविद्यालय के प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ) गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. हेमलता पंत का जन्मदिन भी मनाया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि नागवासकी थाना के थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह माघ मेला प्रयागराज रहे। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर पवन कुमार पचौरी अध्यक्ष प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन प्रयागराज रहे। साथ में सब इंस्पेक्टर चंद्रभूषण तिवारी एवं सब इंस्पेक्टर गौरव राव रहे।

उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता प्रोफेसर पवन कुमार पचौरी ने अपना व्याख्यान राष्ट्रीय हित में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं की भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया। दूसरे सत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर सेक्टर 5 की साफ सफाई स्वयंसेवक एवं सेविकाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम के चौथे दिन की शुरुआत प्रोफेसर पवन कुमार पचौरी विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा कुल भास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रयागराज के योगाभ्यास से प्रारंभ हुआ प्रथम सत्र में डॉक्टर पुनीत अग्रवाल का व्याख्यान शिक्षा एवं बेरोजगारी विषय पर हुआ द्वितीय सत्र में सिंगल मदर एवं साक्षरता विषय पर भाषण प्रतियोगिता संपन्न कराई गई।

विशेष शिविर के अंतिम दिन दिन की शुरुआत अंतर्राष्ट्रीय योग विशेषज्ञ मोनिका सिंह के योगाभ्यास से प्रारंभ हुआ प्रथम सत्र में डॉक्टर परम प्रकाश सिंह का व्याख्यान बेरोजगारी एवं निर्धनता विषय पर हुआ तत्पश्चात डॉक्टर एसपी यादव का व्याख्यान पर्यावरण प्रदूषण एवं उपाय विषय पर हुआ द्वितीय सत्र में मतदाता जागरूकता विषय पर रैली निकाली गई विशेष शिविर के छठवें दिन की शुरुआत प्रोफेसर पवन कुमार पचौरी के योग्य अभ्यास से प्रारंभ हुआ। प्रथम सत्र में डॉ धर्मेंद्र कुमार कुमार सिंह का व्याख्यान अलंकृत बागवानी विषय पर हुआ। द्वितीय सत्र में डॉक्टर हेमलता पन्त असिस्टेंट प्रोफेसर जंतु विज्ञान विभाग सीएमपी पीजी कॉलेज प्रयागराज का व्याख्यान महिला अधिकार एवं कानून विषय पर हुआ। तत्पश्चात स्वयंसेवक एवं सेविकाओं द्वारा नशा निषेध एवं साक्षरता पर रैली निकाली गई। उसे शिविर के अंतिम दिन प्रोफेसर हेमलता पंत का जन्मदिन अतिथियों एवं स्वयं सेवकों ने धूमधाम से मनाया।


## कार्यालय नगर पंचायत कुमारगंज, जनपद- अयोध्या

पत्रांकः- 186/न0पं0कु0/रा0वि0आ02023-24/निविदा सूचना-12 वर्क/2024 दिनांक : 23 फरवरी 2024

**अत्यल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग से कराये जाने वाले निम्नांकित निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु दिनांकः 09 मार्च 2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आधिशासी अधिकारी कक्ष में रखे सीलबंद निविदा बॉक्स में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 03:30 बजे अथवा उसके पश्चात् निविदादाताओं/प्रतिनिधियों की उपस्थिति/अनुपस्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री न0पं0 कुमारगंज कार्यालय में एवं कार्यालय जिलाधिकारी के एल0वी0सी0 पटल से दिनांकः 07 मार्च 2024 तक सायं 4:00 बजे तक की जायेगी। उपरोक्त तिथियों में अवकाश की दशा में निविदा की बिक्री एवं प्राप्ति अगले कार्य दिवस में की जायेगी ।

| क्र. | कार्य का विवरण | आगणन की लागत | निविदा मूल्य | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड संख्या 05 में रसीद के मकान से सन्तोष सिंह के मकान तक रवरमोल्ड इण्टरलांकिग सड़क तथा नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 322790.88 | 400.00 | 10 प्रति0 | 21 दिवस |
| 2 | वार्ड संख्या 05 में भानू सिंह के मकान से राम प्रगट मौर्या के मकान तक रवरमोल्ड इण्टरलांकिग सड़क का निर्माण कार्य। | 293766.19 | 300.00 | 10 प्रति0 | 21 दिवस |
| 3 | वार्ड संख्या 09 में शुक्ल का पुरवा ब्रम्हबाबा के स्थल से तालाब तक नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 931176.23 | 1000.00 | 10 प्रति0 | 21 दिवस |
| 4 | वार्ड संख्या 10 में एन0एच0330ए राष्ट्रीय विद्यापीठ इण्टर कालेज के मुख्य गेट तक रवरमोल्ड इण्टरलांकिग सड़क का निर्माण कार्य। | 225142.70 | 300.00 | 10 प्रति0 | 21 दिवस |
| 5 | वार्ड संख्या 08 में अनिल के मकान से देवतादीन के मकान तक रवरमोल्ड इण्टरलांकिग सड़क तथा नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 689538.07 | 700.00 | 10 प्रति0 | 21 दिवस |
| 6 | वार्ड संख्या 10 में आशा देवी इण्टर कॉलेज से पिठला मुख्य सड़क तक रवरमोल्ड इण्टरलांकिग सड़क का निर्माण कार्य। | 280757.63 | 300.00 | 10 प्रति0 | 21 दिवस |
| 7 | वार्ड संख्या 02 में रिकू पासी के मकान के पास से जयचन्द के मकान तक रवरमोल्ड इण्टरलांकिग सड़क तथा नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 335290.62 | 400.00 | 10 प्रति0 | 21 दिवस |
| 8 | वार्ड संख्या 05 में खंडसा सम्पर्क मार्ग से कमला मांटेशरी स्कूल तक रवरमोल्ड इण्टरलांकिग सड़क तथा नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 220363.70 | 300.00 | 10 प्रति0 | 21 दिवस |
| 9 | वार्ड संख्या 01 में एन0एच0330ए से जितेन्द्र प्रताप सिंह के मकान तक रवरमोल्ड इण्टरलांकिग सड़क तथा नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 435043.10 | 500.00 | 10 प्रति0 | 21 दिवस |
| 10 | वार्ड संख्या 07 में विमल के मकान से चन्द्रमोहन के मकान तक रवरमोल्ड इण्टरलांकिग सड़क तथा नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 825933.33 | 900.00 | 10 प्रति0 | 21 दिवस |
| 11 | वार्ड संख्या 12 बवॉ रोड से सम्मीउल्लाह के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलांकिग सड़क तथा नाली व कवर्ड का निमार्ण कार्य। | 467218.87 | 500.00 | 10 प्रति0 | 21 दिवस |
| 12 | खण्डासा रोड पर कटिंग व हॅयूम पाइप बिछाने का कार्य। | 209251.82 | 300.00 | 10 प्रति0 | 21 दिवस |

**मुख्य शर्तें** - 1. निविदादाता का किसी अन्य विभाग (स्थानीय निकाय, पी0डब्लू0डी0 आर0ई0एस0, सिंचाई विभाग आदि) में पंजीयन होना अनिवार्य है, इस हेतु पंजीयन प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। 2. निविदा के साथ निर्धारित प्रारूप पर चरित्र प्रमाण-पत्र हैसियत प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 पंजीयन की प्रति तथा नोटरी द्वारा सत्यापित 100 /- रू0 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र व 100 /- रू0 के स्टाम्प पेपर पर 1/- रू0 का रसीदी टिकट चस्पा कर संलग्न करना अनिवार्य है। 3. निविदा के साथ आगणन धनराशि का 10 प्रतिशत की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0, जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कुमारगंज के पदनाम से बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है। 4. बिना कारण बताये निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. अन्य शर्तो व प्राक्कलन सम्बन्धित जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में की जा सकती है।

**(संजय शुक्ल)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुमारगंज अयोध्या**

**(विकास सिंह)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कुमारगंज अयोध्या**


# सपाइयों ने संत रविदास की जयंती पर किया पुष्प अर्पित

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय का परम पूज्य संत शिरोमणि रविदास की जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निरवर्तमान जिला अध्यक्ष श्री हवलदार यादव ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास महान समाज सुधारक, क्रांतिकारी, तथा समता वादी विचारक थे। उन्होंने जात-पात, उच्च नीच, के भेदभाव का विरोध किया, और कहा कि सभी मनुष्य बराबर है का सिद्धांत दिया। उनका कहना था कि सभी मनुष्य बराबर है कोई विभेद नहीं है। रविदास जी ने कहा था कि चाहूं ऐसा राज मैं मिले सबन को अन्न, उच्च नीच सब सम बसें, रविदास रहे प्रसन्न उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए सुशील आनंद पूर्वप्रमुख ने कहा कि संत रविदास से हमको सीख लेकर मौजूदा समय में आगे बढ़ना होगा। जी.एस प्रियदर्शी ने कहा की संत रविदास ऐसी व्यवस्था चाहते थे, जिसमे कोई बड़ा छोटा नहीं है । सभी मानव बराबर है ।वह महान मानवतावादी क्रांतिकारी थे। इस कार्यक्रम का संचालन अंबेडकर वाहिनी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने किया। कार्यक्रम में अनिल भारती ,हंसराज जी, डाक्टर अजय, अरविंद कुमार, रूपचंद, अजीत राव आदि लोग उपस्थित थे।

# मनोनीत जिला यूवजन सभा अध्यक्ष दुर्गेश यादव का हुआ स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** समाजवादी यूवजन सभा के जिला अध्यक्ष दुर्गेश यादव का प्रथम जनपद आगमन पर जिले के नौजवान फुल मालाओं से नेहरू हाल में स्वागत किया। जिसमें समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि आज हम समाजवादी पार्टी के नियुक्त जिला अध्यक्ष दुर्गेश यादव को बधाई दी सउन्होंने कहा कि इस तरह आप राजनीति में बड़ी ऊंचाई पर पहुंच सकते है, बस आपको पद के अनुरूप आचरण करना पड़ेगा क्योंकि कुछ लोग ही हैं जो पद पाने के बाद आज भी अपने आचरण के कारण जाने जाते हैं। आपसे और उसके बाद है विचारधारा आज विचारधाराओं की कमी होने के कारण नौजवानों में उदासी है। उन्होंने नौजवानों से कहा कि आज देश केवल समाजवादी विचारधारा से आगे बढ़ सकता है,उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष से कहा की अब आपकी जिम्मेदारी है की जनपद के नौजवानों को समाजवादी विचार धारा से जोड़ना। इसी क्रम में पूर्व विधायक श्यामबहादुर सिंह यादव ने कहा कि बहुत समय के बाद किसी नौजवान का स्वागत करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा की पूरे देश में समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो नौजवानों को उनकी क्षमता के अनुसार पार्टी में दायित्व देती है।

## छापा मारकर 12 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया

**आजमगढ़।** निदेशक, मुख्यालय महिला एंव बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम एवं बन्धुआ मजदूर से लोगों को मुक्त कराने के अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में एवं नोडल अधिकारी एएचटीयू अपर पुलिस अधीक्षक यातायात के पर्यवेक्षण में थाना एन्टी ह्यूमन ट्रैफिक्रंग यूनिट व श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद के थाना क्षेत्र सिधारी तथा थाना क्षेत्र मुबारकपुर के सठियावं कस्बा के विभिन्न प्रतिष्ठानों, मिठाई की दुकानों, ढ़ाबों, ऑटो मोबाइल की दुकानों, गैराजों पर छापा मारा गया। उक्त अभियान में कुल 12 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। मौके पर मुक्त कराये गये बालश्रमिकों को उनके परिजनों की सुपुर्दगी में दिया गया तथा हिदायत दी गयी कि बच्चों से भविष्य मे बाल श्रम न कराये। सम्बन्धित प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों के विरुद्ध अधिनियम का उल्लंघन करने के संबंध में श्रमविभाग द्वारा नियमानुसार नोटिस जारी की गई । संयुक्त टीम द्वारा दुकानदारोंध् जनता के लोगों को बालश्रम न कराने पर जोर दिया गया तथा सार्वजनिक स्थानों मिठाई की दुकान, रेस्टोरेंटध्ढ़ाबा, ब्रेकरी, आटो मोबाइल की दुकान, गैराज आदि स्थानों पर बालश्रम न कराने से सम्बन्धित पोस्टर चस्पा कर लोगों को जागरुक किया गया। इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह, उप श्रमायुक्त, विशाल कुमार, अभयराज मिश्र, प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू, उ0नि0 विजय नारायण पाण्डेय, थाना एएचटीयू, आ0 आशीष प्रताप सिंह, थाना एएचटीयू म0आ0 सुप्रिया पाल, थाना एएचटीयू उपस्थित थे।

# उबर के सीईओ से मिले अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी, भविष्य में सहयोग के दिए संकेत

**नई दिल्ली।** अरबपति उद्योगपति गौतम अदाणी ने शनिवार को उबर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) दारा खोसरोशाही से मुलाकात की



और अपने समूह व एप के बीच भविष्य में सहयोग की संभावनाओं का संकेत दिया। एक्स पर, दोनों बिजनेस लीडर्स ने भारत के विकास और उपमहाद्वीप के लिए उनके बीच हुए बातचीत की सराहना की।

अदाणी ट्वीट किया, उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही के साथ पूरी तरह से मनोरम बातचीत हुई। भारत में उबर के विस्तार के लिए उनका दृष्टिकोण, विशेष रूप से भारतीय ड्राइवरों और उनकी गरिमा के उत्थान के लिए उनकी प्रतिबद्धता वास्तव में प्रेरणादायक है। दारा और उनकी टीम उबर इंडिया के साथ भविष्य के सहयोग के लिए हम उत्साहित हैं!

उबर के सीईओ ने मुलाकात के बाद बताया कि वे पोर्ट्स से लेकर एनर्जी सेक्टर में कारोबार करने वाले समूह के प्रमुख से नाश्ते पर मिले। इस दौरान बिल्कुल शानदार बातचीत हुई। उन्होंने भारत में ईवी वाहनों के इस्तेमाल में तेजी लाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता के बारे में भी बताया।

अदाणी ने उबर सीईओ के साथ मुलाकात की तस्वीरें भी पोस्ट कीं लेकिन दोनों ने यह नहीं बताया कि मुलाकात कहां हुई। तस्वीरों से पता चलता है कि बैठक अहमदाबाद में अदाणी समूह के मुख्यालय में हुई थी। उबर के सीईओ इस सप्ताह की शुरुआत में भारत पहुंचे थे। इस यात्रा के दौरान उन्होंने राइड-शेयरिंग प्लेटफॉर्म उबर ने 22 फरवरी को ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

अपनी भारत यात्रा के दौरान खोसरोशाही ने बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में इंफोसिस के अध्यक्ष नंदन नीलेकणि के साथ बिल्डिंग पॉपुलेशन स्केल टेक्नोलॉजी पर भी चर्चा की। दिल्ली में उन्होंने शुक्रवार को वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। उबर वैश्विक स्तर पर अपने बेड़े को इलेक्ट्रिक वाहनों से बदल रहा है। इस महीने की शुरुआत में कंपनी ने कहा था कि उसकी पर्यावरण अनुकूल, वैश्विक ईवी सेवा उबर ग्रीन अब दिल्ली में उपलब्ध है।

# आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शिलॉन्ग में एनईआईएएच की क्षमता बढ़ाने के लिए की पहल

**शिलॉन्ग।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शहर के मावडियांग डियांग स्थित नॉर्थ ईस्टर्न




इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एंड होम्योपैथी (एनईआईएएच) परिसर की क्षमता विस्तार के लिए आज कई परियोजनाएं शुरू कीं। आयुष मंत्री ने इस मौके पर परिसर में गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया, वहीं प्रशासनिक भवन, फार्मेसी भवन के साथ ही प्रवेश और निकास द्वार सहित पेरिफरी रोड की चारदीवारी और बाहरी विद्युतीकरण कार्यों की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, ''एनईआईएएच में क्षमता विस्तार के साथ, हमारे पास सीखने, सहयोग करने और क्षमता बढ़ाने का अनूठा अवसर है क्योंकि हम वैज्ञानिक साक्ष्य के साथ पारंपरिक चिकित्सा के प्रत्येक फॉर्मूलेशन के लिए प्रमाणिकता स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। संस्थान पहले ही आयुर्वेद और होम्योपैथी में लगभग एक हजार विशेषज्ञों को प्रशिक्षित कर चुका है, जो शानदार अनुभूति का पल है। इससे क्षेत्र में, खास तौर पर मेघालय में स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली को काफी बढ़ावा मिला है, क्योंकि हम अपने डायनमिक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के 'स्वस्थ भारत' दृष्टिकोण को साकार करने के करीब पहुंच रहे हैं। आयुष चिकित्सा प्रणाली के प्रमाणित फॉर्मूलेशन से लैस चिकित्सकों की यह नई फौज लोगों को इस चिकित्सा सेवा का लाभ उठाने में मदद करेगी। यह हजारों वर्षों से स्थानीय समाज में प्रचलित हमारे पुराने घरेलू उपचार के समान है, लेकिन अब कई बीमारियों के इलाज के लिए वैज्ञानिक रूप से सिद्ध रोगी देखभाल समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला भी उपलब्ध है। 'हील इन इंडिया, हील्ड बाय इंडिया' आयुष के पुनरुत्थान आंदोलन का उद्देश्य है।''

सर्बानंद सोनोवाल ने आगे कहा, ''नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व वाली सरकार का इरादा हमारी जनजातीय उपचार पद्धतियों को उनके ऐतिहासिक समुदायों और सीमाओं से आगे बढ़ने में सक्षम और सशक्त बनाना तथा मानवता को समृद्ध गुणवत्ता वाला जीवन जीने और क्षेत्र के लिए व्यावसायिक अवसर विकसित करने में मदद करना है। बुनियादी ढांचा और अन्य भौतिक संरचना अनुसंधान एवं विकास में बेहतर परिणामों के लिए महत्वपूर्ण हैं और एनईआईएएच में नई क्षमता का विस्तार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के प्रेरक नेतृत्व के तहत् पारंपरिक चिकित्सा के पुनरुत्थान को बढ़ावा देगा।सरकार एनईआईएएच की क्षमता निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है ताकि यह देश में आयुष के शीर्ष मानव संसाधन संस्थान का उद्गम स्थल बन सके। पिछले एक साल में मोदी सरकार ने एनईआईएएच में क्षमता विस्तार के लिए 145 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश कर चुकी है। एनईआईएएच में क्षमता विस्तार के लिए कुल परियोजना परिव्यय 217.02 करोड़ रुपये है।''

केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के गतिशील नेतृत्व में भारत ने पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के अभियान को वैश्विक स्तर पर सफलतापूर्वक पुनर्जीवित किया है। आयुष के पुनर्जीवन ने हमारी हजारों साल पुरानी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को सशक्त बनाने में मदद की है। यह जनजातीय और लोक चिकित्सा को अपने दायरे में लाकर इस यात्रा को आगे बढ़ा रहा है, जिसका अंतिम उद्देश्य मानव जीवन की गुणवत्ता, शारीरिक फिटनेस और मानसिक खुशी की पुनर्प्राप्ति के लिए उन्नत और वैज्ञानिक रूप से सिद्ध स्वास्थ्य देखभाल समाधान बनाना है।''

## जल्द मिलेगी खुशखबरी, चार फीसदी बढ़ेगा महंगाई भत्ता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के कर्मियों और पेंशनर को बहुत जल्द खुशखबरी मिलने वाली है। मार्च के पहले सप्ताह में सरकारी कर्मियों के महंगाई भत्ते डीए और रिटायर्ड लोगों के लिए महंगाई राहत डीआर भत्ते में चार फीसदी की बढ़ोतरी हो जाएगी। मौजूदा समय में डीए/डीआर 46 फीसदी की दर से मिल रहा है। अगले माह तक इस भत्ते में 4 फीसदी की वृद्धि होगी। नियम है कि महंगाई भत्ते की दर, पचास फीसदी के पार होते ही सरकार को 8वें वेतन आयोग के गठन पर गंभीरता से विचार करना होगा। स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) के सदस्य और अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव सी. श्रीकुमार का कहना है, कर्मियों के डीए की मौजूदा दर 46 फीसदी है। यह दर 50 फीसदी होते ही केंद्र सरकार के समक्ष आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग रखी जाएगी। संभव है कि सरकार, लोकसभा चुनाव से पहले आठवां वेतन आयोग गठित करने की घोषणा कर दे। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के श्रम ब्यूरो द्वारा 31 जनवरी 2024 को दिसंबर 2023 के लिए अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू की रिपोर्ट जारी की गई थी। इसमें औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 138.8 अंकों के स्तर पर संकलित हुआ है। इससे सरकारी कर्मचारियों को उम्मीद है कि एक जनवरी 2024 से उनके महंगाई भत्ते में चार फीसदी की बढ़ोतरी होगी।

अगले सप्ताह होने वाली केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में डीए के मुद्दे पर निर्णय संभव है। पिछले साल की दूसरी छमाही में केंद्र सरकार ने अपने कर्मियों के महंगाई भत्ते में चार फीसदी की बढ़ोतरी की थी। उसके बाद महंगाई भत्ता यानी डीए की दर 42 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी हो गई थी। अब पहली जनवरी 2024 से सरकारी कर्मियों के महंगाई भत्ते में 4 से 5 बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के श्रम ब्यूरो द्वारा 31 जनवरी 2024 को दिसंबर 2023 के लिए जारी अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू में 0.3 अंकों की कमी दर्ज की गई है।

# युवाओं की नवाचार में उल्लेखनीय भूमिका से विश्व में बढ़ी भारत की साखः डॉ. राजेश्वर सिंह

**लखनऊ।** भारत में नवाचार के लिए चुनौतियों और अवसरों के 7वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवाओं को नवाचार, अनुसंधान और रचनात्मकता को बढ़ावा देने पर बल दिया। अंबालिका इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. राजेश्वर सिंह ने नवाचार को प्रोत्साहित करते हुए इसके नए-नए अवसरों को रेखांकित किया तथा आने वाली चुनौतियों से भी अवगत कराया। विधायक ने अपने प्रभावशाली विचारों से कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों पर अमिट प्रभाव छोड़ा।

बौद्धिक आदान-प्रदान और दूरदर्शी अंतर्दृष्टि के साथ भारत में नवाचार के संबंध में वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए अंबालिका इंस्टीट्यूट में आयोजित 7वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डॉ. राजेश्वर सिंह का इंस्टीट्यूट के




कार्यकारी निदेशक अंबिका मिश्रा ने स्वागत किया, सम्मेलन के दौरान उपस्थित उल्लेखनीय हस्तियों में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, अंबालिका इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक अंबिका मिश्रा, एआईएमटी निदेशक सेवानिवृत्त डॉ. प्रोफेसर आशुतोष द्विवेदी, एमएनएनआईटी प्रयागराज प्रो एके मिश्रा, वाराणसी इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के प्रोफेसर जी.पी.सिंह, वार्विक यूनिवर्सिटी के अमीर रजा, एचकेयूएसटी हांगकांग के डॉ. अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, इंस्टीट्यूट की अतिरिक्त निदेशक प्रोफेसर डॉ. श्वेता मिश्रा और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और वक्ताओं ने अपने दृष्टिकोण पेश किए।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने भारत की नवाचार की उल्लेखनीय उपलब्धियों और क्षमताओं पर चर्चा करते हुए कहा कि आज भारत विश्व इनोवेशन इंडेक्स में 80 से 40वें स्थान पर पहुंच चुके है। भारत के पास सर्वोत्तम शोध संस्थान हैं। इसरो और डीआरडीओ में सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक है जिनके परिश्रम व प्रयासों से भारत चंद्रमा पर पहुंचने वाला चौथा देश बन गया। हमारा देश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के मामले में निरंतर प्रगति कर रहा है। आज भारत के पास सर्वोत्तम रक्षा मशीनरी है, जिसे 85 देशों में निर्यात किया जा रहा है। देश के इंजीनियरिंग कॉलेज के पढ़े हमारे युवा देश को नई उचाईयों पर लेकर जा रहे है। डॉ. सिंह ने आने वाली चुनौतियों से अवगत कराते हुए बताया कि बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण भारत में लगभग 24 लाख लोगों की असामयिक मृत्यु हो रही है। इस दौरान विधायक ने युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुष्प्रभावों से निपटने के लिए नवाचार के महत्व से अवगत कराया। सतत विकास के लिए नवाचार अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## एमडी चंद्रू कालरो ने नए उद्यमियों को दिया सफलता का मंत्र, बोले- वैल्यूएशन नहीं वैल्यू बनाएं

**नई दिल्ली।** टीटीके प्रेस्टीज ग्रुप सिर्फ प्रेशर कुकर नहीं बनाता। उसकी जो प्रोडक्ट रेंज है, उत्पाद श्रृंखला है वो बहुत लंबी है। कंपनी के एमडी चंद्रू कालरोस ने बताया कि टीटीके प्रेस्टीज भारत में सबसे पहले प्रेशर कुकर को लाया था। उन्होंने कहा, बहुत से लोगों को यह जानकर हैरानी होगी कि हमारे उत्पादों में प्रेशर कुकर का टर्नओवर मात्रा एक तिहाई है। हमारे कंपनी के टर्नओवर में दो तिहाई हिस्सा अन्य उपादों का है। इनमें कुकवेयर जैसे नॉन स्टिक, स्टेनलेस स्टील, कास्ट आयरन आदि शामिल हैं। हम इंडक्शन कुकटॉप बनाते हैं। हम मिक्सर ग्राइंडर और स्मॉल इलेक्ट्रिक अप्लायंसेज बनाते हैं। हमारे पास करीब 700 एक्टिव प्रोडक्ट्स हैं। कंपनी के सबसे सस्ते और अफोर्डेबल कुकर से जुड़े सवाल कालरोस ने बताया कि कंपनी का सबसे सस्ता और अफोर्डेबल कुकर करीब 900 रुपये का है। वहीं, सबसे महंगा कुकर करीब 4000 के करीब है। उन्होंने बताया कि 10 साल या 15 साल पहले अगर आप देखें तो अल्युमिनियम के उत्पादों का सेल लगभग 75% था, वहीं 25% सेल था स्टील स्टेनलेस स्टील उत्पादों का। अब लोगों की धारना बदल रही है और स्टेनलेस स्टील के उत्पादों की बिक्री बढ़ी है। उन्होंने बताया कि उदाहरण के लिए उत्तर प्रदेश में सेल जो एक समय में 90त्न अल्युमिनियम उत्पादों का था, वहां आज लगभग 50% स्टेनलेस स्टील के उत्पाद बिक रहे हैं। कुछ लोग ऐसा कहते हैं की अल्युमिनियम सेहत के लिए उतना फायदेमंद नहीं है, इस बारे में जब टीटीके प्रेस्टीज के एमडी से जब सवाल पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हमने बहुत रिसर्च पेपर्स देखे हैं जो की अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं, ऐसी कोई बात नहीं है। अगर कोई ऐसी बात होती तो खुद हमारी सरकार इसे बैन कर देती। कोविड के बाद कंपनी ने कैसे रिकवर किया इस सवाल के जवाब में कालरो ने बताया कि टीटीके प्रेस्टीज कूकवेयर सेगमेंट की लीडर कंपनी है।

# सितारों से सजे समारोह में विजेताओं की सूची में नीरज चोपड़ा, मोहम्मद शमी और शीतल देवी सम्मानित

**लखनऊ।** शुक्रवार को लखनऊ में टाइम्स ऑफ इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स 2023के शानदार समारोह में भारत की एथलेटिक शक्ति का भव्य जश्न मनाया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन और उल्लेखनीय उपलब्धियों का सम्मान किया गया, जिसमें देश की समृद्ध खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया और वैश्विक मंच पर निरंतर सफलता के लिए मंच तैयार किया गया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में खेल की संस्कृति के पुनरुत्थान पर जोर देते हुए घोषणा की कि राज्य का पहला खेल विश्वविद्यालय मेरठ में स्थापित किया जाएगा। लखनऊ में टाइम्स ऑफ इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स में बोलते हुए, मुख्यमंत्री महोदय ने इस आयोजनस्थल के रूप में उत्तर प्रदेश को चुनने और राज्य को चेंजमेकर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए टाइम्स ग्रुप का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगी आदित्यनाथ ने व्यक्तिगत प्रतिभा और टीम की जीत को सम्मानित करते हुए 23 नियमित खेलों और 10 पैरा खेल श्रेणियों में खेल उपलब्धियां हासिल करने वालों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में, खेल की संस्कृति में एक महत्वपूर्ण पुनरुद्धार देखा

**घोषणा**

> **उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में खेल की संस्कृति के पुनरुत्थान पर जोर देते हुए घोषणा की**

गया है... पीएम मोदी की खेलो इंडिया खेलो और फिट इंडिया मूवमेंट जैसी पहलों ने खेलों में नए सिरे से रुचि जगाई है। उन्होंने यह भी कहा कि खेल एथलीटों के लिए अपनी और देश की ताकत और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने का एक मंच बन गए हैं।

सीएम ने कहा कि खेल के बुनियादी ढांचे और एथलीटों के लिए राज्य सरकार द्वारा किए गए निवेश से सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। ÷भारत की केवल




16% आबादी वाले यूपी ने एशियाई खेलों में देश द्वारा जीते गए सभी पदकों में 25% पदक प्राप्त किए।

पुरुष भाला फेंक प्रतिस्पर्धा में मौजूदा विश्व चैंपियन, नीरज चोपड़ा, बुडापेस्ट विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में अपनी असाधारण जीत के लिए स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर और एथलीट ऑफ द ईयर दोनों पुरस्कार हासिल करके इस रात के बड़े विजेता के रूप में उभरे।

पैरा-स्पोर्ट्स श्रेणी में, सुमित अंतिल और शीतल देवी को भाला फेंक और पैरा-तीरंदाजी में उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए संयुक्त रूप से पैरा स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर के रूप में सम्मानित किया गया। पैरा वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आंतिल के ऐतिहासिक स्वर्ण और पैरा वर्ल्ड तीरंदाजी चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में शीतल देवी के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें व्यापक प्रशंसा दिलाई।

महान ट्रैक और फील्ड एथलीट पीटी उषा को एशियाई खेलों में चार स्वर्ण और सात रजत पदक के साथ ट्रैक पर दबदबा बनाने वाले शानदार करियर के लिए %लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड% प्रदान किया गया।

TOISA 2023 समारोह ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्टता को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय पुरस्कार विजेताओं में शामिल हैं-

तीरंदाज ओजस देवताले और ज्योति सुरेखा

बैडमिंटन के दिग्गज चिराग शेट्टी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, एचएस प्रणय, पीवी सिंधु

क्रिकेट प्रतिभायें,मोहम्मद शमी और दीप्ति शर्मा

शतरंज के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंद और आर वैशाली

भारतीय पुरुष 4×400 मीटर रिले टीम

पैरा-स्पोर्ट्स को दस पुरस्कार श्रेणियों के साथमहत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हुए, जिसमें निशानेबाज अवनी लेखरा और रुद्रांश खंडेलवाल को सम्मानित किया गया और भाविनाबेन पटेल को पैरा-टेबल टेनिस प्लेयर ऑफ द ईयर घोषित किया गया।

# मामलों की जांच के लिए सेबी ने एआई को अपनाया

## पूर्णकालिक सदस्य बोले- पारदर्शिता बढ़ाने के हो रहे उपाय

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में हेराफेरी की घटनाओं की पृष्ठभूमि में सेबी के सदस्य ने कहा कि संदेश यह है कि कानून का पालन करना अधिक फायदेमंद होगा और इसका उल्लंघन करने से समस्याएं पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि हम मामलों की जांच के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामलों की जांच के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर रहा है। सेबी के स्थायी (पूर्णकालिक सदस्य) सदस्य कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विभिन्न इकाइयों को तकनीक में हो रहे बदलावों पर नजर रखनी चाहिए।

शेयर बाजार में हेराफेरी की घटनाओं की पृष्ठभूमि में सेबी के सदस्य ने कहा कि संदेश यह है कि कानून का पालन करना अधिक फायदेमंद होगा और इसका उल्लंघन करने से समस्याएं पैदा होंगी। पीटीआई द्वारा यह पूछे जाने पर कि



क्या सेबी एआई का उपयोग कर रहा है, वार्ष्णेय ने कहा, हम जांच के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं... और बहुत सी चीजों के लिए भी इसका उपयोग किया जा रहाहै ।

वार्ष्णेय नई दिल्ली में एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के 13वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन से इतर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक बाजार पारदर्शी है और कोई हेराफेरी नहीं हो रही है, तब तक नियामक के नजरिये से यह ठीक है।

भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) शेयर बाजार में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ-साथ पारदर्शिता बढ़ाने और गलत काम पर लगाम लगाने के उपाय कर रहा है।

# महाराष्ट्र की आत्मा में एक यात्रा

> **पर्यटन विभाग, महाराष्ट्र सरकार उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल सहित उत्तर भारत के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।**



**नई दिल्ली/ग्रेटर नोएडा/मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के पर्यटन विभाग, जो राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार अग्रणी प्राधिकरण है, ने महाराष्ट्र में यात्रा और व्यापार के अवसरों को बढ़ाने के लिए अपनी महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। क्षेत्र की जबरदस्त क्षमता को पहचानते हुए, महाराष्ट्र पर्यटन का लक्ष्य राज्य के भीतर व्यापार और व्यापार सहयोग को बढ़ावा देते हुए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए अपनी अद्वितीय सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक संपत्तियों का लाभ उठाना है। पर्यटन निदेशालय, महाराष्ट्र सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी योजना के हिस्से के रूप में महाराष्ट्र को एक संपूर्ण गंतव्य के रूप में प्रचारित करते हुए पर्यटन व्यवसायों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने की अनुमति देने के लिए एक गतिशील मंच स्थापित करने के लिए पूरे भारत में एक व्यापक व्यापार मेलों में भागीदारी और आउटरीच शुरू की है।

महाराष्ट्र सरकार के पर्यटन विभाग ने समृद्ध सांस्कृतिक राज्य में घरेलू और विदेशी पर्यटकों को और अधिक आकर्षित करने के लिए इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड में तीन दिवसीय साउथ आइसा ट्रैवल एंड टूरिज्म एक्सपो (22-24 फरवरी, 2024) में भाग लिया है। ग्रेटर नोएडा ने महाराष्ट्र पर्यटन मंडप की स्थापना करके लगभग 40 प्रतिभागियों के साथ अपने पर्यटन उत्पादों का प्रदर्शन किया।

स्वप्निल कपाडनिस, संयुक्त निदेशक, पर्यटन निदेशालय, महाराष्ट्र सरकार और श्री चन्द्रशेखर जयसवाल- महाप्रबंधक, महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम (एमटीडीसी) ने संयुक्त रूप से पूरे महाराष्ट्र की कंपनियों के प्रमुख प्रतिनिधियों, अंतर्राष्ट्रीय मेहमानों और पर्यटन हितधारकों की उपस्थिति में प्रदर्शनी

# दिल्ली में अमेज़ॅन मिनी टीवी के लेटेस्ट शो रक्षक- इंडियाज़ ब्रेव्स चैप्टर 2 की विशेष स्क्रीनिंग में शामिल हुए भारतीय सेना के जांबाज

**नई दिल्ली।** अमेज़ॅन मिनी टीवी अमेजन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस, ने रक्षक- इंडियाज़ ब्रेव्स फ्रेंचाइजी के तहत लेटेस्ट चैप्टर के लॉन्च के लिए एक स्पेशल स्क्रीनिंग का आयोजन किया। सम्मोहक कहानी, जो वास्तविक घटनाओं पर आधारित है, सूर्य चक्र पुरस्कार विजेता - नायब सूबेदार सोमबीर सिंह और डीवाईएसपी अमन ठाकुर की बहादुरी का सम्मान करती है, जिन्होंने सेना के काफिले पर दुखद पुलवामा हमले के कुछ दिनों बाद कुलगाम जिले में,++ श्रेणी के आतंकवादियों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। यह शाम युद्ध नायकों के लिए एक आदर्श श्रद्धांजलि थी क्योंकि स्पेशल स्क्रीनिंग में नायब सूबेदार सोमबीर सिंह और डीवाईएसपी अमन ठाकुर के परिवारों ने हिस्सा लिया। इसमें वेटरन मेजर, जे जे सिंह (रिटायर), जीपी कैप्टन अमित श्रीवास्तव (रिटायर्ड), कर्नल रोहित झा (रिटायर्ड), कर्नल वनीत मेहता (रिटायर्ड), ब्रिगेडियर धर्मराज सिंह (रिटायर), कर्नल शशांक कौशल, मेजर जनरल राजन कोचर वीएसएम (रिटायर) और कर्नल अनुपम गौड़




(रिटायर) ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में इंडियन मिलिट्री प्रोग्राम के कर्मियों की भी भागीदारी देखी गई, ये वे वेटरंस हैं जो अब अमेज़ॅन इंडिया में प्रमुख वर्टिकल्स को चलाते हैं। अमेज़ॅन मिनीटीवी के हेड ऑफ कंटेंट श्री अमोघ दुसाद के साथ-साथ जगरनॉट प्रोडक्शंस के सीईओ और प्रड्यूशर समर खान भी स्क्रीनिंग में एक्टर बरुण सोबती और विश्वास किनी के साथ उपस्थित थे।

अपनी भावनाओं को साझा करते हुए, नायब सूबेदार सोमबीर सिंह की पत्नी श्रीमती सुमन देवी ने कहा, आज मैंने रक्षक-इंडियाज़ ब्रेव्स चैप्टर 2 सीरीज देखी, और ऐसा लगा जैसे मैं उस मिशन को लाइव देख रही थी जिसमें नायब सूबेदार सोमबीर सिंह और डीवाईएसपी अमन ठाकुर ने राष्ट्र के लिए अपना जीवन बलिदान किया था। नायब सूबेदार सोमबीर सिंह का किरदार निभाने वाले बरुण सोबती ने सराहनीय काम किया है, ऐसा लगा जैसे हम नायब सोमबीर सिंह को ही स्क्रीन पर देख रहे हों। मैं साहस की इस कहानी को बताने और इसे सबके सामने लाने के लिए पूरी टीम और विशेष रूप से बरुण सर का आभार व्यक्त करना चाहती हूं। इसे जोड़ते हुए, डीवाईएसपी अमन ठाकुर की पत्नी श्रीमती सरला गौरिया ने कहा, डीवाईएसपी अमन ठाकुर की पत्नी के रूप में, मैं जगरनॉट प्रोडक्शंस के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहूंगी जिन्होंने भारत के बहादुरों के बलिदान पर प्रकाश डाला और इसे दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया। यह कहानी सशस्त्र बलों द्वारा देश के लिए किये गये बलिदान और कर्तव्यों को दर्शाती है। रक्षक- भारत के बहादुर - अध्याय 2 बहादुरी और वीरता की एक कहानी है जो आपके दिल को छू जाएगी। जब मैंने शो देखा, तो ऐसा लगा जैसे मैं उस समय में वापस चली गई जब यह सब वास्तव में हुआ था। उस समय परिस्थितियों को देखते हुए यह बहुत कठिन स्थिति थी लेकिन मुझे गर्व है कि उन्होंने अपने देश को सुरक्षित रखने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। यह बहुत बड़ा सम्मान है. मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह शो न केवल उनके बलिदानों के लिए एक श्रद्धांजलि है बल्कि यह आज की युवा पीढ़ी को भी प्रेरित करेगा।

## तीसरी तिमाही में 6.4 फीसदी रह सकती है विकास दर, 29 फरवरी को आएंगे जीडीपी आंकड़े

**नई दिल्ली।** देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 6.4 फीसदी रहने की उम्मीद है। बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) की रिपोर्ट के मुताबिक, विनिर्माण व कंस्ट्रक्शन क्षेत्र जीडीपी में सबसे ज्यादा योगदान करेंगे। सरकार 29 फरवरी को जीडीपी के आंकड़े जारी करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, सख्त मौद्रिक नीतियों और अन्य चुनौतियों के बीच दुनिया में मंदी का खतरा बना हुआ है। इनसे वैश्विक विकास प्रभावित होने का जोखिम है। घरेलू स्तर पर लचीलेपन के कारण भारतीय जीडीपी अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर स्थिति में है। चालू वित्त वर्ष में जीडीपी 6.8 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। 2024-25 में यह 6.75-6.8 फीसदी रह सकती है। हालांकि, विपरीत वैश्विक स्थितियों के कारण निर्यात प्रभावित हो सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, कषि और उद्योग क्षेत्र में धीमी वृद्धि रहेगी।

# पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द होने पर अभ्यर्थियों ने जताई खुशी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामला काफी दिनों से सुर्खियों में रहा शनिवार को जैसे ही भर्ती परीक्षा निरस्त होने की खबर आई अभ्यर्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई।गत दिनों उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा सम्पन्न हुई थी । जिसमें परीक्षा अभ्यर्थियों ने यह आरोप लगाया था कि परीक्षा भर्ती में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। जिसके संदर्भ में प्रत्येक जिले में लगातार प्रदर्शन जारी था।शनिवार को मुख्यमंत्री द्वारा भर्ती परीक्षा को रदद् करते हुए छः माह के अंदर परीक्षा कराने के निर्देश बोर्ड को दिए गए हैं। स्टडी प्वाइंट डिजिटल लाइब्रेरी अमेठी के डायरेक्टर ने बच्चों को मिठाई खिलाते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया। लवकुश यादव ने बताया कि जिस तरीके से बीते दिनों से अभ्यर्थियों में मायूसी थी वह कहीं न कहीं आज सभी के चेहरे पर मुस्कान ले आयी है। जिस तरीके से अभ्यर्थियों ने पुलिस परीक्षा को लेकर सभी ने मेहनत की थी उससे जो निराशा हुई थी वो आज परीक्षा रदद् होने पर एक खुशी की लहर लेकर आई है। कहा कि सरकार जल्द से जल्द पुनः परीक्षा सुचितापूर्ण तरीके से कराकर बच्चों को वर्दी देने का कार्य करे। लाइब्रेरी संरक्षक चौधरी सुखराम यादव ने बताया कि ये इन बच्चों के संघर्ष की जीत है। बताया कि ठान लो तो जीत है मान लो तो हार है। इस मौके पर स्टडी पॉइंट डिजिटल लाईब्रेरी के डायरेक्टर लवकुश यादव लार्ड कृष्णा कोचिंग के डायरेक्टर दीपक यादव अनिल मौर्य आलोक यादव अनूप सिंह हरिश चंद अनिल यादव रिंकू यादव मानसिंह अजय अंकुश विवेक सहित तमाम अभ्यर्थी मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की उपस्थिति में थाना कोतवाली पडरौना में आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं का एक-एक कर गम्भीरता पूर्वक सुना गया, व राजस्व व पुलिस विभाग को निर्धारित समयावधि के भीतर निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा की प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में संवेदनशील रहे। प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, जो आपके क्षेत्राधिकार के बाहर हो तत्काल प्रार्थी को अवगत कराए। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को राजस्व टीम बनाकर पुलिस बल की सहायता से मौके पर जाकर प्रार्थना पत्रों व शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। आज के समाधान दिवस में पुलिस विभाग के 3 प्रार्थना पत्रों में से 3 का निस्तारण मौके पर किया गया तथा राजस्व विभाग के 7 प्रार्थना पत्रों में से 04 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा अवशेष 03 आवेदन पत्रों को सम्बन्धित को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शीघ्र निष्पक्ष निस्तारण हेतु सौंप दिए गए।इस प्रकार कुल 10 प्रार्थना पत्रों में से 7 का निस्तारण तत्काल किया गया। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। **अहिरौली में सीओ कसया ने सुनी जानता की फरियाद :-** माह अन्तिम शनिवार को थाना अहिरौली बाजार परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शनिवार को अहिरौली बाजार थाने पर पुलिस और भूमि से जुड़े विवादों के समाधान के लिए थाना

**10 प्रार्थना पत्रों में से मात्र 7 का निस्तारण हुआ**

समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार ने जनता की फरियाद सुनकर संबंधित को तय समय सीमा के अंदर निस्तारण कराने का निर्देश दिए। इस समाधान दिवस में कुल तीन फरियादियों ने क्षेत्राधिकारी कसया को अपनी पीड़ा बताई। जमीन विवाद से जुड़े मामलों के समाधान के लिए सीओ कसया ने मौके पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर निस्तारण कराने का निर्देश दिए।इसमें राजस्व से संबधित कुल तीन मामले पहुंचे। जिसमें एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। सभी मामलों में मौके पर पहुंचकर जांच कर निस्तारण कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किए। इस दौरान थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार मनोज कुमार वर्मा वरिष्ठ उपनिरीक्षक सभाजीत सिंह हेड कांस्टेबल ओम पाण्डेय कांस्टेबल अनिल कुमार यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी व राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# कभी उनकी दुकानें थी गुलज़ार अब हैं भूखमरी का शिकार



मनव्वर रिज़्वी

**टोपी-बेल्ट और चश्मा व्यवसाईयों का बुरा है हाल**

**गोरखपुर।** शहर में अतिक्रमण के नाम पर सड़क की पटरियों के किनारे दुकान लगाकर पिछले कई सालों से रोटी का जुगाड़ करते चले आ रहे लोगों को उजाड़ दिया गया। पटरी, ठेला और खोमचे वालों का ये वो वर्ग है जिनका हमेशा मन्दिर से सीधा जुडाव रहा है। इनमें से कुछ इतने पुराने हो चुके थे की उस पटरी व्यवसाय के नाम से उस सड़क की पहचान हो गई। ऐसा ही एक व्यवसाय था टोपी चश्मा और बेल्ट का। बैंक रोड़ पर सड़क के बिल्कुल किनारे दीवारों से सटे लगने वाली इन दुकानों से लोगों को कम कीमत पर स्टाइलिश टोपी बेल्ट और चश्मा मिल जाया करता था। एक तरफ आमजनों को कम कीमत पर प्रसिद्ध ब्रांडों की कॉपी मिल जाती थी तो दिनभर धूप में जलने के बाद यहाँ दुकान लगाने वाले अपने बच्चों के लिए टूटी फूटी शिक्षा के साथ दो रोटी और कुछ खिलौनों का इंतेज़ाम कर लेते थे। लेकिन पुलिस और प्रशासन की सख्ती ने अब उनका रोजगार क्या छिना उनके घर से खुशियाँ बिदा हो गई और जमापूंजी खत्म होने के बाद परिवार के लिए अब रोटी जुटाना मुहाल हो रहा है। लाखों रोजगार देने का दावा करने वाली योगी सरकार के अपने शहर में देखते ही देखते टोपी चश्मा बेचने वाले दर्जनों लोग बेरोजगार हो गए अगर दूसरे पटरी व्यवसाइयों को भी जोड़ लें तो ये तादाद सैकडों का आंकडा लांघ जा रही है। जिला प्रशासन ने उन्हें बिना किसी समायोजन के उजाड़ दिया जिससे वो अब दर दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं। बहरहाल शहर में सीएम का खास बनने की होड़ में लगे अफसर तेज़ी से उन्हीं लोगों पर हमलावर हैं जो कभी योगी जी की ताक़त हुआ करते थे।

# अभियान के तहत डोर-टू-डोर जाकर लोगों से सम्पर्क करेंगे कार्यकर्ता: राय

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** भारतीय जनता पार्टी बड़हलगंज मण्डल की लाभार्थी संपर्क योजना की प्रशिक्षण कार्यशाला रामावती देवी मैरेज हॉल में संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष मार्कण्डेय राय ने बताया कि लाभार्थी संपर्क योजना अंतर्गत बांसगांव लोकसभा के 1000 भाजपा कार्यकर्ता बांसगांव लोकसभा क्षेत्र की 5 लाख लाभार्थियों से संपर्क कर उनसे संवाद करेंगे। इस दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियां के बारे में उनसे मिलकर चर्चा भी करेंगे लाभार्थी संपर्क अभियान की शुरुआत 25 फरवरी से होगा, यह अभियान 5 मार्च तक चलाया जायेगा।

कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताएंगे और केंद्रीय योजनाओं के लाभ ले रहे हैं लाभार्थियों से मिलेंगे। मार्कण्डेय राय ने कहा कि इस अभियान के तहत प्रदेश की सभी लोकसभा क्षेत्र की लोगों से भाजपा कार्यकर्ता लगातार संपर्क करेंगे और केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां के बारे में बताएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार तेजी से कार्य कर रही है और हर गारंटी को पूरा कर रही है। इन सभी योजनाओं के बारे में हमें जनता से सीधा संवाद करना है और योजनाओं का लाभ ले रहे लाभार्थियों से मिलकर उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की योजनाओं का पत्र घर-घर जाकर पहुंचना है। पत्र के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सभी को अपना प्रमाण कहा है। कार्यशाला को मण्डल अध्यक्ष अखण्ड प्रताप शाही ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार में करोड़ों लोगो के जीवन में बदलाव हुआ है करोड़ों लोगो ने किसी न किसी योजना का लाभ लिया है केंद्र सरकार ने गरीब से गरीब व्यक्ति तक अपनी योजनाओं को पहुंचाया है और अब उनसे संपर्क भी करने जा रही है यह केवल भाजपा सरकार ही कर सकती है। कार्यक्रम का संचालन मण्डल महामंत्री दुर्गेश मिश्र ने किया।

## अतिक्रमण के कारण नगर में नहीं मिल रही जाम से निजात

**अमेठी।** स्थानीय प्रशासन और नगर पंचायत की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण नगर एक लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में है। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि सड़क की पटरियां गायब हो चुकी है उन पर बाजार लगी है। सड़के सकरी हो गई हैं लिहाजा आए दिन जाम में फंस कर राहगीर कराह रहे हैं। स्थानीय नगर पंचायत में एक लंबे समय से अतिक्रमण विरोधी अभियान नहीं चला है जिसके कारण गांधी चौक सगरा तिराहा अंबेडकर तिराहा राजर्षि तिराहा पोस्ट ऑफिस के सामने और तहसील के सामने जाम की समस्या विकराल हो चुकी है।स्कूल आने जाने वाले बच्चे जाम में फंसकर प्रायः कराहते रहते हैं। वहीं राहगीर भी नगर अमेठी के जाम की चुनौती से परेशान है विभिन्न तिराहों और चौराहों पर सुरक्षा बल तैनात जरूर रहता है लेकिन जाम से निपटने में वह नाकाम साबित होते हैं। नगर पंचायत अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने की पहल नहीं कर रही है जिसे लेकर जाम की समस्या से ग्रस्त लोग चिंतित नजर आ रहे हैं और स्थानीय प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

# एनएसएस के सप्त दिवसीय शिविर का समापन हुआ




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के बाबूलाल जी सिंह पीजी कॉलेज भगौरा, सहजनवां में एनएसएस के सप्त दिवसीय शिविर का आज सांस्कृतिक आयोजनों के साथ विधिवत समापन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुरू किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राएं संजना पांडेय, कुमकुम मद्धेशिया ,वंदना सिंह, संजना गौड ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया तथा श्रुति, प्रिया मद्धेशिया,जया यादव ने स्वागत गान गाकर कार्यक्रम कि शोभा बढ़ाई। इसके साथ ही चारों इकाइयों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हरिनाथ सिंह ने स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा की एन एस एस से एक संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण किया जाता है जिससे एक अच्छे नागरिक का निर्माण होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य व एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुरेंद्र प्रसाद ने किया तथा संचालन डॉ राजकमल सिंह ने किया। 18 फरवरी को एनएसएस के इस सप्तशती शिविर का प्रारंभ किया गया था जिसका 24 फरवरी को विधिवत समापन किया गया। इस अवसर पर डा राजीव यादव,डा दिनेश चौबे, डा ज्योति मद्धेशिया, डा हिमांचल सिंह, संजय कुमार यादव, मिथिलेश प्रजापति, अजित श्रीवास्तव सहित दर्जनों कि संख्या में स्वयं सेवक और स्वंय सेविकाएं उपस्थित रहे।

## फ्री आई कैम्प का हुआ आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार को शिया जामा मस्जिद में निःशुल्क आई कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में लगभग 130 मरीजों की जांच की गई। इमाम हुसैन के जन्मदिन वाले माह में आयोजित इस आई कैंप में हर वर्ग के लोगों ने अपनी आँखों की जांच के साथ मुफ्त दवा भी प्राप्त किया। इसके अलावा आई कैंप में डॉ अतीक अहमद और डॉ सुमन ने लोगों को आंख से जुड़े रोगों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर एजाज़ रिज़वी, मीसम, आलमदार, अहमर रिज़वी एडवोकेट के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

## डीएम एवं एसपी ने लोकसभा निर्वाचन ड्यूटी में लगाए गए प्रभारी अधिकारियों, सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ की बैठक




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने लोकसभा निर्वाचन डयूटी में लगाए गए प्रभारी अधिकारियों, सहायक प्रभारी अधिकारियों को उनके उत्तरदायित्वों के अनुसार गुणवत्तायुक्त कार्यों के निष्पादन से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रभारी अधिकारीगण अपने जिम्मेदारियों के अनुसार कार्य का पूरी संवेदनशीलता के साथ पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। सभी अधिकारियों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के संबंध में अधिसूचना जल्द ही जारी किए जाने की सम्भावना है। जनपद में 1575 मतदान केंद्रों पर 2514 बूथ बनाये गए हैं, जिनमें से न्यूनतम 50 प्रतिशत की वेबकास्टिंग की जाएगी। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष रणनीति बनाने के निर्देश दिए। कहा कि पिछले चुनाव में औसत से कम मतदान वाले बूथों को चिन्हित किया जाए और इन क्षेत्रों मतदाता जागरूकतापरक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। सभी अधिकारियों का नैतिक दायित्व है कि अपनी-अपनी निर्धारित निर्वाचन ड्यूटी के अनुसार समय रहते पूरी तरह से अपने कार्यों से भली भांति परिचित होते हुए सम्पूर्ण तैयारी बना लें, जिससे कार्य के दौरान असहज स्थिति न उत्पन्न हो। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्य के संबंध में तत्काल कार्रवाई प्रारंभ करते हुए अपने कार्य को पूर्ण कराएं।

# संत रविदास जयंती पर विविध कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जिले में संत रविदास की जयंती पर शनिवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। पटखापुर कुशीताली में संत रविदास जयंती बौद्ध परंपरा के अनुरूप त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम के साथ मनाई गई। सिरमौर बौद्ध विहार सोइया के बौद्ध भिक्षु भंते प्रज्ञा मित्र और धम्मदीप ने त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम के बाद संत शिरोमणि रविदास के साथ बौद्ध धम्म की शिक्षाओं पर संवाद किया।

मन ही सेवा मन ही धूप मन ही सेवहुं सहज सरूप --रविदास की वाणी का उल्लेख करते हुए सामाजिक बुराईयों का समूल नष्ट करते हुए तर्क शील समतामूलक समाज के निर्माण का संदेश दिया। रामचंद्र बौद्ध ने राजकुमारी के कंगन की कहानी सुनाई और कहा कि संत रविदास की वाणी के महात्म्य का वर्णन शब्दों में सम्भव नहीं। रविदास ने अपनी कलम और वाणी से प्राचीन भारतीय समाज में कुलीनो और पंडितों को शास्त्रार्थ में हमेशा पराजित किया। आयोजन समिति की ओर से जिया लाल बौद्ध राजू बौद्ध और संतराम ने अतिथि वक्ताओं का स्वागत सम्मान किया।संजय कुमार ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने ऊंच-नीच छुआछूत पाखंड और आडम्बर के विरुद्ध जीवन पर्यन्त जनचेतना जागृत की और सच्ची ईश्वर भक्ति के संदेश दिए। महान संत गुरु रविदास ने मन चंगा तो कठौती में गंगा का अमर संदेश दिया है।

संत गुरु का संदेश राजनीतिक अथवा चुनावी स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि इंसानियत की सेवा के लिए समर्पित होने का है।बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने संत रविदास की वाणी -ऐसा चाहूं राज मैं जहां मिले सबन को अन्न छोटे बड़े सब सम रहे रविदास रहें प्रसन्न का उल्लेख किया और कहा कि रविदास की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम के दौरान बामसेफ के कार्यकर्ता और शिक्षक संतराम ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पढ़ने में सहयोग के लिए स्टेशनरी वितरित की। सभा को त्रिभुवन दत्त तुलसी राम शास्त्री सुरेन्द्र कुमार अयोध्या मौर्य उर्फ पप्पू मौर्य धर्मराज राम समुझ रामशंकर आदि ने संबोधित किया। जनता नगर भादर में बसपा कार्यकर्ताओं की ओर से रविदास जयंती मनाई गई। विचार गोष्ठी को बसपा के जिला प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध सेक्टर अध्यक्ष रामपाल राम समुझ घेर्राऊ रामबली गौतम प्रेमसागर आदि ने संबोधित किया।

## एसडीएम ने जांच के लिए गठित की टीम

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के बडगहन में लगातार किए जा रहे अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। जिसको लेकर प्रधान बरसाती देवी ने जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी सहजनवा और खनन अधिकारी को शिकायत कर जांच कराकर करवाई करने की मांग किया है। प्रधान ने आरोप लगाया है की गांव के किसानो की भूमि में रॉयल्टी के नाम पर अवैध खनन किया जा रहा। जब की रॉयल्टी जमुआर जिला सदर तहसील की है। वर्तमान समय में देखा जाय जो खनन हो रहा है। वह क्षेत्र सहजनवा तहसील में शंभूचक में पड़ता है। मना करने पर खनन माफिया किसानो से मार पीट पर आमादा हो जा रहे है। प्रशासन से मांग है की मामले की जांच कराकर खनन माफियाओं पर करवाई की जाये। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी कुंवर सचिन सिंह ने कहा है कि शिकायत मिली है। नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम गठित कर रिपोर्ट मांगी गई है।

## वन स्टाप सेन्टर देवरिया में कार्यक्रम का आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** निदेशक महिला कल्याण उप्र लखनऊ के निर्देश पर उप्र विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों की पब्लिक मीटिंग जनपदो के वन स्टाप सेन्टर पर कराये जाने के क्रम में वन स्टाप सेन्टर देवरिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका देवरिया अध्यक्ष अलका सिंह रही। कार्यक्रम मे जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा आज के कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य वन स्टाप सेन्टर (सखी) अन्तर्गत सभी प्रकार की हिसा से पीड़ित महिलाओ एवं बालिकाओ को एक ही स्थान पर आश्रय, पुलिस-डेस्क विधि सहायता, चिकित्सा एवं काउन्सलिंग की सुविधा वन स्टाप सेन्टर/ऊषा किरन केन्द्रो मे उपलब्ध करायी जा रही है। उक्त केन्द्र का संचालन महिला एव बाल विकास के तरफ से किया जा रहा है। श्री तिवारी द्वारा महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओ निराश्रित विधवा पेंशन योजना, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप प्रर्वतकता योजना, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 एवं महिला हेल्प लाइन 181 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। नीतू भारती केन्द्र प्रबन्धक के द्वारा वन स्टाप सेन्टर पर रखी जा रही महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा सुविधा एवं केन्द्र की कार्यो के बारे मे अवगत कराया गया। मीनू जायसवाल मनोवैज्ञानिक के द्वारा केन्द्र पर महिलाओं के परामर्श पुर्नवासन एवं वन स्टाप सेन्टर के मूल उद्देश्यो से अवगत कराया गया। अध्यक्षा के द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टाप सेन्टर के कार्यो की सराहना करते हुये कहा गया कि यह केन्द्र हर एक पीड़ित महिला एवं बालिका के लिये वरदान सिद्ध हो रहा है तथा हर एक महिला को न्याय व सुविधा मिल रही है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह : परिणय सूत्र में बंधे 82 जोड़े

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को जनपद के पडरौना, विशुनपुरा व कसया विकास खण्ड क्षेत्र के कुल 82 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। पडरौना ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 77 हिंदू और 5 मुस्लिम जोड़ों का विवाह उनके धार्मिक रीति रिवाज से कराया गया। एक ही मंडप में जहां पुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह संपन्न कराया तो दूसरी ओर मौलाना ने कुरान की आयतों के जरिए निकाह पढ़वाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते करते हुए क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे ने कहा कि सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने यह जनकल्याणकारी योजना गरीब के उत्थान के लिए शुरू किया है। पहले परिवार के माता-पिता को अपनी बिटिया की शादी के लिए जमीन-जायदाद और गहना बेचना पड़ता था लेकिन योगी सरकार में अब किसी गरीब मा-बाप को अपनी बेटी की

**एक ही पंडाल में एक साथ गूंजे मंत्र और आयते**

शादी करने के के लिए कुछ नही बेचना पड रहा है। सरकार सामुहिक विवाह योजना के अन्तर्गत वधू के खाते में समाज कल्याण विभाग की ओर से 35 हजार रुपए भेजे भेज रही है। इसके अलावा गृहस्थ जीवन की शुरुआत करने के लिए दस हजार रूपए के सामान दे रही है। सदर विधायक मनीष जायसवाल व कुशीनगर विधायक पी एन पाठक ने सभी वैवाहिक जोडों को गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी और सूबे की योगी सरकार ने महिलाओं के मान-सम्मान और स्वाभिमान को बढाते हुए आत्मनिर्भर बनाया है। सांसद, विधायक, नपाध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अवसर पर खण्ड विकास खण्ड सहित अन्य अधिकारी, पडरौना नगर मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर त्रिपाठी, के अलावा प्रधान, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे। **प्रति जोडों पर किए गए खर्च :** सरकार द्वारा प्रति जोड़े पर 51 हजार रुपए का व्यय किया गया है। जिसमें 35 हजार रूपए खाते में, 10 हजार रूपए का आवश्यक सामान (जिसमें कपड़ा, बर्तन, मोबाइल, बिछुआ आदि शामिल है) व 6000 रूपए विवाह समारोह के आयोजन में व्यय किए गए है।

# 12 करोड़ की लागत से सपहा में बनेगा स्टेडियम, प्रमुख सचिव ने देखी जमीन

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** कसया तहसील क्षेत्र के सपहा में विधायक पी एन पाठक के प्रयास से 12 करोड़ रूपए की लागत से 3 एकड़ जमीन में भव्य स्टेडियम बनने जा रहा है। इसके लिए शासन के निर्देश पर प्रमुख सचिव खेलकूद आईएएस आलोक कुमार ने शनिवार को स्थानीय विधायक व राजस्व टीम के साथ जमीन देखा।

बता दें काफी कुशीनगर में काफी दिनों ने स्टेडियम की मांग चल रही थी जिसका संज्ञान लेकर भाजपा विधायक पी एन पाठक ने शासन को पत्र लिखकर मांग किया था जिसके बाद शासन ने उक्त मांग को मंजूर किया और स्वीकृति दे दी। इसी क्रम में खेल कूद विभाग के सचिव आलोक कुमार ने शनिवार को कसया तहसील क्षेत्र के सपहा में विधायक पी एन पाठक, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता

**तीन एकड़ में बनेगा स्टेडियम, क्षेत्रीय लोगों में खुशी का माहौल**

जैन, नगर पालिका प्रतिनिधि राकेश जायसवाल व राजस्व टीम के साथ जमीन देखा।

इस दौरान उन्होंने ने जमीन की क्षेत्रफल, लंबाई व चौड़ाई के बारे में जानकारी प्राप्त किया। प्रमुख सचिव ने बताया कि 10-12 करोड़ रुपए की लागत से 3 एकड़ में स्टेडियम बनेगा। इसकी लिए जल्द ही धन की स्वीकृति मिल जायेगी और कार्य शुरू हो जाएगा। इस मौके पर विधायक श्री पाठक ने कहा कि सरकार खेल कूद के प्रति गंभीर है। इस लिए खेल प्रतिस्पर्धा योजना से गांव से लेकर बड़े बड़े शहरों में स्टेडियम का निर्माण करा रही जिससे युवा वर्ग हर खेल में अच्छा प्रदर्शन कर देश व प्रदेश स्तर पर नाम रोशन करेंगे। सपहा में स्टेडियम बनने कि सूचना पर क्षेत्रीय लोगों में खुशी का माहौल है। लोगों ने विधायक सहित सीएम योगी को बधाई दिया है।

## ग्रामीण समुदाय को सशक्त बनाने के साथ ही सतत विकास को बढ़ावा देना है

**देवरिया।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के अंतर्गत पंचायती राज संस्थाओं एवं स्वयं सहायता समूहों के अभिसरण हेतु ग्राम प्रधान एवं एस.एच.जी. सदस्यों के दो दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण विकास खण्ड भटनी के सभागार में हुआ। इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) समेत कई बहुआयामी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षक आशुतोष दूबे ने कहा कि वित्त आयोग ने भारी अनुदान के हस्तांतरण हेतु स्थानीय स्वशासन को उनके विकास की योजना बनाने के लिए सक्षम बनाया है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत विकास योजना एक आवश्यकता आधारित व्यापक योजना है जो कुशल एव अनुकूलतम उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए स्थानीय विकासात्मक मुद्दों के समाधान के लिए तैयार की गई है। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को जीपीडीपी प्रक्रिया में शामिल करने को एक सार्थक कदम बताया।

# सपा-बसपा-कांग्रेस ने हमेशा मुस्लिमों को ठगा: अफजल

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** बीस वर्षों से लगातार सुल्तानपुर पालिका के सभासद अफजल अंसारी ने अपने साढ़े तीन सौ पिछड़े व अति पिछड़े मुस्लिम साथियों के साथ अब भाजपा का दामन थाम चुके हैं। पसमांदा मुस्लिम महाज के प्रदेश महासचिव अंसारी इस वक्त विपक्षी दलों सपा-बसपा और कांग्रेस की सियासत पर आग उगल रहे हैं। शनिवार को वे मंसूरी-हनफ़ी व सलमानी समाज के नेताओं के साथ पूर्व सपा नेता अब्दुल रहमान खान के कैंप दफ्तर में मीडिया से मुखातिब हुए तो मुसलमानों का आह्वान किया। बड़ी ही साफगोई से कहा कि गद्दार नहीं है मुसलमान। दस वर्षों से भाजपा को मुस्लिमों ने वोट नहीं दिया लेकिन मोदी-योगी ने बगैर भेदभाव के हरेक योजनाओं का सर्वाधिक लाभ मुसलमानों को दिया। बड़े दिल वाले हैं पीएम मोदी व सीएम योगी। हमने और हमारे साथियों ने सपा-बसपा व कांग्रेस के लिये कार्य किया था लेकिन इन दलों की सरकारों ने हमें मूर्ख बनाया, गरीब से अति गरीब बनाकर मुसलमानों को जलालत झेलने के लिये छोड़ दिया। केवल भाजपा के खिलाफ सिर्फ भड़काया। अब मुस्लिम समाज अपने खिलाफ इन दलों की साज़िश को समझ चुका है। आने वाले वक़्त में हम सिर्फ और सिर्फ बीजेपी को जिताने जा रहे हैं।

सपा के वर्षों तक जिला उपाध्यक्ष व मुलायम यूथ ब्रिगेड-लोहिया वाहिनी के प्रदेश स्तरीय नेता रह चुके अंसारी ने सपा पर तीखे आरोप लगाए। कहा कि मुस्लिम हितैषी का ढोल पीटने वाली सपा ने लोकल बॉडी में साठ में से सिर्फ पांच पद मुस्लिम नेताओं को दिए। परिवारवाद की सियासत कर रही है सपा-बसपा और कांग्रेस। उनके साथ प्रेस वार्ता में मंसूरी समाज के नेता अब्दुल खालिक मंसूरी, सलमानी समाज के रईस सलमानी व हनफ़ी समाज के कादिर हनफ़ी आदि मौजूद रहे।

# जिला मुख्यालय पर नगर की सड़कों पर भीख मांग रहे बच्चे/जिला प्रशासन मौन

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** देश का भविष्य कहे जाने वाले बच्चों को जब जीवन यापन के लिए सड़कों पर भीख मांगते देखा जाता है, तो ऐसा प्रतीत होता है कि सरकारों द्वारा बच्चों की पढ़ाई तथा कल्याण के लिए शुरू की गई करोड़ों की योजनाओं का लाभ बेमानी है,क्योंकि वो लाभ इन तक नहीं पहुंच रहा है। जिलाधिकारी कार्यालय, विकास भवन कार्यालय के पास एवं बस स्टॉप पर दर्जनों की संख्या में नाबालिग बच्चे भीख मांगते हुए कभी भी देखे जा सकते हैं। सर्व शिक्षा अभियान में तथा अन्य दूसरे कार्यक्रमों पर सरकारें करोड़ों रुपये खर्च कर रही है।परंतु फिर भी भारी संख्या में घुमंतू परिवारों के बच्चों तक इसकी किरणें नहीं पहुंच पाई हैं। जिससे पता चलता है कि इन योजनाओं का लाभ ऐसे पात्र बच्चों तक नहीं पहुंच पा रहा है।स्थानीय बस स्टैंड पर तो ऐसे भीख मांगने वाले बच्चों की बाढ़ सी आ गई है।इनमें प्रायः झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों की संख्या अधिक होती है।बस स्टैंड पर दौड़ती बसों में तथा बसों से बाहर भीख मांगते समय कभी भी दुर्घटना होने का डर बना रहता है। परंतु पेट पालने की दौड़ में ऐसे बच्चे अपनी जिदगी पर दांव लगाए हुए हैं। जिसकी ओर सरकारों को ध्यान देने की विशेष आवश्यकता है। जनपद वासियों की मांग है कि प्रशासन इस ओर ध्यान दें।वहीं जिला प्रोबेशन अधिकारी वीरेंद्र प्रताप बर्मा ने कहा कि मामला ध्यान में लाया गया है, और संबंधित विभागों को अवगत करवाकर समस्या का हल करवाने का प्रयास किया जाएगा।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रूदौली-अयोध्या।

पत्रांक : 1378/पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/टेण्डर/2023-24 दिनांक-21.02.2024

**अल्पकालीन निविदा**

विकास खण्ड रूदौली में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त योजनान्र्त गत 2023-24 में प्राप्त धनराशि से विकास खण्ड रूदौली के अन्तर्गत कार्य कराये जाने वाले कार्यो हेतु विकास खण्ड के पंजीकृत ठेकेदारो से कार्य निर्माण निविदा दिनांक 21.02.2024 से दिनांक 09.3.2024 को अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रूदौली से प्रत्येक कार्य दिवस में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक 500.00 नगद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है, प्राप्त निविदाएं दिनांक 09.03.2024 अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित ठेकेदार/प्रतिनिधि/निविदा समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में खोला जायेगा।

**निविदा की स्वीकृति एवं अस्वीकृति करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की माप | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | |
| 1 | पक्की सड़क से राम नरेश के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.47 | 17000 | 500.00 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | राम नरेश के घर से मतगणना स्थल तक इण्टरलाकिंग कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 3.75 | 7000 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 3 | बेतौली में परसुराम के घर से ओमकार के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.46 | 17000 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 4 | जखौली में महेश चन्द्र के घर से सडक होते हुए विक्रम व नन्कू के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 7.72 | 8000 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 5 | सीवन में सलाउद्दीन के घर से खण्डंजा तक इण्टरलाकिंग कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.47 | 17000 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 6 | बदलूपुर में पवन के दरवाजे से बालाजी मन्दिर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.47 | 17000 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 7 | बाकरपुर में पक्की सडक से मन्दिर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.47 | 17000 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 8 | मदारपुर रसूलपुर नेवादा हासिम के दरवाजे से सुफियान के खेत तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.47 | 17000 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 9 | पूरे नज्खू खॉ में बिलाल के दरवाजे से सगीर मास्टर के घर तक इण्टर लाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.45 | 16900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 10 | महमूदमऊ में पुत्तु गौतम के घर से सन्तराम के दरवाजे तक इण्टर लाकिंग व नाली निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.46 | 16900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 11 | लौधौरा सडक से बाबा हरदेव मन्दिर होते हुए रामकुमारी सिंह के खेत तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.45 | 16900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 12 | पक्की सडक से राम सिंह एवं परमेश्वर सिंह के खेत तक खण्डजा निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.47 | 16900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 13 | सरैठा राम सजीवन के दरवाजे से राम जानकी मन्दिर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.15 | 17000 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 14 | अमहटा पक्की सडक से राम बाबा के स्थान तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.46 | 16300 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 15 | मुन्ना सिंह की बाग से सडक तक इण्टर लाकिंग कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.46 | 16300 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 16 | ऐनुल के घर से नसीम खॉ की बाग तक इण्टर लाकिंग कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.45 | 16900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 17 | अजरका में रोहित मिश्र के दरवाजे से छंगू पाल के दरवाजे तक तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.45 | 16900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 18 | गौरियामऊ मे अखिलेश वर्मा के घर से मन्दिर होते हुए रामू के घर तक इण्टर लाकिंग व नाली निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.44 | 16800 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 20 | लोहटी सरैया में पक्की सडक शिवकुमार के घर से जगदीश के घर तक इण्टर लाकिंग व नाली निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 6.99 | 14000 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 21 | भौली में बाबा बजार रोड से डॉ रामतेज के घर तक खण्डंजा निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 2.80 | 4000 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 22 | सण्डरी (पसैया) में राजकरन वर्मा के दरवाजे से अयोध्या गोस्वामी के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.44 | 16800 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 23 | ऐथर हरौरा में जामिन अली के घर से प्रा0वि0 तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.42 | 16900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 24 | खण्डपिपरा में चन्दु के घर से भट्ठा तालाब तक नाला निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.46 | 16900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 25 | बिजड़ी में राजितराम चौरसिया के दरवाजे से रामपाल चौरसिया के दरवाजे तक इण्टर लाकिंग व नाली निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.43 | 16800 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 26 | कैथी बरई में रमेश सिंह के घर से उपेन्द्र सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 7.24 | 14500 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 27 | हयात नगर में पुलिया इण्टरलाकिंग सड़क से माता फेर के घर से होते हुए प्रा0वि0 तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.45 | 16900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 28 | लोहटी सरैया तालाब से सडक तक तक नाली निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.40 | 16800 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 29 | लोहटी मथुरा के खेत से राम शंकर के खेत तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.44 | 16880 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 30 | फिरोजपुर पवारान माईनर से दशरथमऊ नाला तक खण्डंजा मरम्मत कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.45 | 16800 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 31 | ब्लाक सभागार में खिड़की दरवाजे एवं सौन्दर्यीकरण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.45 | 16900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 32 | मांगीचांदपुर में पक्की सड़क से रपटापुल तक खण्डंजा मरम्मत कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.42 | 16800 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 33 | बारी मे बारी बिडहार सम्पर्क मार्ग से हसन अली के घर के सामने से ताफीक के घर होते हुए इस्लाम के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.47 | 17000 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 34 | पूरे कुल्फी में अजय के घर से रामजीत के घर व माता जी के स्थान तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.46 | 16900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 35 | पूरे कुल्फी में हनुमान के घर से मछिया तालाब तक नाला निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.45 | 16900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 36 | करीमपुर किशुन (मायाराम) के खेत से मासा के घर के सामने तक नाला निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.46 | 16900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 37 | कैथी सल्लाहपुर में संदीप साहू की चक्की से राम करन पण्डित के तक इण्टर लाकिंग व नाली निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.46 | 16900 | 500 | 4 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |

1. उपरक्तानुसार क्रमांक 01 से 37 तक की परियोजनाओं का अलग-अलग निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग मान्य नहीं होगी।
3. बिना कारण बताऐ निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. कार्य गुणवत्तापूर्वक न होने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
5. भुगतान में नियमानुसार समस्त करो की कटौती की जायेगी।
6. निविदि फार्म पर समस्त उल्लेख स्पष्ट पठनीय होना चाहिए।
7. प्राक्कलन की धनराशि में जी0एस0टी0 सम्मिलित नहीं है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**रूदौली-अयोध्या।**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :

**ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2024-11, कार्य का नाम :** लखनऊ मंडल के गोरखपुर–गोंडा खंड में समपार संख्या-248/सी और आनंद नगर–गोंडा खंड में समपार संख्या-52/सी एवं 58/सी, पर एयर पुशिंग तकनीक द्वारा LHS निर्माण का कार्य। **अनुमानित लागत** : रु. 18,00,56,206.86, **अग्रिम धन** : रु. 10,50,300.00, **समापन अवधि** :12 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2024-11** तक के लिए ई-निविदा दिनांक 15.03.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धिपत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-552 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में यातायात व्यवस्था रही दुरुस्त

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** शहर के मध्य स्थित गिन्नौट बाग में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित किये गये वृहद आयोजन में उत्तर प्रदेश-मध्य प्रदेश के अलावा कई महानगरों व शहरों से आये लोगों की संख्या अधिक रही। वैवाहिक समारोह को लेकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने में यातायात प्रभारी उप निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी की भूमिका उल्लेखनीय रही। दरअसल, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को गिन्नौट बाग में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले के आलाधिकारी, जनप्रतिनिधियों के अलावा हजारों लोगों ने प्रतिभाग किया। आयोजन स्थल तक पहुंचने में लोगों को परेशानियां न हो, इसके लिए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात आर.के. मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में यातायात व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा गया। आयोजन स्थल के ठीक सामने जिला महिला अस्पताल भी स्थित है। इससे आयोजन स्थल और अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों को आवागमन में कोई परेशानी न हो इसके लिए खासी व्यवस्था की गई थीं। यातायात पुलिस द्वारा बैरिकेट्स लगाकर वाहनों को व्यवस्थित तरीके से निकाला गया। वहीं दूसरी ओर महिला अस्पताल आने वाले मरीजों को भी सुगमता से निकालने का प्रबंध किया गया था। वहीं पुलिस अधीक्षक आवास से आवागमन के लिए भी रास्ता बिना किसी रूकावट के सुदृढ़ रखा गया। इस दौरान वाहनों की जांच भी की गयी, ताकि किसी प्रकार की कोई अनहोनी घटना कारित न हो सके। साथ ही भारी वाहनों का प्रवेश भी समय-समय पर बंद रखा गया। इस दौरान यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी के साथ उनके हमराही मौके पर मौजूद रहे।

# कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, जनपद- अयोध्या

पत्रांकः- 574 /न0पं0भ0/रा0वि0आ02023-24/निविदा सूचना-5/2023 दिनांकः 23 फरवरी 2024

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग 2023-24 से कराये जाने वाले निम्नांकित निर्माण/मरम्मत कार्यो हेतु दिनांकः 06मार्च 2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आधिशासी अधिकारी के कक्ष में रखे सीलबंद निविदा बॉक्स में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 03:30 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों की उपस्थिति/अनुपस्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री न0पं0 भरतकुण्ड भदरसा कार्यालय में दिनांकः 04 मार्च 2024 तक सायं 4:00 बजे तक की जायेगी। उपरोक्त तिथियों में अवकाश की दशा में निविदा की बिक्री एवं प्राप्ति अगले कार्य दिवस में की जायेगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | आगणन की लागत | निविदा मूल्य | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 17 डॉ ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम में नऊवा कुऑ सम्पर्क मार्ग से शफीक के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सड़क तथा नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 771879.53 | 800.00 | 77188.00 | 30 दिवस |
| 2 | वार्ड सं0 16 में राम मंगल के मकान से कृष्ण प्रसाद के मकान होते हुए मंशाराम के मकान तक एवं मुशई के मकान से छेदीलाल के मकान से प्रयागराज मार्ग तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सड़क तथा नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 716865.55 | 750.00 | 71686.00 | 30 दिवस |
| 3 | वार्ड नं0 12/9 में रविन्द्र यादव के मकान से महेन्द्र यादव के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सड़क का कार्य। | 999837.74 | 1000.00 | 99984.00 | 30 दिवस |
| 4 | वार्ड नं0 9 अशफाकउल्ला खॉ वार्ड में जमीला के मकान से पीपल पेड़ तक दोनों तरफ नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 615575.32 | 650.00 | 61557.00 | 30 दिवस |
| 5 | मुराईटोला मोहल्ला में नदीम माली के घर से अफताब माली के घर तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 270030.00 | 300.00 | 27003.00 | 30 दिवस |
| 6 | वार्ड नं0 17 डॉ ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम में नईमा के मकान से हीरालाल के मकान होते हुए खलील के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सड़क तथा नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 998007.71 | 1000.00 | 99800.00 | 30 दिवस |
| 7 | वीर एकलव्य वार्ड नं0 16 में राम सुन्दर के चक्की से शत्रुहन के मकान होते हुए पुलिया तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सड़क तथा नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 996538.08 | 1000.00 | 99653.00 | 30 दिवस |

**मुख्य शर्तेः**-1. निविदा के साथ निर्धारित प्रारूप पर चरित्र प्रमाण-पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 पंजीयन की प्रति तथा नोटरी द्वारा सत्यापित 100/-रू0 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र व 100/-रू0 के स्टाम्प पेपर पर 1/-रू0 का रसीदी टिकट चस्पा कर संलग्न करना अनिवार्य है। 2. निविदा के साथ आगणन धनराशि का 10 प्रतिशत की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0, जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा के पदनाम से बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है। 3. कार्य संतोषजनक होने तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापन के उपरान्त तथा धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही भुगतान किया जायेगा। 4. बिना कारण बताये निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. अन्य शर्तो व प्राक्कलन सम्बन्धित जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में की सकती है।

**(इन्द्र प्रताप)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, अयोध्या**

**(मो. राशिद)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, अयोध्या**

# कार्यालय जिला पंचायत, देवरिया

**पुनः अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

समस्त जिला पंचायतों व राज्य सरकार के सिचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदार जो वर्ष 2023-24 के लिये पंजीकृत है, को सूचित यिका जाता है कि मा. अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति के क्रम में शासकीय अनुदान से परियोजनाओं की ई-निविदा आमंत्रित की गयी थी जिसे मा. अध्यक्ष महोदय की स्वीृति के क्रम में निरस्त करते हुए पुनः ई-निविदा दिनांक-23.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 05.03.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई- निविदा दिनांक 06.03.2024 को अपरान्ह 02:00 से समिति द्वारा खोला जायेगा। स्कैन कापी की मूल प्रतियां निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में जमा कराना होगा। निविदा सम्बन्धी अन्य शर्तों एवं अभिलेखों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अभियन्त्रण अनुभाग से की जा सकती है। ई-टेण्डरिंग के सम्बन्ध में शासन से यदि कोई निर्णय लिये जाते हैं तो ठेकेदार को मान्य होगा। शेष नियम व शर्त तथा परियोजनाओं का विवरण ई-टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

| S.No. | Tender Published Date and Time | Tender Sale Start Date and Time | Tender Sale End Date and Time | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 27-02-2024 12.00 PM | 27-02-2024 12.00 PM | 06-03-2024 01.00 PM | 06-03-2024 02.00 PM |

**(उज्जवल अम्बेश)**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, देवरिया**

**(गिरीश चन्द्र तिवारी)**
**अध्यक्ष**
**जिला पंचायत, देवरिया**

# जाम पर अंकुश लगाने के लिए यातायात प्रभारी ने लगवाने शुरू किये सीसी कैमरे

- सीओ यातायात कार्यालय में बनेगा कंट्रोल रूम, छह स्थान चिन्हित



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** आए दिन लगने वाले जाम पर अंकुश लगाने के लिए यातायात टीम ने जिले के कुल छह स्थान को चिन्हित कर वहां सीसी कैमरे लगवाने का काम शुरू कर दिया है। कंट्रोल रूम से हाईवे और उससे जुड़े प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर नजर रखी जाएगी।

जहां भी समस्या होगी कंट्रोल रूम के माध्यम से यातायात और संबंधित थाना पुलिस को सूचना दी जाएगी। जाम की समस्या से निजात के लिए हमीरपुर के साथ सुमेरपुर, मौदहा और राठ में चिह्नित किए गए हैं। यातायात प्रभारी निरीक्षक हरवेंद्र सिंह ने बताया कि जाम की समस्या को दूर करने के लिए उन स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां अधिक जाम लगता है, और यही सीसी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही यातायात टीम जाम वाले स्थान पर पहुंचेगी और जाम खुलवाने का काम करेगी। उन्होंने आगे बताया कि शुक्रवार से सीसी कैमरे लगने का काम शुरू कर दिया गया है। सबसे पहले हमीरपुर के बस स्टैंड स्थित कंचन लाज के पास कैमरे लगवाए गए हैं। यहां पर चार कैमरे लगवाए गए हैं जो सभी दिशाओं की ओर है। इसके अलावा अन्य चिह्नित स्थान में भी चार-चार कैमरे लगवाए जाएंगे। जाम खुलवाने के लिए यातायात विभाग की टीम के साथ संबंधित थाना पुलिस की भी जिम्मेदारी होगी। यातायात प्रभारी ने बताया कि हमीरपुर के रोडवेज बस स्टैंड,रानी लक्ष्मी बाई पार्क, राठ तिराहा के अलावा सुमेरपुर के पंधरी रोड,मौदहा के बड़ा चौराहा और राठ के अंबेडकर चौराहा में सीसी कैमरे लगाए जा रहे हैं।

इन सभी स्थानों पर चार-चार कैमरे लगेंगे जिससे शहर के यातायात पर नजर रखने की मदद मिलेगी। वहीं यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों के ऑनलाइन चालान भी किए जाएंगे।

# रामलीला में जनक बबलू और लक्ष्मण सुरेश ने किया श्रेष्ठ अभिनय



अवधानामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर की थोक सब्जी मंडी में शुक्रवार को एक दिवसीय रामलीला का आयोजन किया गया, जाने माने कलाकारो ने धनुष यज्ञ की लीला का मंचन करके दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया, जनक विलाप, लक्ष्मण परशुराम संवाद, राम विलाप आकर्षण के केन्द्र रहे।

राम का अभिनय सोनू त्रिपाठी, लक्ष्मण का अभिनय चर्चित कलाकार सुरेश बाबू त्रिपाठी पिपरौंदा ने किया और परशुराम का अभिनय कर रहे कुलदीप तिवारी से संवाद करके दर्शको की खूब वाहवाही बटोरी, जनक अभिनेता बबलू मिश्रा ने बेटी और बेटे में अंतर देखने वालो को गलत ठहराते हुए बेटी का महत्व बताया और बेटी को बराबर का महत्व देने का संदेश दिया बेटियों की पीड़ा पर विलाप करते हुए उन्होने दर्शको को अश्रु बहाने पर विवश कर दिया। व्यास की भूमिका शिवशंकर ने निभाई तबले पर संगत लज्जाराम ने की मंच का कुशल संचालन हरिओम अवस्थी ने किया। नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने राम लक्ष्मण की मनोहर झांकी की आरती उतारी और उपस्थित दर्शको से राम के आदर्शो पर चलने का आह्वान किया। आयोजक कल्लू गुप्ता मोहन मुनीम ने आयोजन को सफल बनाने पर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हमीरपुर विधान सभा संचालन समिति की हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय हमीरपुर में विधानसभा संचालन समिति की बैठक जिलाध्यक्ष सुनील पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी संजय द्विवेदी एवं विधानसभा प्रभारी अनूप तिवारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व जिम्मेदार प्रचार प्रमुख, प्रमुख मीडिया, प्रमुख सोशल मीडिया, प्रमुख युवा संपर्क, प्रमुख महिला संपर्क, प्रमुख अनुसूचित संपर्क प्रचार, प्रमुख इत्यादि लोगों को सभी दायित्वों की जिम्मेदारी दी गई। जिसमें आगामी होने वाले चुनाव पर कोई समस्या न हो। इन जिम्मेदारियों को विधानसभा से संयोजक जगदीश व्यास ने सभी को सौंपी। उपस्थित जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को विधानसभा प्रभारी अनूप तिवारी ने कहा युद्ध का बीड़ा बज चुका है और युद्ध में हम सब एक है। सभी मिलकर मोदी के हाथ मजबूत करें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक डिजिटल पार्टी है, जो भी कार्यकर्ता पार्टी का कार्य करें वह सरल है नमो ऐप में लोड करें तभी रिपोर्ट काम करने वालों में मानी जाएगी, इसलिए यह चुनाव जो की बूथ से लेकर विधानसभा तक मजबूत कार्य कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही हम लोकसभा चुनाव जीत पाएंगे। इस विधानसभा बैठक में नरवेंद्र सिंह, भार्गव मिश्रा, आदित्य अवस्थी, शिवनारायण सोनकर, अरविंद श्रीवास्तव, अरिमर्दन सिंह, सिद्धार्थ सिंह, आकाश त्रिपाठी, अंकित सिंह, रवि राज कुशवाहा, अजय तिवारी अनूप सिंह, अतुल सिंह, मोहन कुशवाहा व अरविंद शर्मा इत्यादि कई दर्जन जिम्मेदार कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झाड़ू लगवाने वाले प्रधानाध्यापक का रोका वेतन, मांगा स्पष्टीकरण

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** बिरहट गांव के कन्या प्राथमिक विद्यालय में बच्चों से झाड़ू लगवाने के मामले में बीएसए ने प्रधानाध्यापक का वेतन रोककर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही पढ़ाई के समय पर बच्चों से कार्य न कराए जाने की चेतावनी भी दी है। बीते गुरुवार को सरीला ब्लॉक के बिरहट गांव के कन्या प्राथमिक विद्यालय में बच्चों से झाड़ू लगवाने का वीडियो प्रचलित हुआ था। मामला प्रकाश में आने के बाद बीएसए आलोक सिंह ने मामले को संज्ञान में लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद वर्मा का तत्काल प्रभाव से वेतन रोकने के आदेश दिए हैं साथ ही खड़े होकर झाड़ू लगवाने के मामले में स्पष्टीकरण भी मांगा है। इसके अलावा प्रधानाध्यापक को शैक्षणिक समय से शिक्षा देने के अलावा अन्य कोई कार्य न करने की सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर इस प्रकार का मामला संज्ञान में आया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# राज्य मंत्री ने लाभार्थियों को पट्टा प्रमाण-पत्र का किये वितरण

अवधनामा ब्यूरो



- मंत्री ने वनाधिकार की जनपद स्तरीय समिति के सदस्यों के साथ की बैठक
- वनाधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दावें और आपत्तियों का ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी: मंत्री

**सोनभद्र।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग उ0प्र0 सरकार असीम अरूण ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में वनाधिकार अधिनियम के तहत पट्टा प्रमाण-पत्रों का वितरण तथा जनपद स्तरीय वनाधिकार समिति के साथ बैठक की, बैठक में राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गोंड़, सांसद पकौड़ी लाल, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, सेवाकुंज आश्रम के आनन्द,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत उपस्थित रहीं। दौरान मंत्री ने जनपद में वनाधिकार अधिनियम से सम्बन्धित प्राप्त दावे और आपत्तियों के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिकारियों से बिन्दुवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वनाधिकार अधिनियम से सम्बन्धित दावे और आपत्तियों के निस्तारण के सम्बन्ध में देश के प्रधानमंत्री, राज्यपाल महोदय, मुख्यमंत्री द्वारा नियमित रूप से समीक्षा की जाती है, वनाधिकार से सम्बन्धित जो भी दावे और आपत्तियां हैं, उसका निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये, जिन भी अधिकारियों को जो भी जिम्मेदारी दी गयी है, वह उसका निस्तारण निर्धारित समय अवधि में सुनिश्चित करें और आपत्तियों के निस्तारण के सम्बन्ध में स्थलों पर जाकर परीक्षण करें, जिससे कि निस्तारण में कोई त्रुटि न होने पायें, जनपद सोनभद्र में वनाधिकार अधिनियम के पट्टा के कार्य क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया गया है, लेकिन इससे सम्बन्धित अब भी जो दावे, आपत्तियां हैं, उसका निस्तारण कर लिया जाये।

इस दौरान मंत्री ने वनाधिकार अधिनियम के पात्र लाभार्थियों को पट्टा प्रमाण-पत्र का वितरण किये, इस मौके पर मंत्री ने निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना के सात लाभार्थियों को दो-दो लाख रूपये के स्वीकृत चेक का वितरण भी किये। इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, डीपीआरओ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय सिंह, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुशवाहा सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# दुकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

अवधनामा संवाददाता

- पुलिस अधीक्षक आवास के समीप हुई चोरी की घटना
- गुल्लक में रखी नगदी समेत अन्य सामान हुआ

**बांदा।** पुलिस कप्तान आवास से कुछ दूरी पर स्थित एक दुकान में चोरों ने हाथ साफ कर दिया। शुक्रवार की रात हुई इस चोरी के मामले की जानकारी किसी को नहीं हो सकी। शनिवार की सुबह जब दुकानदार मौके पर पहुंचा तो हालात देखकर दंग रह गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

सिविल लाइन इलाके में रहने वाला अतुल पुत्र बसंतलाल एसपी आवास के पास दुकान खोले हुए है। रोज की तरह शुक्रवार की रात वह दुकान बंदकर घर चला गया। रात को चोरों ने दुकान का ताला तोड़ा और उसमें रखी नगदी समेत तकरीबन 30 हजार रुपए का सामान चोरी कर भाग निकले। शनिवार सुबह दुकान खोलने आए अतुल ने देखा अवाक रह गया। दुकान का सामान और नगदी गायब थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। इलाकाई लोगों का कहना है कि मुकामी पुलिस गश्त नहीं कर रही है। इसकी वजह से चोरों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। आए दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

# जन चौपाल लगाकर लोगों की सुनी समस्याएं

अवधनामा संवाददाता



- केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जन-जन को किया जाये लाभान्वित: असीम अरुण

**चोपन/सोनभद्र।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण उ0प्र0 शासन असीम अरूण व राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौंड ने शनिवार को विकास खण्ड चोपन के ग्राम पंचायत जुगैल में जन चैपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुने, इस दौरान ग्रामीणों ने मंत्री के समक्ष मोबाइल नेटवर्क की समस्या को रखा, जिस पर मंत्री ने कहा कि मोबाइल नेटवर्क की समस्या के निस्तारण हेतु शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी। इस दौरान उन्होंने जन चैपाल को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही लाभार्थीपरक योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं ग्राम पंचायतों में योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक करते हुए विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाये, इस दौरान जन चैपाल में विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं विभागीय योजनाओं से ग्राम पंचायतों को संतृप्त किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये, आगे उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से ग्रामीणांचल में निवास करने वाले व्यक्तियों का चैमुखी विकास हो रहा है, देश व प्रदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में विकास के पथ पर निरन्तर अग्रसर हो रहा है।

इस मौके पर राज्यमंत्री समाज कल्याण संजीव कुमार गोंड़, जिला पंचायत सदस्य जुगैल प्रतिनिधि ,संजीव तिवारी, उप जिलाधिकारी ओबरा प्यारे लाल मौर्या, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह,जिला पंचायत सदस्य चुर्क मोहन कुशवाहा, ग्राम प्रधान जुगैल श्रीमती सुनीता यादव, सी0ओ0 ओबरा चारू द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, डी0सी0 मनरेगा रमेश यादव, खंड विकास अधिकारी शुभम बरनवाल, विशाल पांडेय, विकास चौबे, राजेश अग्रहरी, ग्राम पंचायत सचिव दीपक पाण्डेय, दिनेश यादव , घनश्याम चौधरी, विकास सिंह छोटकू सहित अन्य लोग बाग उपस्थित रहें।

## चबूतरे से गिरकर वृद्ध की मौत

**मौदहा हमीरपुर।** घर के बाहर चबूतरे में बैठा वृद्ध चबूतरे से गिरकर घायल हो गया जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर डाक्टरों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। कस्बे के मोहल्ला मीरातालाब निवासी कालीचरण (85) पुत्र पूरन शनिवार दोपहर धूप लेने के लिए अपने चबूतरे पर बैठा हुआ था तभी अचानक चबूतरे से नीचे सीसी रोड में गिरकर घायल हो गया जिसे उसके पुत्र बबलू और मोहल्ले वालों के सहयोग से इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया।मृतक के पुत्र बबलू की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया है।इस सम्बंध में मृतक के पुत्र बबलू ने पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम नहीं कराने की मांग की थी।

# जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से चयनित एक एक निपुण विद्यालय को मिला प्रमाण पत्र

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में दिव्यांग बच्चो के कायाकल्पित आवासीय भवन के लोकार्पण व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निरीक्षण एवं छात्राओ से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असीम अरुण राज्यमंत्री समाज कल्याण सहित माननीय सांसद पकौड़ी लाल, संजीव गोंड (समाज कल्याण मंत्री), जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री एवं उपस्थित अथितियो द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन एवं माल्यार्पण से किया गया । इस आयोजन में अतिथियों द्वारा कायाकल्पित आवासीय भवन का लोकार्पण कार्य भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय की बच्चियों द्वारा सुंदर स्वागत गीत ,English Poem व राम आएंगे.....के बोल पर स्वागत नृत्य की प्रस्तुति की गई। इस मौके पर अपर जिला सूचना अधिकारी विनय सिंह ,समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव , डीपीआरओ , उप शिक्षा निदेशक/ डायट प्राचार्य प्रकाश सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ,ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ,SDM रॉबर्ट्सगंज निखिल कुमार ADO पंचायत सहित शिक्षा विभाग के SRG ARP'S व कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन प्रभारी वंदना देवी,पूर्ण कालिक शिक्षिका प्रियंका सिंह , बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक शिक्षिकाओं, मीडिया व पत्रकार बंधुओ सहित सैकड़ो छात्राओं ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का सफल सुंदर संचालन शिक्षक आनंद त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# संत रविदास के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प

- कांग्रेस कार्यालय में संत के चित्र पर किया गया माल्यार्पण
- कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने पर किया गया स्वागत




अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** महान संत रविदास की 647वीं जयंती पर जिला कांग्रेस कार्यालय में उन्हें नमन करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। कांग्रेसियों ने उनके बताए मार्ग पर चलने और उनके जीवन दर्शन को आत्मसाथ करने का संकल्प लिया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि सारी दुनिया को सदाचरण सद्भावना और ईश्वरीय सत्ता का रास्ता दिखाने वाले महान संत हमारे देश के जन-जन के आस्था के प्रतीक हैं। जब मन चंगा तो कठौती में गंगा, कहकर देश में एक नयी सोच दी थी। संत रविदास जैसे महान संतो ने हमारे देश की गरिमा बढ़ाई है। हम ऐसे संतो की वजह से सारी दुनिया मे अपनी पहचान बनाये हैं। अपने को धन्य मानते हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे, बी. लाल, केशव पाल, सीमा खान, अफसाना, राजबहादुर गुप्ता, अशोक वर्धन, केपी सेन, हरिशंकर कबीर, असरफुल्ला रंपा, रफत खान गोगा, जितेंद्र गौरव, सोनू मिश्रा, रेखा वर्मा, पवन देवी कोरी, नत्थू सेन आदि लोग मौजूद रहे। इधर, संत रविदास जयंती के मौके पर हरीशंकर कबीर ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेसियों ने हरीशंकर का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# अबकी बार 400 के पार का नारा होगा साकार: दयाशंकर मिश्रा

अवधनामा ब्यूरो

- हर बूथ पर प्रचंड जीत का लहराएं परचम
- लोकसभा के सभी सीटों पर खिलेगा कमल: दयालू



**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज क्षेत्र 80 के चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन- शनिवार को लोकसभा चुनाव कार्यालय खोलकर बीजेपी ने चुनावी बिगुल बजा दिया है। वैदिक मंत्रोच्चार तथा हवन-पूजन के साथ सोनभद्र के राबर्ट्सगंज नगर के शुभ मैरेज हॉल के प्रांगण में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन लोकसभा कलस्टर प्रभारी उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु ने फीता काटकर किया। आयोजित कार्यक्रम में दयाशंकर मिश्रा दयालु ने कहा कि लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो गया है। पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ पर प्रचंड जीत का परचम लहराने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं। उन्होंने कहा यह चुनाव कार्यालय अब सभी चुनावी गतिविधियों का केंद्र होगा। अबकी बार 400 के पार के नारे को साकार रूप देना है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ा है। जिससे लोकसभा के सभी सीटो पर भाजपा जीतेगी और कमल खिलेगा।

उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने कहा कि भाजपा का चुनाव कार्यालय के उद्घाटन से 2024 के लोकसभा चुनाव का आगाज हो गया है। हम सभी कार्यकर्ताओं का काम अब अधिक हो गया हैं, हमारा प्रत्याशी चाहे जो भी पर हमारा चुनाव चिन्ह कमल का फुल है हम सभी कार्यकर्ताओं के बल पर 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर प्रचण्ड विजय होगी। लोकसभा प्रभारी रामप्रकाश दूबे व जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र दिया। मोदी की गारंटी पर जनता मुहर लगाएगी। इस बार फिर ऐतिहासिक मतों से कमल खिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने आये हुए मुख्यअतिथि का अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए लोकसभा क्षेत्र से आये हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन लोकसभा संयोजक पूर्व जिला पंचायत अमरेश पटेल ने किया। कार्यक्रम मे मुख्यरुप से सदर विधायक भूपेश चौबे, चकिया विधायक कैलास खरवार, रमेश मिश्रा, अनुसूचित मोर्चा क्षेत्र अध्यक्ष अजीत रावत, गौरव श्रीवास्तव चेयरमैन चकिया नगर, पूर्व जिलाध्यक्ष तिरथराज, अशोक मिश्रा, धर्मवीर तिवारी, अजीत चौबे, पूर्व संसाद छोटेलाल खरवार, नरेन्द्र कुशवाहा, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, अमरनाथ पटेल, कृष्णमुरारी गुप्ता, जीत सिंह खरवार, जिला उपाध्यक्ष रमेश पटेल, रंजना सिंह, संतोष शुक्ला, विनोद पटेल, कैलास बैसवार, अनूप तिवारी, लोकसभा विस्तारक सागरमणी, सोना बच्चा अग्रहरी, शारदा खरवार, सुषमा सिंह गोंड, रामविचार गोंड, सत्येन्द्र आर्या, अवधेश पटेल, विशाल पाण्डेय, पुष्पा सिंह, अमरेश चेरो, सरजू वैसवार उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क निदान कैंप का आयोजन 200 मरीज का हुआ इलाज

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** आधुनिक जीवन की भाग दौड़, बढ़ती उम्र, खान पान की कमी के कारण आज लोगों में घुटनों एवं जोड़ो को का दर्द आम बात है इस रोग को मददे नजर रखते हुए जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के रामलीला मैदान के हाल में आई वी शाह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेल्वी हॉस्पिटल अहमदाबाद एवं अग्रसेन परिवार सोनभद्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित घुटनों एवं जोड़ों के दर्द के लिए आयोजित निशुल्क निदान कैंप मे विश्व प्रसिद्ध आर्थोपेडिक चिकित्सक डॉ विक्रम शाह, डॉक्टर वीरल गोडलिया, अमृत सिंह, डॉ रंजन पटेरिया (जोड़ रोग विशेषज्ञ) द्वारा 200 मरीज को निशुल्क परामर्श, दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम के आयोजक अग्रसेन परिवार सोनभद्र के सतपाल जैन, धर्मराज जैन, पवन जैन, रामनिवास अग्रवाल संजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल अमित जैन, अमित जैन, हर्ष अग्रवाल, पुनीत जैन, रामेश्वर जैन शाहिद अग्रसेन परिवार के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मामूली विवाद पर चले लाठी-डंडे, मां-बेटे समेत पांच जख्मी

अवधनामा संवाददाता

- पुलिस को दी गई सूचना, घायलों का जिला अस्पताल में हुआ उपचार

**बांदा।** चश्मा मांगने के मामूली विवाद पर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इस मारपीट की घटना में मां-बेटे समेत पांच लोग जख्मी हो गए। पड़ोसियों ने किसी तरह से बीचबचाव करते हुए मामले को शांत कराया। मालमे की सूचना पुलिस को देने के बाद घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। नगर कोतवाली क्षेत्र के किलेदार पुरवा निवासी लेखपाल (33) पुत्र मोहन से पड़ोसी युवक संतोष ने चश्मा ले लिया था। शुक्रवार शाम लेखपाल ने संतोष से अपना चश्मा मांगा। इसी बात को लेकर दोनो के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनो के बीच मारपीट हो गई। कुछ देर के बाद संतोष के पक्ष से कई लोग लाठी डंडा लेकर मौके पर पहुंच गए और लेखपाल को पीटना शुरू कर दिया। बेटे का पिटता देखकर मां मां विमला (56), बहन नीतू (19), चचेरा भाई संतोष (32), चाचा भाऊ (33) ने बीचबचाव किया तो उन्हें भी मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। शोरशराबा सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियो ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया।

# धूमधाम से मनाई संत रविदास जयंती

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बा मौदहा में रविदास जयंती की धूम रही इस दौरान एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो कस्बे के मुख्य मार्गो से होती हुई अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची जबकि देररात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला भी चलता रहा। बुण्देलखण्ड का प्रसिद्ध दिवारी नृत्य लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। कस्बे के रहमानिया कालेज के निकट स्थित अम्बेडकर पार्क से संत रविदास जयंती के अवसर पर एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें महापुरुषों और समाज सुधारकों की तस्वीरों और झाकियों ने लोगों का मनमोह लिया जबकि शोभायात्रा के आगे बुण्देलखण्ड का प्रसिद्ध दिवारी नृत्य का प्रदर्शन लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा और लोगों ने दिवारी नृत्य का जमकर आनंद लिया।

कस्बे के उपरौस की आदर्श संत रविदास समाज सुधार कमेटी की ओर से निकाली गई शोभायात्रा की अगुवाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी और नगरपालिका अध्यक्ष ने की। शोभायात्रा कस्बे की मुख्य सड़कों से होती हुई फत्तेपुर और स्टेशन रोड स्थित अम्बेडकर पार्को से होकर पुनः अपने गंतव्य स्थान पर सम्पन्न हुई। इस दौरान डीजे की धुनों पर थिरकते युवाओं में खासा उत्साह देखा गया तथा शोभायात्रा के दौरान जगह जगह पर लोगों ने लंगर का आयोजन किया था हालांकि अम्बेडकर वादियों सहित अन्य समुदाय के लोगों ने अम्बेडकर पार्को पहुंच कर बाबा साहब की प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।और संत रविदास सहित अन्य महापुरुषों द्वारा किए गए समाज सुधारों पर व्याख्यान भी आयोजित किए गए।

# एंटी डेमो गाड़ी कार से टकराई, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

**सभी घायलों को सिविल हॉस्पिटल भेजा गया**

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फ्लीट में चल रही एंटी डेमो गाड़ी एक कार से जा टकराई। दोनों गाड़ियों की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि, हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सिविल हॉस्पिटल भेजा गया। ये हादसा राजधानी लखनऊ के अर्जुनगंज में हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही सभी आला अधिकारी सिविल अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचने वालों में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद भी हैं। दुर्घटना का कारण रास्ते में कुत्ता आ जाना बताया जा रहा हैहादसे में करीब एक दर्जन लोग घायल हुए हैं।

दुर्घटना की खबर मिलते ही राजधानी के कई आलाधिकारी सिविल अस्पताल। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद भी सिविल अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों से घायलों का हाल जाना। संजय प्रसाद ने खुद मोर्चा संभाला। जिन मरीज़ों की हालत ज़्यादा ख़राब है, उन्हें ट्रामा सेंटर भेजा गया है। सूचना मिलये ही लखनऊ डीएम सूर्य पाल गंगवार भी सिविल अस्पताल पहुंचे। सीपी लखनऊ भी अस्पताल पहुंचे हैं। केजी एम यू और सिविल अस्पताल में घायलों के उपचार में डॉक्टरों की टीम लगी है ।

# विभूतिखण्ड में एलडीए ने की कार्रवाई

**सीजी सिटी में हटाया अवैध अतिक्रमण**

**अवधनामा ब्यूरो**




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शनिवार को प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने गोमती नगर के विभूतिखण्ड में कार्रवाई की। इस दौरान स्वीकृत मानचित्र के उलट बनाई जा रही व्यवसायिक इमारत को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि अर्चना वर्मा व अन्य की ओर से विभूतिखण्ड में भूखण्ड संख्या बी-78 पर लगभग 2500 वर्गफिट क्षेत्रफल में प्राधिकरण से स्वीकृत व्यवसायिक मानचित्र के उलट सेटबैक को कवर्ड करते हुए निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय के सीलिंग के आदेश पर शनिवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सत्यवीर सिंह व सुरेन्द्र द्विवेदी ने निर्माणाधीन इमारत को सील कराया। सीजी सिटी में हटाया अवैध अतिक्रमण प्राधिकरण ने शनिवार को सीजी सिटी योजना में अभियान चला कर सुल्तानपुर रोड किनारे किये गये अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करा सर्विस लेन खाली करायी। अवर अभियंता आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि सीजी सिटी में एच.सी.एल. गेट नम्बर-1 के पास कुछ लोगों ने सड़क किनारे अवैध रूप से अस्थायी निर्माण कर दुकानें खोल ली थीं। इससे क्षेत्र में गंदगी के साथ ही यातायात प्रभावित हो रहा था। लविप्रा टीम ने मौके पर अभियान चला कर टीनशेड व झुग्गी रख संचालित की जा रही दुकानों को ध्वस्त करा सर्विस लेन खाली कराई। कार्रवाई के दौरान 28 अस्थायी निर्माणों को ध्वस्त किया गया। साथ ही एचसीएल प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि मुख्य मार्ग व सर्विस लेन के बीच खाली कराए स्थान की फेंसिंग करा पौधारोपण व सौंदर्यीकरण कराएं।

## अब तक 81 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,(गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है। और इन ग्राम चौपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं तथा बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा: कांग्रेस ने की अभ्यर्थियों के परिवारों को मुआवजा देने की मांग

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** कांग्रेस ने पुलिस भर्ती परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है। पार्टी प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ और मुख्यमंत्री मंचों से भाषणों में नकल रोकने की बात करते रहे। प्रदेश के 50 लाख परिवारों ने अपने पेट काट अपने बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराई, कोचिंग कराई और नौजवान सुबह 4 बजे उठ दौड़ रहे थे कि उन्हें नौकरी मिलेगी। लेकिन भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार ने नौकरी देने के बजाए प्रदेश में नकल माफियाओं के राज को संरक्षण और बढ़ावा दिया। इसीलिए प्रदेश में अधिकांश भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। श्री अवस्थी ने कहा कि भाजपा सरकार ने 2017 में प्रदेश के नौजवानों को 70 लाख नौकरियां देने और सरकार बनने के 100 दिन के भीतर खाली पदों पर विज्ञप्तियां जारी कराने का वादा किया था। सरकार बनते ही आलम यह हो गया कि अधिकांश नौकरियों के पेपर लीक हुए। यहां तक कि अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड अध्यक्ष को इस्तीफा तक देना पड़ा। 2017 में भाजपा सरकार बनते ही नकल माफिया हावी हो गये और पेपर लीक अभियान शुरू हो गया। श्री अवस्थी ने 23 अगस्त 2017 को सब इंस्पेक्टर पेपर लीक से अब तक हुए पेपर लीक का जिक्र करते हुए कहा कि एनडीए, एसएससी, यूपीटीईटी पेपर लीक के साथ ही लाखों नौजवानों के भविष्य की बर्बादी का गोरखपुर कनेक्शन भी सामने आया। उन्होंने कहा कि सरकार का वादा था 70 लाख रोजगार देकर नम्बर-एक बनाने का लेकिन बना दिया पेपर लीक कराने में प्रदेश को नम्बर एक। श्री अवस्थी ने कहा कि भर्ती परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों और उनके परिवारों ने अच्छा-खासा पैसा भर्ती परीक्षा में लगाया। लेकिन सरकार अपने वादे पर खरा नहीं उतर सकी और परीक्षा तक सकुशल नहीं करा सकी। इसलिए पार्टी मांग करती है कि पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल नौजवानों और उनके परिवारों को मुआवजा दे। श्री अवस्थी ने कहा कि प्रदेश के नौजवान काफी आक्रोशित और दुखी हैं। सरकार अपना बजट बढ़ाती है, लेकिन मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगाड़ देती है। सरकार इस भर्ती परीक्षा में शामिल नौजवानों के परिवारों को मुआवजा दे।

# कब्रों को सजाया जाएगा, करेंगे मगफिरत की दुआ

**रात बारह बजे मेहदीघाट पर होगी बजरे की ज़ियारत**

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** शबेबरात के मौके पर कब्रिस्तानो में कब्रों की साफ सफाई रंग रोगन का लगभग पूरा हो गया ।कब्रिस्तानों में चहल पहल बढ़ गई है। आज के दिन और रात में लोग अपने बुजुर्ग व मरहूम हो चुके मां बाप भाई बहन रिश्तेदार की कब्रों पर तिलावत कर उनके मगफिरत की दुआएं की जाएगी।

कब्रों पर रंग रोगन के साथ बिजली की झालरों से सजाया जाने लगा है लोग कब्रों पर फूलों की चादर डाल कर अपने मरहूम के मगफिरत की दुआ करेंगे। रात बारह बजते ही मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में शियों के आखरी इमाम के जन्म की खुशी में आतिश बाजी दीवाली की याद दिला देगी यही नहीं गोमती नदी के मेहदीघाट पर बजरा सजा कर उस पर हलवा व मिठाइयों पर नज़र भी कराई जाएगी। इस सम्बन्ध में इमामे ज़माना कमेटी के अध्यक्ष जॉन बहादुर ने बताया की हमेशा की तरह इस बार भी 12 बजे रात को बजरे पर नज़र के बाद महफिल का दौर चलेगा। सुबह चार बजे तक अब्बास घाट दरियावाली मस्जिद पर बजरा रुका रहेगा। घाट पर ही मोमिन जियारत करेगें।

# डॉ. राजेश्वर ने 1,219 छात्राओं को बांटे टैबलेट व स्मार्टफोन

**बेटियों की डिजिटल साक्षरता पर दिया जोर: डॉ. राजेश्वर सिंह**

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं, तो केवल एक व्यक्ति ही शिक्षित होता है परंतु आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो पूरी एक पीढ़ी शिक्षित होती हैं। बेटियों के भीतर योग्यता, सामर्थ्य व क्षमता की कोई कमी नहीं है, महिलाएं दुनिया में कुछ भी हासिल कर सकती हैं, उन्हें आवश्यता है तो बस प्रोत्साहन के साथ-साथ आधुनिक व गुणवत्तापरक शिक्षा की, वे अपने दम पर ऊंची से ऊंची उड़ान भर सकती हैं। एक मजबूत, स्वतंत्र और शिक्षित महिला से बड़ा स्थिरता का कोई स्तंभ नहीं है। ये प्रेरणास्पद वक्तव्य हैं सरोजनीनगर के शिक्षित और विजनरी विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के, जो उन्होंने फैजाबाद रोड स्थित इसाबेला थोबर्न कॉलेज में आयोजित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट / स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राओं से कहे। बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कॉलेज के विभिन्न शिक्षण कार्यक्रमों में नामांकित 1219 छात्रों को स्मार्टफोन प्रदान किए साथ ही उनसे संवाद कर मार्गदर्शन भी किया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने महिलाओं की सकारात्मक प्रगति का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 1980 में पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों में बेटियों का अनुपात 17-18 प्रतिशत था जो वर्ष 2023 में बढ़कर 34 प्रतिशत हो गया है। अब सभी सिविल सेवा परीक्षाओं में टॉप 10 में 3-5 लड़कियों की हिस्सेदारी रहती है। बेटियों की रोजगार के क्षेत्र की हिस्सेदारी 1977-78 में 35.7 फीसदी से बढ़कर वर्तमान में 60.7 प्रतिशत हो गई है। वैश्विक स्तर पर लगभग 60 प्रतिशत तथा भारत में 51 फीसदी महिलाएं शिक्षक हैं।

# मुख्यमंत्री आज 1800 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र वितरित करेंगे



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी कल 25 फरवरी, 2024 को यहां निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया द्वारा विभिन्न पदों के लिए चयनित लगभग 1800 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र वितरित करेंगे। इन अभ्यर्थियों का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग एवं विद्युत चयन आयोग द्वारा किया गया है।

यह जानकारी आज देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इसके अन्तर्गत गृह विभाग में सहायक अभियोजन अधिकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में दन्त चिकित्सक, आयुष विभाग में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी, उत्तर प्रदेश सचिवालय में समीक्षा अधिकारी हिन्दी/ उर्दू, सिंचाई विभाग में अवर अभियन्ता, राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय में निरीक्षक, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद में अवर अभियन्ता तथा उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड में टेक्नीशियन के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# गजवा-ए-हिन्द पर उलमा को देना चाहिए स्पष्टीकरण: मौलाना कल्बे जवाद

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** गजवा-ए-हिन्द की बहस और इस संबंध में दारुल उलूम देवबंद के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पर मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने कहा कि उलमा को इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी गुमराह न हो। मौलाना ने चौक मण्डी स्थित इमामबाड़ा गुफरानमआब में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत एक बड़ी ताकत है। किस देश में हिम्मत है कि भारत की तरफ आंख उठा कर देख सके। जो अरब देश फिलीस्तीन में अरबों के कत्लेआम पर खामोश हैं वे हिन्दुस्तान पर हमले के बारे में सोच भी नहीं सकते। मौलाना ने कहा कि जब किसी बादशाह ने हिन्दुस्तान पर हमला किया तो उस वक्त भी उस हमले को गजवा-ए-हिन्द कहा जाता था। यहां तक कि मोहम्मद बिन कासिम के हमले को भी गजवा-ए-हिन्द कहा जाता है। गजवा-ए-हिन्द के बारे में अलग-अलग विचार हैं, कुछ लोग कहते हैं कि गजवा-ए-हिन्द हो चुका है और कुछ कहते हैं कि जब हजरत ईसा आएंगे तब गजवा-ए-हिन्द होगा। रसूले अकरम की हदीस का जिक्र करते हुए मौलाना ने कहा कि यह हदीस वर्तमान समय के बारे में नहीं है, बल्कि उस वक्त के लिए है जब हजरत इमाम मेहदी और हजरत ईसा आएंगे। ऐसे में यह कैसे कहा जा सकता है कि गजवा-ए-हिन्द वर्तमान के लिए है। उलमा इस पर स्पष्टीकरण दें ताकि युवा पीढ़ी गुमराह न हो।

## 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेंस' का आयोजन

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेंस' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती किरन बाला चौधरी, कमिश्नर, सूचना का अधिकार अधिनियम, ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्रीमती चौधरी ने आहवान किया कि शिक्षक व अभिभावक दोनों मिलकर भावी पीढ़ी का चारित्रिक विकास करें, तभी अच्छा समाज बनेगा। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति 'उदार चरितानाम, वसुधैव कुटुम्बकम' की है और इन्हीं विचारों के अनुरूप हमें अपने बच्चों को विकास करना चाहिए।

# डेवलपमेन्ट थ्रू माईक्रोएरिगेशन पर तकनीकी कार्यशाल

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** विश्व बैंक के सहयोग से ग्रेटर शारदा सहायक समादेश द्वारा दिनांक 24.02.2024 दिन शनिवार को एक तकनीकी कार्यशाला ''कमाण्ड एरिया डेवलपमेन्ट थ्रू माईक्रोएरिगेशन'' पर होटल ताज गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित की गयी, जिसमें अनुज कॅवल, आयुक्त काडम भारत सरकार नई दिल्ली, विश्व बैंक डब्ल्यू0आर0जी0 के कन्ट्री कोआर्डिनेटर अजीत राधाकृष्नन, ग्रेटर शारदा सहायक समादेश के विशेष सचिव/अध्यक्ष एवं प्रशासक डॉ0 हीरा लाल, अपर आयुक्त राजीव यादव तथा विभिन्न प्रदेशों से आये हुये प्रतिनिधियों, प्रदेश के सिंचाई, कृषि, उद्यान के अधिकारियों एवं स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों तथा पद्मसम्मानित विभूतियों द्वारा भाग लिया गया। कार्यशाला की शुरूआत डॉ0 योगेश बन्धु, वर्ल्ड बैंक द्वारा अतिथियों के स्वागत से की गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये ग्रेटर शारदा सहायक समादेश के अपर आयुक्त राजीव यादव द्वारा माईक्रोएरिगेशन के माध्यम से की जाने वाली सिंचाई के लाभ और उसकी चुनौतियों के विषय में जानकारी देते हुये जल संरक्षण के महत्व को विस्तारपूर्वक बताया गया।

## कांग्रेस मुख्यालय पर मनाई गई संत रविदास की जयंती

**लखनऊ।** महान समाज सुधारक संत रविदास की जयंती शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। कांग्रेस मुख्यालय में संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया और समाज सुधार के कामों से सीख लेने की बात कही। कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि महान संत रविदास का पूरा जीवन शिक्षा से भरा है। वाराणसी के पास एक गांव में जन्मे संत रविदास बेहद धार्मिक स्वभाव के थे। वे भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे। संत रविदास ने लोगों को बिना भेदभाव आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी और इसी तरह भक्ति मार्ग पर चलते हुए संत रविदास कहलाए। श्री अवस्थी ने कहा कि संत रविदास के विचार आज भी जीवंत हैं। कर्मयोगी संत रविदास की प्रसिद्ध सूक्ति, मन चंगा तो कठौती में गंगा, आज भी हमें एक सत्य पथ पर कर्म पथ पर चलने की प्रेरणा देती है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, प्रवक्ता सचिन रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय बहादुर, प्रो. आर.बी. वर्मा, रामबरन गौतम आदि ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

## मिनिस्ती एस ने किया लंका कांड का अवधी से अंग्रेजी में अनुवाद



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** उत्तरप्रदेश जीएसटी आयुक्त मिनिस्ती एस ने युवा पीढ़ी में संस्कार के बीज को रोपित करने के उद्देश्य से रामचरित मानस के लंका कांड का अंग्रेजी अनुवाद एवं चौपाइयों की व्याख्या बहुत ही सरलता व सुगमता के साथ करते हुए इसके संकलन को आकर्षक रंगीन चित्रों के साथ पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया है। पुस्तक में मानस की अवधी व बुंदेलखंडी भाषा में लिखी चौपाइयों का अनुवाद किया गया है,मिनिस्ती एस मूल रूप से केरल प्रदेश की रहने वाली मलयालम भाषी हैं। इन्होंने रामचरित मानस में अवधी भाषा में लिखी चौपाई का अंग्रेजी भाषा में न केवल अनुवाद किया, बल्कि चौपाई का अर्थ अंग्रेजी भाषा मे लिखा है, जिससे आज के युवा व बच्चे इसे सरलता से समझ सकें और उनकी रुचि भी बढ़े। मिनिस्ती एस ने बताया कि इससे पूर्व वर्ष 2017 में जब वे डीएम गाजियाबाद थी, उस समय मानस के सुंदर कांड का अंग्रेजी अनुवाद किया। वर्ष 2019 में किष्किंधाा कांड का अंग्रेजी अनुवाद व व्याख्या की। वर्ष 2022 में आरण्य कांड, 2024 में लंका कांड का अनुवाद किया है और अब वे बालकांड पर काम कर रही हैं।उन्होंने अवधी श्लोक को समझने के लिए केरल साहित्य अकादमी में जाकर गहन अध्ययन किया। इनका मानना है कि मानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नही है बल्कि मर्यादित जीवन जीने की पाठशाला है। मिनिस्ती एस की चार पुस्तकों का संकलन ऑनलाइन उपलब्ध है।

